# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 16 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-209 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### भारत ने अफगानिस्तान से जीती टी-20 सीरीज

**नई दिल्ली।** भारत ने दूसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 7 विकेट से



हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में भारत ने 31 बॉल रहते 3 विकेट पर 163 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत के लिए संजू सैमसन ने 22 गेंदों पर 57 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 4 छक्के लगाए। अभिषेक शर्मा ने 19 गेंदों पर 39 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।

### बिहटा में श्राद्ध भोजन खाने से 4 दर्जन बच्चे बीमार

**बिहटा (पटना)।** बिहटा प्रखंड के कंचनपुर गांव में श्राद्ध भोज के बाद अचानक बड़ी संख्या में लोगों के बीमार पड़ने से अफरातफरी मच गई। सोमवार को आयोजित बरखी श्राद्ध का भोज खाने के करीब 10 घंटे बाद मंगलवार शाम लोगों को बुखार, पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हुई। देखते ही देखते चार दर्जन से अधिक लोग आक्रांत हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, बीमार पड़े सभी लोगों ने एक ही स्थान पर आयोजित श्राद्ध भोज में भोजन किया था। हालत बिगड़ने के बाद कई लोगों को बिहटा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया।

### हाईकोर्ट ने नालंदा डीएम को सीसीए के दुरुपयोग पर लगाई फटकार

**पटना।** हाई कोर्ट ने बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम का दुरुपयोग करने और बिना सही जांच-पड़ताल के नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने के मामले में नालंदा जिला प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद और न्यायाधीश सुनील दत्ता मिश्रा की खंडपीठ ने नालंदा के जिलाधिकारी द्वारा पारित सीसीए (बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम) के आदेश को रद करते हुए राज्य सरकार को दोनों याचियों को 1-1 लाख रुपये मुआवजा और 10 हजार रुपये मुकदमा खर्च देने का आदेश दिया है।

### राजपाल यादव एक्टिंग में माहिर, भरोसा करना मुश्किल : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में 2 करोड़ रुपए जमा करने के लिए आखिरी बार 2 हफ्ते का समय दिया है। यह रकम सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करनी होगी। यह मामला वित्तीय विवाद से जुड़ा है। कोर्ट ने अभिनेता को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने उनके पुराने रवैये को देखते हुए भरोसा जताने में भी संदेह जाहिर किया। CJI सूर्यकांत ने कहा, 'उनके पुराने रवैये को देखते हुए।

### केदारनाथ यात्रा फिर शुरू बिना हेलमेट एंट्री नहीं

**नई दिल्ली।** केदारनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई है। चीरवासा के पास क्षतिग्रस्त रास्ते से अब 200-200 यात्रियों को सुरक्षित आगे भेजा जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए बिना हेलमेट किसी को भी आगे जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। चीरवासा में करीब 100 मीटर का क्षेत्र डेंजर जोन में आता है। यहां कभी भी लैंडस्लाइड होने का खतरा बना हुआ है।

# कोई भी बाढ़ प्रभावित परिवार राहत से न रहे वंचित : सम्राट

## बाढ़ प्रभावित 8.27 लाख परिवारों के खातों में भेजे गए 579 करोड़ रुपए

**मुख्यमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से हर पीड़ित परिवार को भेजे 7-7 हजार रुपए**



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित आनुग्रहिक राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान बाढ़ प्रभावित 8 लाख 27 हजार 472 परिवारों के बैंक खातों में 7 हजार रुपए प्रति परिवार के दर से 579.23 करोड़ रुपए की आनुग्रहिक राहत राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बाढ़ प्रभावित लोगों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर सीएम ने कहा कि बाढ़ की इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत, सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराना है। सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 15 जिले, 88 प्रखंड, 575 ग्राम पंचायत एवं 2,642 गांव तथा 21 शहरों के 136 वार्ड के लगभग 50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। करीब 55 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाढ़ का प्रभाव पड़ा है, जिसके कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित क्षेत्रों में हर स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को तेजी से संचालित किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए 1,200 से अधिक सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इन सामुदायिक रसोइयों के माध्यम से अब तक लगभग 1.28 करोड़ थालियां परोसी जा चुकी हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को भोजन, पेयजल, दवा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं लगातार उपलब्ध कराई जाएं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 21 टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती तब तक राहत एवं सहायता सुविधाएं निरंतर जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ित पात्र लाभार्थियों की पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतें। यदि कोई पात्र प्रभावित परिवार सहायता से छूट गया है, तो उसे एक सप्ताह के भीतर राहत सूची में शामिल करें। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों के साथ-साथ पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण का कार्य भी तेज गति से करें। राज्य में पहले से बेहतर पुनर्निर्माण की थीम पर कार्य करें। एक माह के भीतर सभी पुनर्प्राप्ति कार्य पूरे किए जाएं। इसमें कृषि इनपुट सब्सिडी, सड़कों की मरम्मती सहित प्रभावित परिवारों एवं किसानों को सभी आवश्यक प्रकार की सहायता उपलब्ध कराना शामिल है। सीएम ने कहा कि बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर बाढ़ से हुई क्षति का समुचित एवं तथ्यपरक आकलन कर रिपोर्ट तैयार रखें।

### ग्रामीण सड़कों की नियमित ढंग से मॉनिटरिंग करे

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि गांव के विकास और जनसुविधाओं को गति देना हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पुल निर्माण, बुनियादी ढांचे और ग्रामीण कार्य विभाग से जुड़ी अन्य योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सहूलियत तो होती है, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। हमलोगों की सरकार शुरू से ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता रखते हुये कार्य कर रही है। ग्रामीण पथों के निर्माण एवं रखरखाव को लेकर राज्य सरकार बड़ी राशि खर्च कर रही है।

# अगले पांच वर्षों में 60 लाख गरीबों को मिलेंगे पक्के मकान : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने अभियंताओं के सम्मान समारोह में की घोषणा**

**पटना (एनएसबी)।** पिछले 12 वर्षों में लगभग 50 लाख गरीबों को पक्का मकान मिला है। उनके लिए अगले पांच वर्षों में 60 लाख और पक्के मकान बनाए जाएंगे। मंगलवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसका आश्वासन दिया। 'भगवान विश्वकर्मा के संतान अभियंताओं का अभिनंदन सम्मान-सह-अभियंता संगोष्ठी' कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद वे समारोह को संबोधित कर रहे थे। उस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, जो कि अभियंता भी हैं, सहित अन्य अभियंताओं को अंगवस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया। यह आयोजन कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के सरकारी आवास में हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिहार में अभी और कई चीजों का निर्माण कार्य चलता रहेगा। अभियंता बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य की अपनी विशिष्ट शैली से नया इतिहास रचते रहेंगे, मुझे ऐसी आशा है। बिहार को समृद्ध प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक बिहार को ऐसा बनाना है कि फिर से अपने गौरवशाली अतीत को प्राप्त कर सके।

## सम्राट कैबिनेट की बैठक में 17 एजेंडों पर लगी मुहर

# जल संसाधन विभाग को बाढ़ सुरक्षा के लिए ₹1000 करोड़

## काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित होगा विष्णुपद मंदिर

**पटना (एनएसबी)।** प्रदेश की सम्राट चौधरी की सरकार ने बाढ़ सुरक्षा, सिंचाई और जल-जीवन-हरियाली से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के लिए जल संसाधन विभाग को आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप में एक हजार करोड़ उपलब्ध कराए हैं। इस राशि का उपयोग राज्य योजना के तहत बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों, प्रगति यात्रा से जुड़े कार्यों, सिंचाई परियोजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में किया जाएगा।

इसके साथ ही ईंट-भट्ठा कारोबारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि में राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना को मंजूरी दी गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ये प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। आज कुल 17 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। मुख्मंत्री सम्राट चौधरी ने अपने एक्स हैंडल पर आज लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की है।

गया के विष्णुपद मंदिर क्षेत्र को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकास किया जाएगा। इसको लेकर कैबिनेट की बैठक में 2,520 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है।



साथ ही 996.05 करोड़ रुपए से सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना पर काम शुरू किया जाएगा। दोनों योजनाओं की लागत 3,516.05 करोड़ रुपए है।

**जेल के खाली जमीन पर खुलेगा पेट्रोल पंप :** बिहार के जेलों के पास खाली पड़ी जमीन पर पेट्रोल पंप खोले जाएंगे। इसके लिए कारा पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट परिचालन नियमावली-2026 के गठन को मंजूरी दी गई है। पूर्णिया और मुजफ्फरपुर की जेलों में इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप, जबकि बक्सर और भागलपुर की जेलों में हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से पंप संचालित किए जाएंगे। कंपनियों का चयन नामांकन के आधार पर किया गया है।

**एयरपोर्ट और हेलीपोर्ट होंगे विकसित :** मोडिफाइड उड़ान योजना के तहत बिहार के अलग-अलग हवाई अड्डों को विकसित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के जिलों में हेलीपोर्ट भी विकसित किए जाएंगे। हेलीपोर्ट बनने से इन जिलों में हवाई संपर्क बेहतर होने के साथ आपातकालीन सेवाओं और पर्यटन को भी फायदा मिलेगा।

**ईंट-भट्ठा कारोबारियों पर 240 करोड़ रुपये बकाया :** मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि ईंट-भट्ठा कारोबारियों पर वित्तीय वर्ष 2024-25 का करीब 240 करोड़ रुपये बकाया है। जिसके खिलाफ सरकार ने नीलाम पत्र दायर किया है। नीलाम पत्र वाद में दर्ज बकाया राशि में से ब्याज की राशि छोड़कर मूल बकाया जमा करने पर संबंधित देनदार के खिलाफ कोई मांग बकाया नहीं मानी जाएगी। योजना तीन महीने तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान ईंट-भट्ठा कारोबारियों को अपना बकाया चुकाने का मौका दिया गया है।

**मखाना विकास योजना के लिए 89.80 करोड़ स्वीकृत :** वर्ष 2026-27 में केंद्रीय क्षेत्र की मखाना विकास योजना के लिए 89.80 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। योजना से उत्पादन, बीज, प्रशिक्षण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, ब्रांडिंग, बाजार, निर्यात और प्रमाणन को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों, व्यापारियों और एफपीओ की आय बढ़ेगी।

### 5 मेडिकल कॉलेजों में 366 सहायक प्राध्यापकों की संविदा नियुक्ति

बिहार के 5 मेडिकल कॉलेजों में 366 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी। ये नियुक्तियां संविदा पर की जाएंगी। जिन 5 मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति होगी, उनमें बेतिया, पूर्णिया, जननायक कपूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय मधेपुरा, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय छपरा और श्री राम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय समस्तीपुर शामिल हैं। इसके अलावा बिहार के राजकीय डेंटल कॉलेज में खाली पड़े प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, रीडर, व्याख्याता और सहायक प्राध्यापक के पदों पर भी बहाली होगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मेडिकल कॉलेजों में संविदा के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। एनएमसी के मानकों के अनुसार कॉलेजों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# डीजीपी विनय कुमार 21 दिनों की लंबी छुट्टी पर

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार 21 दिनों की लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में 1991 बैच की आइपीएस अधिकारी प्रीता वर्मा को प्रभारी डीजीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह वर्तमान में होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवा की महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। डीजीपी के वापस लौटने तक वह इस अतिरिक्त प्रभार को संभालेंगी।

**15 सितंबर से पांच अक्टूबर तक अवकाश :** गृह विभाग ने मंगलवार शाम इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। विभागीय जानकारी के अनुसार, डीजीपी विनय कुमार अपरिहार्य निजी और स्वास्थ्य कारणों से अवकाश पर गए हैं। उनकी छुट्टी 15 सितंबर से स्वीकृत की गई है और वह पांच अक्टूबर तक अवकाश पर रहेंगे। इस अवधि में पुलिस मुख्यालय से जुड़े डीजीपी पद के सभी प्रमुख दायित्व प्रभारी डीजीपी देखेंगी। प्रीता वर्मा बिहार कैडर की 1991 बैच की वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी हैं।



**प्रीता वर्मा को मिला बिहार के प्रभारी डीजीपी का जिम्मा**

**होमगार्ड डीजी प्रीता वर्मा संभालेंगी अतिरिक्त प्रभार**

# UCC पर सियासी घमासान के बीच नीतीश को राजद का खुला ऑफर

**पटना (एनएसबी)।** समान नागरकि संहति (यूसीसी) पर जारी सयिासी घमासान के बीच राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने जदयू को बड़ा ऑफर दे दिया है। जदयू को उन्होंने सार्वजनकि रूप से कहा है कि आइए, हम और आप मिलकर बिहार में नई सरकार बनाएं और भाजपा जैसी कथित सांप्रदायिक दलों से राज्य की जनता को मुक्ति दिलाएं।



**नीतीश कुमार छोड़ें भाजपा का साथ :** उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार वैसे लोगों को छोड़ें। धर्मनिरपेक्ष राज्य है, यहां सभी को अपना-अपना धर्म मानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि नीतीश के साथ कुछ ऐसे लोग लगे हुए हैं जो बर्बाद कर रहे हैं। सामाजिक न्याय वाले लोग साथ आएं, भाजपा को लात मारें।

**राजद ने कहा- भाजपा महत्वपूर्ण मुद्दों से भटकाती है ध्यान :** इस संदर्भ में जब राजद के शीर्ष नेतृत्व से बात हुई तो उन्होंने गठबंधन के लिए स्पष्ट रूप से कुछ तो नहीं कहा, लेकिन यूसीसी पर एनडीए, विशेषकर भाजपा से उनका मतभेद उभरकर सामने आ गया। राजद नेतृत्व का कहना है कि भाजपा तत्कालिनक और महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए यूसीसी जैसे मुद्दे उछालती रही है।

# फेसबुक-इंस्टा पर बच्चों के यौन शोषण कंटेंट पर लगेगी रोक

## मेटा सीधे सरकार को देगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेट मीडिया पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकार के बढ़ते दबाव के बीच फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने बड़ा कदम उठाया है। कंपनी अब बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों की जानकारी सीधे भारतीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल को देगी। यह पोर्टल गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी) संचालित करता है।

मेटा के प्रवक्ता ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा कंपनी की प्राथमिकता है और वह अपराध करने वालों को जवाबदेह ठहराने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध है। कंपनी के मुताबिक, बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों की रिपोर्ट अब सीधे आइ4सी के साइबर अपराध पोर्टल पर की जाएगी।



अमेरिका स्थित मेटा अब तक बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री की रिपोर्ट मुख्य रूप से नेशनल सेंटर फार मिसिंग एंड एक्सप्लोइटेड चिल्ड्रन (एनसीएमईसी) को करती थी। भारत में सीधे रिपोर्टिंग की व्यवस्था होने से कानून लागू करने वाली भारतीय एजेंसियों तक ऐसी जानकारी पहुंचने की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत में काम करने वाले इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों के लिए बच्चों की आनलाइन सुरक्षा एक बुनियादी जिम्मेदारी है।

# ₹2000 से ज्यादा UPI पेमेंट पर 0.4% चार्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपीआई से ₹2,000 से ज्यादा पेमेंट पर 0.4% चार्ज लगेगा। फीस की मैक्सिमम लिमिट 300 रुपए तक की गई है। यह अमाउंट अलग-अलग ट्रांजैक्शन पर निर्भर करेगा। यह शुल्क ग्राहकों से नहीं बिजनेसमैन से लिया जाएगा। हालांकि ₹2,000 तक पेमेंट करने पर ग्राहक और बिजनेसमैन दोनों से किसी तरह की फीस नहीं ली जाएगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर यह स्थिति साफ कर दी थी। RuPay डेबिट कार्ड से होने वाले पेमेंट को भी इस छूट में शामिल किया गया है। सरकार ने वढकको बढ़ावा देने और फ्री रखने के लिए 2021-22 में प्रोत्साहन योजना शुरू की। इसके तहत ₹2,000 तक के यूपीए पेमेंट पर 0.15% इंसेंटिव दिया गया। 2024-25 तक ₹8,276 करोड़ का इंसेंटिव दिया जा चुका था।

**15 अक्टूबर से यह कारोबारियों से लिया जाएगा**

# दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर छात्रों का पटना में प्रदर्शन

**पटना (एनएसबी)।** दरोगा भर्ती की 1,799 पदों वाली मुख्य परीक्षा और 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर मंगलवार को छात्रों ने राजधानी में प्रदर्शन किया। पहले छात्र जेपी गोलंबर के पास जुटे। पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग कर रोकने की कोशिश की, लेकिन छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकल गए। उसके बाद पुलिस ने डाकबंगला चौराहे पर छात्रों को रोकने की तैयारी की थी, लेकिन छात्र अशोक सिनेमा स्थित फ्लाइओवर की तरफ बढ़ गए। पुलिस ने फ्लाइओवर को ब्रज वाहन लगाकर ब्लॉक किया लेकिन पुलिस छात्रों को यहां पर भी नहीं रोक पाई। छात्र विधानसभा की तरफ बढ़ने लगे, लेकिन पुलिस ने समझा बुझाकर छात्रों का प्रदर्शन खत्म करवा दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने हाथ में बैनर ले रखा था, जिसमें लिखा था कि ना परीक्षा में खेल चलेगा, ना भविष्य से खिलवाड़ चलेगा। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में गड़बड़ी मिलती है तो दोनों परीक्षाओं को रद्द कर सभी अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा कराई जाए। बता दें बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी) ने पुलिस अवर निरीक्षक के 1,799 पदों पर भर्ती के लिए मई 2026 में मुख्य लिखित परीक्षा आयोजित की थी। इसमें करीब 35,857 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के बाद कुछ केंद्रों से कदाचार और प्रश्नपत्र से जुड़ी शिकायतें सामने आई थी।



# 31 अक्टूबर तक जमाबंदी शुद्धीकरण और उत्तराधिकार नामांतरण का लक्ष्य : डा. दिलीप जायसवाल

## 15 सितंबर से मिशन मोड में चलेगा विशेष अभियान, मूल अभिलेख से होगा ऑनलाइन जमाबंदी का मिलान, लापरवाही पर होगी जवाबदेही तय

### मुख्य सचिव ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त और समाहर्ता को भेजा पत्र

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य में भू-अभिलेखों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाने के लिए विभाग ने जमाबंदी अद्यतीकरण एवं नामांतरण उत्तराधिकार विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान 15 सितंबर से 31 अक्टूबर 2026 तक मिशन मोड में संचालित होगा।

अभियान के तहत डिजिटाइज्ड जमाबंदी को मूल जमाबंदी पंजी की स्कैन प्रति से मिलाकर त्रुटियों का सुधार करने के साथ-साथ मृत जमाबंदीदारों के वैध उत्तराधिकारियों के नाम से उत्तराधिकार नामांतरण की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, समाहर्ताओं और बंदोबस्त पदाधिकारियों को पत्र जारी कर अभियान को निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि जमाबंदी में रैयत का नाम, पिता का नाम, खाता-खेसरा, रकबा, लगान अथवा अन्य विवरण मूल अभिलेख से अलग पाए जाने पर उसे दुरुस्त किया जाए। शून्य रकबा, शून्य लगान तथा मिसिंग सूचनाओं को भी अभियान के दौरान ठीक किया जाएगा।

मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि जमीन से जुड़े अभिलेखों में एक भी त्रुटि आम आदमी के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। इसलिए विभाग का लक्ष्य केवल जमाबंदी अपडेट करना नहीं, बल्कि अभिलेखों को मूल रिकॉर्ड के अनुरूप शुद्ध और भरोसेमंद बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान को औपचारिकता न बनाएं और प्रत्येक स्तर पर इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें।



राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल।

मंत्री ने कहा कि मृत जमाबंदीदारों के नाम पर वर्षों से चली आ रही जमाबंदियों का भी विधिसम्मत समाधान जरूरी है। वैध उत्तराधिकारियों की पहचान कर नियमानुसार नामांतरण की कार्रवाई की जाए, लेकिन सरकारी भूमि, सार्वजनिक भूमि, जल-निकाय, सीलिंग जमाबंदी, न्यायालय में लंबित विवाद अथवा मूल अभिलेख और स्थल की स्थिति में गंभीर विरोधाभास वाले मामलों में बिना समुचित जांच के नामांतरण नहीं किया जाएगा।

अभियान के दौरान प्रत्येक अंचल में डिजिटाइज्ड जमाबंदी का रजिस्टर-2 की स्कैन प्रति से मिलान होगा। आवश्यक होने पर विशेष सर्वेक्षण अमीनों की सहायता से मापी कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित रैयत से अलग से आवेदन या मापी शुल्क नहीं लिया जाएगा।

मृत जमाबंदीदारों की पहचान के बाद राजस्व कर्मचारी वंशावली तैयार करेंगे और वैध उत्तराधिकारियों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर अंचल अधिकारी द्वारा उत्तराधिकार नामांतरण वाद शुरू किया जाएगा। निर्विवाद मामलों में 14 दिन की नोटिस अवधि पूरी होने के बाद आदेश पारित कर करेक्शन स्लिप जारी करने, जमाबंदी और लगान मांग को अद्यतन करने की कार्रवाई होगी।

अभियान की निगरानी के लिए अंचल अधिकारी दैनिक प्रगति रिपोर्ट भूमि सुधार उप-समाहर्ता और अपर समाहर्ता को देंगे। अपर समाहर्ता जिले के नोडल पदाधिकारी होंगे और समाहर्ता नियमित एवं दैनिक समीक्षा करेंगे। विभाग भी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की प्रगति की लगातार समीक्षा करेगा।

गुणवत्ता जांच के लिए भूमि सुधार उप-समाहर्ता प्रत्येक अंचल के पांच प्रतिशत, अपर समाहर्ता दो प्रतिशत और समाहर्ता एक प्रतिशत मामलों का रैंडम वेरिफिकेशन करेंगे। विभागीय निर्देश में सभी संबंधित अधिकारियों को 31 अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करने को कहा गया है।

अभियान के दौरान क्षेत्रीय सत्यापन में सरकारी भूमि के डेटाबेस में दर्ज 5 एकड़ या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली भूमि का भी स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा। इसके लिए मौजावार सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाएगी।

## खबरें : एक नजर में

### विधान पार्षद डाक्टर उर्मिला ठाकुर को बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण समिति का अध्यक्ष बनाया गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल की नेत्री विधान पार्षद डा. उर्मिला ठाकुर को बिहार विधान परिषद सचिवालय की विधेयक शाखा द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार इन्हें बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति का अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



राष्ट्रीय जनता दल की नेत्री विधान पार्षद डा. उर्मिला ठाकुर।

डा उर्मिला ठाकुर ने विधान परिषद समिति के अध्यक्ष पद की गरिमा और जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ निभाने का संकल्प लेते हुए कहा कि विशेष रूप से बाल संरक्षण, महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना और उनके हित में प्रभावी कार्य करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता एजाज अहमद ने बताया कि बिहार विधान परिषद की स्थाई समितियों के गठन के क्रम में डाक्टर उर्मिला ठाकुर को बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

इस अवसर पर डा उर्मिला ठाकुर ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी, राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डाक्टर मीशा भारती, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश प्रसाद सिंह एवं उपसभापति डा रामबचन राय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी के विश्वास और समर्थन को मैं निष्ठा पूर्वक पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाने का कार्य करूंगी।

### डबल इंजन की सरकार बिहार के लिए ट्रबल इंजन साबित हुई : तेजस्वी

#### बाढ़ पीड़ितों को केंद्र से नहीं मिली पर्याप्त मदद, वित्तीय स्थिति पर भी उठाए सवाल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी और गरीबी लगातार गंभीर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस डबल इंजन सरकार से बिहार के विकास और आपदा के समय त्वरित सहायता की उम्मीद थी, वह बिहार के लिए 'ट्रबल इंजन' साबित हुई है।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के कई इलाकों में बाढ़ से लोग परेशान हैं। बड़ी संख्या में परिवारों के सामने भोजन, आवास और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए अपेक्षित सहायता नहीं पहुंची है। उन्होंने राज्य सरकार से सवाल किया कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत देने के लिए सरकार ने क्या ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने बिहार की वित्तीय स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आकस्मिक निधि का इस्तेमाल कर्मचारियों के वेतन भुगतान में कर दिया गया, जिसके कारण आपदा के समय बाढ़ पीड़ितों के लिए पर्याप्त राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने में सरकार के हाथ बंधे हुए हैं। राजद नेता ने कहा कि सरकार को अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करनी चाहिए। बिहार की जनता को राजनीतिक बयानबाजी नहीं, बल्कि रोजगार, अपराध से सुरक्षा, महंगाई से राहत, गरीबी से मुक्ति और आपदा के समय तत्काल सरकारी सहायता चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर समझ रही है। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के समय सरकार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। ऐसे में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री, आर्थिक सहायता, सुरक्षित आवास और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# बिहार ग्रामीण बैंक में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय, पटना में मंगलवार को हिंदी दिवस पखवाड़ा के समापन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं निर्देशों के अनुरूप बैंक में 1 से 14 सितंबर तक हिंदी दिवस पखवाड़ा मनाया गया, जिसका समापन 15 सितंबर को हुआ।





बिहार ग्रामीण बैंक में हिंदी दिवस पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम।

समारोह का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय एवं सभी महाप्रबंधकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सर्वोच्च नागरिक सम्मान तथा राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् डा. शिवनारायण सिंह (प्रोफेसर, अरविंद महिला कॉलेज, पटना) रहे। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष ने उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह के दौरान बैंक स्तर पर आयोजित निबंध एवं आशुभाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष मुकुल सहाय ने कहा कि बैंकिंग कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग से आम जनता को सरल, सहज एवं सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्य अतिथि डा. शिवनारायण सिंह ने हिंदी भाषा की महत्ता, उपयोगिता एवं व्यवहारिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से राजभाषा के प्रभावी उपयोग का आह्वान किया।

समापन समारोह में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय सिन्हा, राजेश कुमार पांडेय, संजीव कुमार श्रीवास्तव (मुख्य सतर्कता अधिकारी), चितरंजन चौधरी, हिमांशु शर्मा सहित बैंक के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

## कफेड का बड़ा ऐलान : नवादा में जलाशयों की अवैध खुली डाक के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन और जल सत्याग्रह की घोषणा

### बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 के अनुरूप बंदोबस्ती कराने तथा नवादा के सात जलाशयों की खुली डाक तत्काल स्थगित करने की मांग

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ (कफ्फेड) ने बिहार सरकार द्वारा नवादा जिले के सात जलाशयों की मत्स्य बंदोबस्ती खुली डाकध्खुली निविदा के माध्यम से किए जाने की प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की है। कफ्फेड का कहना है कि यह निर्णय बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 तथा उसके बाद किए गए संशोधनों की मूल भावना, पारंपरिक मछुआरों की आजीविका और प्रखंडस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के वैधानिक अधिकारों के प्रतिकूल है।





जानकारी देते कफ्फेड के अधिकारी।

कफ्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि बिहार मत्स्य जलकर प्रबंधन अधिनियम, 2006 का उद्देश्य केवल सरकारी राजस्व प्राप्त करना नहीं, बल्कि राज्य के पारंपरिक मछुआरों को उनकी सहयोग समितियों के माध्यम से जलकर उपलब्ध कराना, वैज्ञानिक मत्स्य उत्पादन बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। वर्ष 2018 के संशोधन की प्रस्तावना में भी जलकरों की बंदोबस्ती मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के साथ करने की राज्य की नीति को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है।

उन्होंने कहा कि मत्स्यजीवी सहयोग समितियां सामान्य व्यावसायिक ठेकेदार नहीं हैं। ये कानून द्वारा मान्यता प्राप्त ऐसी आजीविका संस्थाएं हैं, जिनके माध्यम से जलकरों का लाभ वास्तविक एवं पारंपरिक मछुआरों तक पहुंचाया जाता है। जलाशयों को निजी ठेकेदारों अथवा बाहरी व्यावसायिक संस्थाओं के लिए खुली नीलामी में रखने से स्थानीय मछुआरों के रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और परंपरागत मत्स्य अधिकारों पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।

खुली डाक से पहले सरकार सार्वजनिक करे वैधानिक आधार- कफ्फेड ने राज्य सरकार से पूछा है कि नवादा जिले के सात जलाशयों की खुली डाक अधिनियम की किस धारा के अंतर्गत निकाली गई है। "कार्यपालिका की नीति विधानसभा द्वारा पारित कानून से ऊपर नहीं" कफ्फेड ने जलाशय मात्स्यिकी नीति, 2022 की वैधानिक स्थिति पर भी प्रश्न उठाया है।

### राज्य के 5 राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में 366 सहायक प्राध्यापकों की होगी संविदा पर नियुक्ति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** एसएनबी राज्य में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने तथा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सक शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत राज्य के 5 राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के रिक्तपदों पर संविदा के आधार पर नियोजन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

नियमित नियुक्ति होने तक इन चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के कुल 366 रिक्त पदों पर संविदा के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से चिकित्सा महाविद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई, प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।

मंत्रीपरिषद के फैसले पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार लगातार आवश्यक कदम उठा रही है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पर्याप्त संख्या में चिकित्सक शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। नियमित नियुक्ति होने तक 366 सहायक प्राध्यापकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा रहा है, ताकि चिकित्सा महाविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था प्रभावित न हो और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग , नई दिल्ली के निर्धारित मानकों के अनुरूप चिकित्सक शिक्षकों की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने कहा कि बेहतर चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से ही सक्षम एवं कुशल चिकित्सकों का निर्माण संभव है। सरकार का प्रयास है कि राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण विकसित हो तथा मरीजों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# सेवा संकल्प अभियान में 95,195 विद्यालयों के विद्यार्थी दिखाएंगे 'मेरे सपनों का भारत'

### 26 सितम्बर को कक्षा 1 से 8 तक चित्रकला, 3 अक्टूबर को कक्षा 9 से 12 तक भाषण प्रतियोगिता

### 10 अक्टूबर को बापू सभागार में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गुरुवार 17 सितम्बर से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शिक्षा विभाग को थीम आधारित चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं के आयोजन की जिम्मेदारी मिली है। इसके तहत राज्य के सभी 95,195 सरकारी और निजी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार को विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के विशेष सचिव श्री धर्मेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।



मंगलवार को विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि विभाग ने 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' अभियान की तैयारी की है। इसके तहत 26 सितम्बर को कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं, 3 अक्टूबर को कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी दिन जिला स्तर पर चयनित चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अभियान का राज्यस्तरीय कार्यक्रम 10 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित किया जाएगा।

विशेष सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक विद्यार्थियों और आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (डीपीओ) को पत्र जारी किया गया है।

जिलों को कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी के लिए स्थानीय स्तर पर लोगों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सभी जिलों में चौक-चौराहों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता से संबंधित होर्डिंग-बैनर लगाने को कहा गया है। विभाग का उद्देश्य है कि अभियान के जरिये विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और राष्ट्र के प्रति उनके सपनों एवं संकल्पों को मंच प्रदान किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ा जाए।

बैठक में प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक नितिन कुमार सिंह के अलावा विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास





मंगलवार 15 सितंबर को मीठापुर, पटना स्थित कृषि भवन में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग के मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में कृषि स्टैग, टोपोलैंड एवं असर्वेक्षित भूमि से जुड़े मामलों में फार्मर रजिस्ट्री किए जाने को लेकर महत्वपूर्ण एवं सार्थक चर्चा हुई। किसानों को योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने तथा भूमि एवं कृषि से संबंधित अभिलेखों को अधिक व्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में आवश्यक बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विकास में इंजीनियरों की अहम भूमिका, शहरीकरण और आपदा प्रबंधन में निभानी होगी बड़ी जिम्मेदारी : राज्यपाल

#### राज्यपाल ने कहा कि इंजीनियरिंग सर्विस के एकीकरण का सुझाव बेहतर, राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर विकसित भारत के निर्माण तक अभियंताओं का योगदान महत्वपूर्ण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारत रत्न डा. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती सह 59वें अभियंता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने कहा कि बिहार में पिछले वर्षों में कानून-व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ है। उन्होंने कहा कि कभी गया जाने में पांच से छह घंटे लगते थे, आज लोग करीब दो घंटे में पहुंच रहे हैं। राज्य में कहीं से भी छह घंटे में पटना पहुंचने का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। इस विकास में अभियंताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। बिहार अभियंत्रण सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय में राज्य में तेज शहरीकरण का लक्ष्य निर्धारित है। इस कार्य में सिविल इंजीनियरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। बिहार की उपजाऊ कृषि भूमि को नदियों से पर्याप्त जल मिलता है, लेकिन यही नदियां कई बार आपदा का कारण भी बनती हैं। जल प्रबंधन और आपदा नियंत्रण में भी अभियंताओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।



भारत रत्न डा. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती सह 59वें अभियंता दिवस समारोह में माल्यापर्ण करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन।

उन्होंने इंजीनियरिंग सर्विस के एकीकरण के संघ के सुझाव को बेहतर बताते हुए कहा कि अभियंताओं की भूमिका केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा में भी उनका योगदान अहम है। लद्दाख में वर्ष 2020 के दौरान चीन के साथ तनाव के समय इंजीनियरों द्वारा निर्मित सड़कों और पुलों के माध्यम से सेना के बड़े टैंक और सैन्य सामग्री अग्रिम क्षेत्रों तक पहुंची। सीमा पर सड़क निर्माण में बिहार के मेहनतकश मजदूरों का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार की बेहतर सड़क और परिवहन व्यवस्था का लाभ पूरे देश को मिल रहा है। कम समय में सेना और सैन्य सामग्री को उत्तर-पूर्व के राज्यों तक पहुंचाना राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है। अभियंताओं के आत्मविश्वास और तकनीकी क्षमता का लाभ राज्य और देश दोनों को मिल रहा है। इसी सामूहिक प्रयास से 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करना है।

**इंजीनियरिंग रिफॉर्म कमीशन बनाने की मांग :** इंडियन इंजीनियर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश राउल ने कहा कि अभियंता दिन-रात राष्ट्र निर्माण में जुटे हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग सेवाओं में 'वन नेशन, वन सर्विस रूल' लागू करने तथा बिहार में इंजीनियरिंग रिफर्म कमीशन गठित करने की मांग की। बेसा अध्यक्ष सुनील कुमार ने स्वागत भाषण में संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। महासचिव राकेश कुमार ने औद्योगिक विकास के लिए इंजीनियरिंग आयोग गठित कर जिलावार औद्योगिक जरूरतों का अध्ययन कराने का सुझाव दिया। उन्होंने नए अभियंताओं से निर्माण कार्यो में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार में अब प्रत्येक जिले में एक इंजीनियरिंग कलेज है और राज्य में कुल 38 इंजीनियरिंग कलेज होना गौरव की बात है। उन्होंने मांग की कि केंद्र की तरह राज्य में लोक सेवा आयोग से नियुक्त सहायक अभियंता का पदनाम सहायक कार्यपालक अभियंता किया जाय।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से हुई। राज्यपाल ने अभियंता रत्न सम्मान से उमेश कुमार एवं दयाशंकर मिश्रा को सम्मानित किया। अब तक 128 अभियंताओं को यह सम्मान दिया जा चुका है। समारोह में राज्यपाल ने 'इंजीनियर्स एक्सप्रेस' पत्रिका का विमोचन भी किया। इस मौके पर सभी विभागों के सहायक अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, अभियंता प्रमुख समेत अन्य अभियंतागण उपस्थित थे।

### अभियंताओं के समर्पण एवं योगदान के बिना विकास की कल्पना अधूरी : मिथिलेश तिवारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारत रत्न अभियंता शिरोमणि विश्वेश्वरैया की जयंती पर 59 वाँ अभियंता दिवस समारोह अवर अभियंता संघ, बिहार के संघ भवन सभागार में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन-सह-मुख्य अतिथि मिथिलेश तिवारी, मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष इं मिथिलेश कुमार द्वारा किया गया।

समारोह में विश्वेश्वरैया जी के तैल चित्र पर उद्घाटनकर्ता-सह-मुख्य अतिथि मिथिलेश तिवारी सहित उपस्थित अभियंताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया तथा विश्वेश्वरैया जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया गया। समारोह के मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय डिप्लोमा अभियंता महासंघ के निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष-इं बृज किशोर प्रसाद यादव, अखिल भारतीय डिप्लोमा अभियंता महासंघ के अंकेक्षक-इं छोटेलाल पासवान, संघ के सलाहकार द्वय इं अरविन्द कुमार तिवारी तथा इं (डा) मनमोहन सिंह जी उपस्थित रहे।



समारोह का उद्घाटन-सह-मुख्य अतिथि मिथिलेश तिवारी, मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा किया गया।

मंत्री मिथिलेश तिवारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास में अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अभियंताओं के समर्पण एवं योगदान के बिना विकास की कल्पना ही अधूरी है। वर्तमान सरकार अभियंताओं की हरेक समस्याओं के समाधान को लेकर तत्पर है। सरकार अभियंताओं के सभी रिक्तपदों को भरने के लिए प्रयासरत है। जल्द ही अभियंताओं के सभी रिक्तपदों को भर दिया जाएगा। सरकार अभियंताओं को साथ लेकर बिहार के विकास पथ पर चरण सीमा तक ले जाना चाहती है। अभियंताओं से अपील है कि वे विश्वेश्वरैया जी के दिखाये रास्ते का अनुसरण कर देश-प्रदेश के विकास यात्रा में सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें, ताकि विकसित भारत का सपना साकार हो सकें। संघ के महामंत्री इं गजेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि अवर अभियंतागण विकास के रीढ़ होते है परन्तु हमारे सदस्यों की कुछ प्रमुख समस्याएँ लम्बे समय से लम्बित है जो चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारी प्रोन्नति पूर्व में अभियंता प्रमुख तक होती रही। उच्च न्यायालय, पटना के डबल बैंच द्वारा सेवा पर मुख्य सचिव, बिहार को निदेशित किया गया कि संघ के तथ्यों के आधार पर उनके उच्च पदों पर प्रोन्नति संबंधी आदेश जारी करे परन्तु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रहित की 16 सूत्री मांगों को लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने सीएम से की पहल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की समस्याओं और छात्रहित की 16 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी से पहल की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के साथ व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मांगों में विश्वविद्यालय में नियमित रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, संबद्ध सभी बीएड कॉलेजों में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना प्रभावी करने, जीरो माइल स्थित शिक्षा विभाग को सरकारी करने अथवा न्यूनतम शुल्क पर बीएड की पढ़ाई की व्यवस्था करने की मांग प्रमुख नीतीश कुशवाहा ने कहा कि नए डिग्री कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक की बहाली में दर्शनशास्त्र विषय को शामिल करने के लिए भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

### 8.27 लाख बाढ़ प्रभावित परिवारों के खातों में 579.23 करोड़ की आनुग्रहिक अनुदान राशि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री, बिहार श्री सम्राट चैधरी द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार ₹7,000 की आनुग्रहिक अनुदान राशि के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में राज्य के 8 लाख 27 हजार 472 बाढ़ प्रभावित परिवारों के बैंक खातों में 7,000 की दर से कुल 579.23 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया गया। इसी क्रम में, भोजपुर जिले के 1 लाख 34 हजार 247 बाढ़ प्रभावित परिवारों के बैंक खातों में आज प्रति परिवार 7,000 की दर से आनुग्रहिक अनुदान की राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया है। शेष पात्र परिवारों को राशि हस्तांतरित किए जाने हेतु डेटा प्रेषण का कार्य जारी है। भोजपुर में अंचलवार हस्तांतरण-आरा सदर 33,900 परिवार-बड़हरा 43,636 परिवार-बिहिया 3,327 परिवार-कोईलवर 1,006 परिवार-शाहपुर 52,378 परिवार कुल 1,34,247 परिवार। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री, अरुण शंकर प्रसाद, सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक महेश पासवान एवं राधाचरण साह, विधान पार्षद जीवन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष तथा महापौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से संबंधित जिला पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। इसी क्रम में, भोजपुर से जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के बाद की गई थी मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला की हत्या, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपित ने कबूला जुर्म

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर के अगिआंव (गड़हनी) थाना क्षेत्र में महिला की हत्या और दुष्कर्म के मामले का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त की पहचान गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां निवासी रामदुलार राम उर्फ प्रभास के रूप में हुई है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। एसपी के अनुसार 14 सितंबर की सुबह सूचना मिली कि बगवां गांव में बगवां-धमनिया नहर मार्ग के समीप एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही अगिआंव (गड़हनी) थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इसके संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। एसडीपीओ-वन ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। शव के निरीक्षण और ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतका मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और पिछले तीन-चार महीनों से बगवां स्थित एक समोसे की दुकान में रह रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

### नहीं रहे 105 वर्ष सफर करने वाले व्यवसायिक श्री किशुन शर्मा



**अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)।** नारायणपुर बाजार निवासी चर्चित व्यवसाय श्री किशुन शर्मा के अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण मृत्यु हो गई। शिक्षक नेता मुरारी शर्मा, चक्रपाणि शर्मा, अनंत कुमार विश्वकर्मा, डा लाल बाबू, डॉ गुलाब सिंह, बिजेंद्र गिरी, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार उर्फ वीडियो सिंह, पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार उर्फ दिना सिंह, संजय सिंह, अरुण प्रसाद सिंह, शिक्षक सुनील कुमार, राजू शर्मा, मनोज कुमार, धनंजय कुमार, अरविंद सिंह एवं कृष्ण सिंह आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बाइक रैली आरा से रवाना

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, भोजपुर की टीम एक विशेष बाइक रैली में शामिल होने के लिए आरा से पटना होते हुए प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए रवाना हुई। जिला अध्यक्ष विभु जैन के अध्यक्षता में युवा मोर्चा भाजपा भोजपुर की 9 लोगों के साथ रवाना हुई। वाराणसी पहुंचने के पश्चात भाजयुमो की टीम द्वारा 17 सितंबर को बाइक रैली के माध्यम से वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान वडनगर (गुजरात) तक का सफर तय किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को समर्पण, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाना है। रवाना होने वाले भाजपा जिला कमेटी के उपाध्यक्ष निशांत सेंगर, युवा मोर्चा जिला महामंत्री उमंग चंद्रवंशी, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक कौशल कलवार, प्रवक्ता राकेश यादव, प्रवक्ता रवि पांडे, उत्तरी आरा नगर मंडल महामंत्री रोहित रंजन चन्द्रवंशी, नीरज कुमार, सोनू गुप्ता तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समस्याओं के समाधान को लगा सहयोग शिविर, मिले 63 आवेदन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर नगर पंचायत के अलावा प्रखंड क्षेत्र की देवमलपुर, बहुदरी एवं दामोदरपुर पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय लोगों ने विभिन्न समस्याओं एवं मामलों से संबंधित आवेदन सहयोग पोर्टल पर दर्ज कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि देवमलपुर एवं बहुदरी पंचायत में कुल 28 तथा दामोदरपुर पंचायत में 17 आवेदन प्राप्त हुए। शाहपुर नगर पंचायत के कनीय अभियंता जननंदन चैधरी ने बताया कि नगर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए।नशिविर के दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, अजय सिंह, उज्ज्वल सिंह, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार, दिनेश कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### एसपी ने पीरो थाना का किया निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा सोमवार की देर शाम पीरो थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओडी एवं संतरी ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति एवं कर्तव्यपालन की जांच की गई एवं थाना परिसर की स्वच्छता, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ कार्यालय व्यवस्था, सीसीटीएनएस प्रणाली, अभिलेखों के संधारण, अपराध नियंत्रण से संबंधित तख्तियों एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, नियमित गश्ती एवं निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण पर विशेष जोर दिया गया, साथ ही थाना की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, सक्रिय, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# पूर्वजों की शहादत सीख लेने के साथ प्रेरणा स्रोत : प्रभारी मंत्री

**अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)।** लसाढ़ी गांव में शहीदों के शहादत दिवस पर आदमकद प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद सांसद सुदामा प्रसाद, जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा, आरक्षी अधीक्षक अवधेश दीक्षित पूर्व एमएलसी लाल दास राय, एमएलसी सोनू राय पूर्व विधायक अरुण यादव,




**लासाढ़ी के शहीदों स्मारक पर राजकीय समारोह**

प्रखंड प्रमुख मुकेश यादव जिला पार्षद फुलवंती देवी, मुखिया भूपेंद्र प्रसाद सिंह, गजेंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी, नंद कुमार सिंह, समेत उपस्थित अतिथियों ने सर्वप्रथम शहीदों के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। आयोजित राजकीय समारोह मंच का उद्घाटन उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित राजकीय समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि हमारे इन पूर्वजों की शहादत से युवाओं को सिख के साथ-साथ प्रेरणा लेने की जरूरत है। जो सोच के साथ इन्होंने त्याग और बलिदान बलिदानी दी है, उस पर हम लोगों को पहल करने की जरूरत है। शहादत देने वाले पूर्वज हमेशा यादगार बने रहेंगे। उनके त्याग और बलिदान के द्वारा दिलाई गई आजादी में हम लोग अभी अमन-चैन के साथ जीवन बसर कर रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने भी शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि इन पूर्वजों की शहादत की देन है कि हमस ब स्वतंत्र हवा में सांसे ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई में बीर कुंवर सिंह ने जिस संघर्ष का शंखनाद किया उसे शाहाबाद क्षेत्र की जनता आजादी मिलने तक जारी रखी। मौके पर प्रखंड एवं अंचल कर्मी सहित स्वच्छता कर्मी व सैकड़ो लोग शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय छात्राओं द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया।

## राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार कलाकार दिखाएंगे शाहाबाद की मिट्टी की झलक : अखिलेश कुमार



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-शाहाबाद प्रक्षेत्र के ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जारी अभियान के तहत इस वर्ष शाहाबाद महोत्सव का आयोजन देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम आगामी 27 अक्टूबर को कांस्टीट्यूशन क्लब स्थित मावलंकर भवन में आयोजित होगा, जिसमें कई नामी गिरामी हस्तियां शामिल होंगी। इस सम्बन्ध में ब्लॉक रोड स्थित जदयू के वरिष्ठ नेता व जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संजय सिंह के आवास पर शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के प्रमुख लोगों की बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि अपने गौरवशाली विरासत और परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु समिति वर्ष 2019 से व्यापक अभियान शुरू किया है। इसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर उतरने भी लगे हैं। उन्होंने बताया कि चकाचैंध और आधुनिकता के दौर में हमारे यहां के अनेक परम्परागत कला विलुप्त होने के कगार पर हैं, जिसे संरक्षित करना हमारी पीढ़ी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से दिल्ली में पहली बार परम्परागत गोड़ नाच, कुडुक नृत्य, शिवनरायणी गीत, धोबिया-धोबिनिया के नाच जैसे शाहाबाद प्रक्षेत्र के प्रमुख नृत्य संगीत की प्रस्तुति होगी। साथ हीं अपनी अलग और अनूठी पहचान रखने वाले प्रमुख खाद्य सामग्री जैसे चेनारी के गुड़ की लड्डू, बक्सर की पापड़ी, कोआथ का बेलग्रामी, बेतरी का चावल का प्रदर्शनी लगाई जाएगी। अखिलेश कुमार ने कहा कि समारोह में राजनीतिक, प्रशासनिक, साहित्यिक, कला संस्कृति, चिकित्सा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में महती भूमिका निभा रहे लोग शामिल होंगे। इस अवसर संजय सिंह ने कहा कि अपनी सभ्यता संस्कृति और गौरवशाली परंपरा को संजोए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व बनता है। आज शाहाबाद के कैमूर की वादियों से लेकर मैदानी क्षेत्र बक्सर जगदीशपुर आरा तक पर्यटन विकास को लेकर जो सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं, उसमें शाहाबाद महोत्सव की प्रमुख भूमिका है। इस दौरान स्यंदन सुमन, आरुणिश पांडेय, सोहित सिन्हा, डॉ रवि जी, संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

**अपनी सभ्यता-संस्कृति और परंपरा को संजोना नैतिक दायित्व - संजय सिंह दिल्ली में 27 अक्टूबर होगा शाहाबाद के हस्तियों का जुटान**

## जिला के प्रभारी मंत्री द्वारा की गयी सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर के प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद की उपस्थिति में आज 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद सुदामा प्रसाद, अगिआंव, महेश पासवान राधाचरण साह, विधान पार्षद जीवन कुमार, जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष एवं महापौर इन्दु देवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद का स्वागत कर की गई। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त द्वारा पीपीटी के माध्यम से अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों, संबंधित नोडल पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य सेवा भाव के साथ कार्य करना है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी प्रतिबद्धता एवं सेवा भावना के साथ अभियान के निर्धारित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सेवा संकल्प अभियान के निर्धारित लक्ष्यों एवं मिशन के अनुरूप कार्य करने तथा सभी गतिविधियों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बेहतर समन्वय के साथ निर्धारित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सनातनी गंगा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में सोमवार को सनातनी गंगा फाउंडेशन की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सनातनी गंगा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन प्रवीण कुमार ने की। इस मौके पर सनातनी गंगा फाउंडेशन की भोजपुर कमिटी की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन प्रवीण कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा बिहार राज्य के अध्यक्ष सुजीत कुमार कसेरा को भोजपुर के महासचिव शंभू चैरसिया ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर कैप्टन प्रवीण कुमार ने श्रीलंका की खोज एवं श्री रामायण दिव्य यात्रा-2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने कहा कि आगामी 13 से 23 दिसंबर-26 तक सनातनी गंगा फाउंडेशन द्वारा श्रीलंका की खोज यात्रा होगी। यात्रा कै दौरान 17 से 19 दिसंबर तक सीतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्रीलंका स्थित अशोक वाटिका में होगा। उन्होंने कहा कि श्रीलंका की खोज के दौरान माता सीता से जुड़े स्थल जैसे सीता कोटुवा, सीता अम्मन मंदिर (अशोक वाटिका) और दियूरुम्पोला (जिसे परंपरागत अग्नि परीक्षा से जोड़ा जाता है) का दर्शन किया जाएगा। मां सीता उत्सव में ह्यह्यरन फॉर मां सीताह्यह्य एवं ह्यह्यडांस फॉर मां सीताह्यह्य और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होगा। राम्बोड़ा स्थित श्री भगवान हनुमान मंदिर का दर्शन (जिसे परंपराओं के अनुसार हनुमान जी के श्रीलंका में प्रथम चरण रखने का स्थान माना जाता है) का दर्शन होगा। इसके अलावे राजा रावण से जुड़े माने जाने वाले स्थलों का भ्रमण होगा। बैठक में शंभू चैरसिया, अवधेश पांडेय, मनोज कुमार सिंह, राम कुमार सिंह, डॉ. संदीप कुमार, राम अनूज सिंह, आनंद कुमार, विष्णु शंकर, अखिलानंद ओझा, रिशु सिन्हा, विवेक तिवारी, दीप कुमार, नवीन कुमार, अवनीश कुमार, संजीव सिंह एवं दयाशंकर समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

**संभावना स्कूल के जुबली हॉल में शनिवार को आयोजित हुआ कार्यक्रम**

## मादक पदार्थ के साथ सात आरोपित गिरफ्तार

**आरा/सहार (दैनिक नवसंदेश)।** सहार थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के एकवारी बस स्टैंड के पास छापेमारी कर मादक पदार्थ के साथ सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 11.97 ग्राम हेरोइन, चार मोबाइल और तीन बाइक को जब्त कर लिया गया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा प्रेस नोट जारी कर दी गई। जानकारी के अनुसार आरोपितों में नारायणपुर थाना के वरुणा गांव निवासी रविंद्र पासवान का पुत्र प्रिंस कुमार, उसी गांव के राजकुमार का पुत्र नवीन कुमार, गड़हनी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी हरेंद्र राय का पुत्र मुना कुमार, उसी गांव के मुरारी सिंह का पुत्र मंगल सिंह, सहार थाना क्षेत्र के अवगिल्ला गांव निवासी फिरोज नट का पुत्र बादशाह नट, उसी गांव के मंसूर आलम का पुत्र नैयर हसन एवं चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी वीरेंद्र राम का पुत्र प्रमोद कुमार शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सहार थाना पुलिस



थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एकवारी बस स्टैंड के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था। तभी पुलिस को देख तीन बाइक पर सवार सात लोग बाइक घुमाकर भगाने का प्रयास करने लगे। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 11.97 ग्राम हेरोइन व चार मोबाईल बरामद हुआ।

## प्राथमिक विद्यालयों में पहले दिन संपन्न हुई भाषा व विज्ञान की अर्द्ध वार्षिक परीक्षा

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद पटना द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में मंगलवार से अर्द्ध वार्षिक परीक्षा विधिवत रूप से शुरू हुई। परीक्षा के



पहले दिन प्रथम पाली में कक्षा 1 से 8 वीं तक के छात्राओं की भाषा की परीक्षा आयोजित की गई जबकि दूसरी पाली में कक्षा 6 से 8 वीं तक की विज्ञान की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा केवल उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई है। प्रश्न-पत्र ईशिक्षा कोष पोर्टल से डाउनलोड कर वीक्षकों द्वारा ब्लैक बोर्ड पर लिखा गया। प्रश्न-पत्र हार्ड कापी में उपलब्ध नहीं रहने से वीक्षकों को न केवल परेशानी झेलनी पडी बल्कि प्रश्नों को ब्लैक बोर्ड पर लिखने में ही आधा घंटा से ज्यादा समय लग गया। कक्षा 2 से आठवीं तक की लिखित परीक्षा में पहले दिन भाषा व विज्ञान विषयों में 50 अंकों के पांच से आठ प्रश्न हल करने थे। ज्यादातर प्रश्न वस्तुनिष्ठ व लघुतरीय होने के कारण परीक्षार्थियों को प्रश्न हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। ज्यादातर परीक्षार्थियों ने एक घंटे में ही प्रश्न हल कर लिये। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को प्रथम पाली में कक्षा 1 से आठवीं तक की अंग्रेजी व दूसरी पाली में कक्षा 3 से 8 वीं तक की पर्यावरण/सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। कक्षा 1 व 2 के परीक्षार्थियों की परीक्षा मौखिक रूप से हो रही है। पीरो बीइओ मनोज सिंह के अनुसार पहले दिन विभागीय निदेर्शानुसार परीक्षा आयोजित की गई।

## मंचूरियन खाने से दादी-पोती की मौत मामले में नया मोड

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार ओपी अंतर्गत हसनबाजार कस्बे में मंचूरियन खाने से दादी-पोती की हुई मौत के मामले ने नया मोड ले लिया है। मृतका काव्या कुमारी के पिता कुंदन कुमार ने मंचूरियन में जानबूझकर जहरीला पदार्थ मिलाने का आरोप लगाते हुए अपने ममेरा भाई रीतेश कुमार के खिलाफ हसनबाजार ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि जगन्नाथपुर, धुर्वा (रांची) निवासी रीतेश कुमार जो रिश्ते में वादी कुंदन कुमार का ममेरा भाई ने बाजार से मंचूरियन खरीद कर उनकी मां चंद्रावती देवी व बेटी काव्या कुमारी को दिया था। कुंदन कुमार के अनुसार रीतेश ने जानबूझकर मंचूरियन में जहरीला पदार्थ मिला दिया था ताकि उनकी मां बेहोश हो जाए और वह घर के कीमती सामान पर हाथ साफ कर सके। कुंदन कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद हसनबाजार पुलिस ने नये सिरे से मानले की छानबीन शुरू कर दी है।

**मंचूरियन में जानबूझकर जहरीला पदार्थ मिलाने का आरोप**

## सरकारी राहत नाकाफी, बाढ़ राहत के नाम पर लूट पर लगे रोकः माले

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा-माले जिला सचिव अभ्युदय ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भोजपुर की जनता से बाढ़ राहत संग्रह अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाकपा-माले, छात्र संगठन आइसा एवं नौजवान संगठन आरवाईए के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 19 सितंबर तक बाढ़ राहत संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भोजपुर जिले के 10 प्रखंड बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में लोगों के घर, फसल, सड़क, पशुधन और आजीविका को भारी नुकसान हुआ है। हजारों परिवार आज भी भोजन, कपड़ा, दवा और अन्य जरूरी सामग्री की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी राहत एवं बचाव कार्य जरूरत के मुकाबले नाकाफी साबित हो रहे हैं। वहीं, राहत वितरण के नाम पर कई जगहों से अनियमितता, भेदभाव और प्रशासनिक लापरवाही की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने मांग की कि बाढ़ राहत के नाम पर किसी भी तरह की लूट और भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा राहत वितरण में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

## दरभंगा मेडिकल कॉलेज में एनएनएफ पीजी क्विज का आयोजन



■ डॉ. अन्नपूर्णा आदर्श बनीं विजेता, डॉ. अभिषेक सिंह व डॉ. फरहान संयुक्त रूप से द्वितीय

**दरभंगा (एसएनबी)।** दरभंगा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग में सोमवार को नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) पीजी क्विज का आयोजन किया गया। नवजात शिशुओं की चिकित्सा एवं देखभाल पर आधारित इस प्रतियोगिता में विभाग के सभी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में डॉ. अन्नपूर्णा आदर्श ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि डॉ. अभिषेक सिंह और डॉ. फरहान संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। शिशु रोग विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. रिजवान हैदर ने विजेता एवं उपविजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में नवजात चिकित्सा का गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक ज्ञान विकसित करती हैं। 27 सितंबर 2026 को एम्स पटना में आयोजित होने वाले एनएनएफ पीजी क्विज के डिविजनल राउंड में डॉ. अन्नपूर्णा आदर्श और डॉ. अभिषेक सिंह दरभंगा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।क्विज का संचालन क्विज मास्टर डॉ. नेहा झा एवं डॉ. सरिता ने किया। प्रतियोगिता के सभी प्रश्न नवजात शिशुओं की बीमारियों, उपचार तथा चिकित्सकीय देखभाल पर केंद्रित थे। वरिष्ठ रेजिडेंट्स ने प्रतियोगिता आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मणिशंकर तथा विभाग के वरिष्ठ रेजिडेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. मणिशंकर, डॉ. सरिता, डॉ. शफी, डॉ. प्रभा किरण और डॉ. के.के. झा सहित विभाग के शिक्षक, चिकित्सक एवं रेजिडेंट्स उपस्थित थे। प्रो. डॉ. रिजवान हैदर के विभागाध्यक्ष बनने के पश्चात शिशु विभाग में पठनपाठन का माहौल काफी अच्छा हुआ है, और एकेडमिक। गतिविधियाँ और सेमिनार नियमित रूप से हो रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का सार्वजनिक जीवन गरीब, वंचित शोषित व समाज के कल्याण को रहा समर्पित : पप्पू सिंह

### दरभंगा पूर्वी जिला अंतर्गत अलीनगर पूर्वी मंडल में जिला कार्यशाला का आयोजन



**अलीनगर (एसएनबी)।** मंगलवार को भाजपा दरभंगा पूर्वी जिला अंतर्गत अलीनगर पूर्वी मंडल में भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नरमा स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों को समर्पित ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न को सफल बनाने को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया ने की। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता की प्रेरणादायी यात्रा है। ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न के माध्यम से उनके सेवा कार्यों एवं जनकल्याणकारी विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी कार्यकताओं का दायित्व है। वहीं जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न को लेकर जिला स्तर से लेकर मंडल एवं बूथ स्तर तक व्यापक तैयारियां की गई हैं। अभियान के तहत सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा।

जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन गरीब, वंचित, शोषित एवं समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण को समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया है। ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प है। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ सक्रिय भूमिका निभाएंगे।सभी ने मिलकर 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न को व्यापक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।इस दौरान गंगाराम सहनी, रामबाबू साहू,बलराम झा,श्रवण झा,बैजू चौधरी, निखत प्रवीण,अनिल ठाकुर, अमित कुमार सिंह, जगरनाथ यादव, पुरुषोत्तम सिंह,त्रिवेणी सदा,पप्पू महतो,संतोष मंडल आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**दरभंगा (एसएनबी)।** सदर थाना क्षेत्र के बदिया पुल के पास सोमवार शाम सड़क हादसे में घायल 48 वर्षीय उमेश राम की डीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड नंबर-3 निवासी स्व. छेदी राम के पुत्र उमेश राम के रूप में हुई।मृतक के छोटे भाई संजय राम ने बताया कि उमेश काम करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदिया पुल के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक रॉन्ग साइड में आ गई और उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उमेश समेत दूसरी बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने सोमवार शाम करीब 5:30 बजे परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन डीएमसीएच पहुंचे, जहां उमेश का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं, दूसरी बाइक पर सवार घायलों में एक की पहचान मनोज कुमार, पिता चतुर देव यादव के रूप में बताई जा रही है, जबकि दूसरे की पहचान 25 वर्षीय संतोष कुमार, निवासी मनीगाछी के रूप में हुई है। दोनों का भी इलाज चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिमरी के बनौली मे 551 कन्याओं ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा



**सिंहवाड़ा (एसएनबी)।** सिमरी थानाक्षेत्र के बनौली गांव स्थित भगवती स्थान परिसर में श्री श्री 108 गणपति पूजनोत्सव के अवसर पर मंगलवार को 551 कन्याओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। पुजा स्थली से निकली कलश शोभायात्रा ग्राम परिकर्मा करते हुए विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुए जुरिया नदी पहुंची। वहां से पवित्र जल लेकर मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। पूजनोत्सव के संकल्पित यजमान मनोहर शर्मा एवं कैलाश शर्मा को पंडित मनोज झा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई।पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील महतो एवं सचिव चंदन शर्मा ने बताया कि पिछ्ले 11 वर्षो से समिति की ओर से गणेश पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य दिलीप यादव,मुखिया संजू कुमारी,सरपंच रमेश सहनी पूजा समिति के सदस्य मनीष कुमार महतो, हरिलाल शर्मा, रंजीत पासवान, जगजीवन शाह, मुकेश शर्मा, शिक्षक सुजीत कुमार, रामचंद्र महतो, कैलाश महतो, अरुण भगत, नुनु भगत, धनराज साह अनिल शर्मा सहित ग्रामीण देखरेख मे लगे रहे ।

### पोहद्दी बेला पुरानी बाजार में गणेश विसर्जन की तैयारी पूरी

**घनश्यामपुर (एसएनबी)।** श्री श्री 108 नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति, पुरानी बाजार पोहद्दी बेला द्वारा गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। समिति ने जानकारी दी है कि 15 सितंबर को पूजा पंडाल से भगवान गणेश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा झिंकड़ी कुंवारी कन्याधारी रामभवन मंदिर प्रांगण के अठवार से होते हुए जल सरकार के लिए रवाना होगी। वहीं 16 सितंबर की रात्रि में झांकी के साथ जागरण और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।*गणेश पूजा समितिअध्यक्ष मुकेश कुमार पंडितवाल, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार वर्णवाल, पुजारी शिव साहू, सचिव पिन्टू कुमार व मुरली प्रसाद सदस्य शुभंकर साहू, अमर साहू, राकेश कुमार, संजीव कुमार, सुमन पोद्दार, विकास साहू, प्रकाश कुमार, दीपक साहू, रोशन साहू, महावीर साहू सहित अन्य उत्साह के साथ गणेश उत्सव मना रहे हैं।

### ग्राइंडर मशीन के ब्लेड से राज मिस्त्री जख्मी

**दरभंगा (एसएनबी)।** मधुबनी जिला के सकरी थाना क्षेत्र के चौरी पंडौल में मंगलवार की सुबह निमार्णाधीन मकान में शटरिंग खोलने के दौरान ग्राइंडर मशीन की ब्लेड से एक राजमिस्त्री का बांया कंधा बुरी तरह जख्मी हो गया। आनन फानन में इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जख्मी चौरी पंडौल निवासी शंकर सहनी का पुत्र रंजीत सहनी (28) बताया जाता है। डीएमसीएच इमरजेंसी में परिजनों ने बताया कि रंजीत गांव में ही एक नवनिर्मित मकान में शटरिंग खोल रहा था। इसी दौरान ग्राइंडर मशीन का ब्लेड अचानक निकलकर उसके बाएं कंधे पर लगा। ब्लेड से कंधे के पास गंभीर जख्म हो गया।

### अनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. गौड़ी शंकर झा



बिहार के दूसरे और दरभंगा के पहले चिकित्सक को मिली यह जिम्मेदारी

**दरभंगा (एसएनबी)।** अनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर दरभंगा के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. गौरी शंकर झा मनोनीत किए गए हैं। यह उपलब्धि बिहार के लिए दूसरी और दरभंगा के लिए पहली बार है। इससे पूर्व 1980 में डॉ. प्रो. जगन्नाथ पी., पटना मेडिकल कॉलेज जिन्होंने वर्ष 1980 में अनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया कांफ्रेंस की मेजबानी की थी उन्हें बनाया गया था। लगभग 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास वाले दरभंगा मेडिकल कॉलेज के इतिहास में पहली बार कोई अनाटोमिस्ट , अनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना है। यह केवल डॉ. गौरी शंकर झा की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज, बिहार और पूरे मिथिला क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। दरभंगा से राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा और अनाटॉमी के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। ज्ञात हो की डॉ. झा सामाजिक दायित्वों के निर्माण में भी सबसे आगे रहे हैं। विश्व की प्रतिष्ठित रोटरी क्लब से जुड़कर उन्होंने मानवता सेवा का मिसाल भी पेश किया है। पिछ्ले साल दरभंगा में पहली बार आयोजित अनाटॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के कॉन्फ्रेंस की अगुवाई भी उन्होंने ही की थी। यह कॉन्फ्रेंस काफी सफल और प्रेरणादायक साबित हुआ था। डॉ. गौरी शंकर झा को मिली इस जिम्मेदारी पर स्वास्थ्य कर्मियों समाजसेवियों एवं आम जनमानस ने खुशी जाहिर किया है।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक आयोजित 28 को लोक भवन पर प्रदर्शन की तैयारी

**दरभंगा (एसएनबी)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से जनहित से जुड़े विभिन्न सवालों को लेकर सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग,बाढ़-सूखा, किसानों, मजदूरों, भूमिहीनों, युवाओं, छात्रों, महिलाओं तथा शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़े सवालों के स्थायी समाधान सहित अन्य मांगों को लेकर 28 सितंबर को लोक भवन के समक्ष आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बैठक प्रो शब्बीर अहमद बेग की अध्यक्षता में अजय भवन लालबाग में हुई। बाढ़-सूखा का स्थायी निदान करने तथा बाढ़ पीड़ितों को युद्धस्तर पर राहत कार्य उपलब्ध करने,टाउनशिप के बहाने किसानों की जमीन हड़पना बंद करने, कृषि का कॉरपोरेटीकरण बंद करो तथा बिजली-बीज विधेयक वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर किसान सभा के राज्य सचिव व पर्यवेक्षक रामचंद्र महतो ने कहा कि मार्च में इन जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक जनजागरूकता एवं जनसंघर्ष के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाया जाएगा तथा हजारों - हजारों की संख्या में आम लोग 28 सितंबर को पटना राज भवन मार्च में शामिल होंगे। बिहार महिला समाज के महासचिव राजश्री किरण, पार्टी जिला सचिव नारायण जी झा,खेत मजदूर के जिला सचिव सुधीर कुमार ने अपने विचार रखे।किसान सभा के जिला मंत्री अहमद अली तमनने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को लागू करने और योजनाओं को जमीन पर लाने में सफल नहीं हो रही है।

## सरकारी संस्थानों में शाम 7 बजे 100 दीप जलाकर होगा सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत



■ सेवा संकल्प अभियान को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**दरभंगा (एसएनबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के तहत 17 सितंबर 2026 को जिलेभर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में बताया गया कि जिले में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर 2026 को पूरे जिले में दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी संस्थानों के परिसर में शाम 7:00 बजे संकल्प अभियान का उद्घाटन कर 100 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान के तहत जिले के विभिन्न पंचायत भवन परिसरों, अमृत सरोवरों, सरकारी संस्थानों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित कर सेवा, संकल्प एवं सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया जाए। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर की शाम जिले के विभिन्न पंचायत भवन परिसरों एवं अमृत सरोवरों पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसके साथ ही जीविका केंद्रों, प्रखंड कार्यालयों, सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को भी इस आयोजन से जोड़ा गया है। जिला स्तर पर सेवा संकल्प अभियान का मुख्य कार्यक्रम 17 सितंबर 2026 को शाम 7:30 बजे लहेरियासराय स्थित पोलो ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। 5000 दीपों के माध्यम से आकर्षक आकृतियां तैयार की जाएंगी तथा रंगोली के जरिए कार्यक्रम स्थल को विशेष रूप से सजाया जाएगा। दीपों से जगमगाता पोलो ग्राउंड कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस श्रीमती चांदनी सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशिष अमन संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनसेवा से राष्ट्रसेवा पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन का मूल मंत्र : डॉ. गोपाल जी ठाकुर



**बेनीपुर (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा सेवा संकल्प महाअभियान चलाएगी। भारतीय जनता पार्टी दरभंगा पूर्वी जिला के तत्वावधान में बेनीपुर के धेरुख में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर ने उक्त जानकारी दी।

सांसद डा. ठाकुर ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल की शुरूआत की थी। 7 अक्टूबर 2026 को उनके जनसेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों में जनसेवा से राष्ट्रसेवा के मंत्र पर चलते हुए उन्होंने अपनी सेवा यात्रा को सतत जारी रखा है, जो देशवासियों के लिए प्रेरणा का विषय है। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश को नयी दिशा और सामर्थ्य मिली है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का सफर एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में प्रारंभ हुआ और आज देश के प्रधान सेवक के रूप में उन्होंने कार्यों को आगे बढ़ाया है। यह केवल उनके स्पष्ट विजन, दृढ़ संकल्प और सामाजिक जीवन में लगातार गुणात्मक परिवर्तन लाने के प्रयास से संभव हुआ है। पहले दिन से जो ध्येय वाक्य उनके मन में रहे, उनको उन्होंने हमेशा संकल्प बनाया और सिद्धि तक पहुंचाया।सांसद ने बताया कि पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के अवसर पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा हर बूथ पर 250 दिये जलाकर आशीर्वाद के दिये जलाए जाएंगे। इसके साथ ही एक माह तक लगातार जनकल्याण के कार्य किए जाएंगे।सेवा संकल्प महाअभियान के तहत रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, जल संरक्षण अभियान, दिव्यांगजनों के बीच कृत्रिम अंग वितरण, खेल-कूद प्रतियोगिता सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष विनय पासवान, जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम झा, संतोष कुमार झा, रजनीश सुंदरम, प्रवीण कुमार, मीडिया प्रभारी नीरज कुमार, राकेश कुमार सहित जिला संगठन के सभी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## नवविवाहिता अनु की संदिग्ध मौत मामले में पति शिवम झा गिरफ्तार

**घनश्यामपुर (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के रसियारी गांव में नवविवाहिता अनु की संदिग्ध मौत के मामले में घनश्यामपुर पुलिस ने उसके पति शिवम झा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे सोमवार देर शाम रसियारी गांव से गिरफ्तार किया। मंगलवार को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।बताया गया कि अनु की 2 सितंबर को प्रेम प्रसंग के बाद शिवम झा से शादी हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में मृतका के पिता घनश्यामपुर निवासी विजय कामती ने घनश्यामपुर थाने में पति शिवम झा, संतोष झा समेत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में दहेज उत्पीड़न और मारपीट समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं।घनश्यामपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में मृतका के पिता के आवेदन पर सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति शिवम झा को गिरफ्तार किया है। उसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## नगर पंचायत घनश्यामपुर के वार्ड 4 में लगा सहयोग शिविर

**घनश्यामपुर (एसएनबी)।** नगर पंचायत घनश्यामपुर के वार्ड संख्या-4 में लगाए गए सहयोग शिविर का मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी संजू कुमारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचने वाले लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यपालक पदाधिकारी संजू कुमारी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर का अभियान लगातार जारी है। नगर पंचायत के किसी भी वार्ड के लोगों को किसी प्रकार की समस्या होने पर वे सहयोग शिविर में आवेदन देकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी एवं नगर पंचायत से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

## उसड़ी पंचायत सरकार भवन पर सहयोग शिविर का आयोजन

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एसएनबी)।** प्रखंड अंतर्गत उसड़ी पंचायत सरकार भवन पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जहां सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओ से जुड़ा सभी तरह कि समस्या के समाधान करने के लिए हर विभाग का अपना अलग-अलग काउंटर बनाया गया जिसमें जिस विभाग से संबंधित समस्या है उस काउंटर पर आवेदन दिया जाय जहां सभी विभागों के अलग-अलग कर्मी मौजूद थे और हर तरह कि समस्या का आवेदन लिया गया और सहयोग शिविर के निरीक्षण के लिए अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय खलासिन शिविर में पहुंच कर शिविर का मुआयना किया और संबंधित विभाग के कर्मी से बताया कि जो भी आवेदन आता है उसे संबंधित विभाग में रजिस्टर्ड कर समाधान किया जाएगा शिविर में राजस्व विभाग, स्वास्थ विभाग, बिजली विभाग, जी राम जी, आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ग्रामीण कार्य विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, बाल विकास परियोजना, डेयरी फार्म सहित दर्जनों विभाग से आवेदन आया और बिडीओ प्रभा शंकर मिश्रा ने बताया कि पंचायत सरकार भवन उसड़ी के सहयोग शिविर में कुल 18 आवेदन आया और उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुशेश्वरस्थान में कुल 12 आवेदन आया वहीं प्राथमिक विद्यालय खलासिन में कुल 18 आवेदन आया जो भिन्न-भिन्न विभाग से आवेदन आया है । बिडीओ श्री मिश्रा ने बताया कि इस सहयोग शिविर में आए हुए आवेदन समय से लगभग 30 दिनों के अंदर समाधान किया जाएगा कई ऐसे आवेदन है जो एक सप्ताह के बाद से ही समाधान होना शुरू हो जाएगा चाहे कुछ भी हो 30 दिनों के अंदर शिविर में आए हुए सभी आवेदनों का समाधान किया जाएगा ।

# युवा आपदा मित्र में सी. एम. साइंस कॉलेज के पांच स्वयंसेवक शीर्ष 20 में चयनित



**दरभंगा (एसएनबी)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 14 सितंबर तक विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में आयोजित सात दिवसीय आवासीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल 200 स्वयंसेवकों में सी. एम. साइंस कॉलेज के पाँच स्वयंसेवकों ने शीर्ष 20 में स्थान बनाने में सफलता हासिल किया। इनमें अमृत कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। जबकि अर्णब, मेहविश, अविनाश एवं जोया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से युवाओं में सामाजिक सरोकार के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आपदा के विषम परिस्थिति में प्रशिक्षित युवा रक्षक की भूमिका निभाकर जन-धन की क्षति को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. युगेश्वर साह ने कहा कि स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, उत्साह और समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वयंसेवकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस आवश्यकता उन्हें उचित मंच और अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तर पर बढ़ाया भारत का सम्मान : सी ए सुरेश झा



■ कहा आपसी व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

**दरभंगा (एसएनबी)।** भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सह प्रख्यात चार्टर अकाउंटेंट सी ए सुरेश झा ने कहा की नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन मे भारत ने वैश्विक स्तर पर बहुत बड़ी कूटनीतिक और रणनीतिक सफलता प्राप्त की है। आज विश्व भर के देशों में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का सम्मान विश्व पटल पर बढ़ाया है। 45 पन्नों और 140 बिंदुओं वाले नई दिल्ली घोषणापत्र' पर सभी 11 सदस्य देशों की सहमति और एकजूटता ने विश्व को एक बड़ा संदेश दिया है। अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए आपसी व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल और क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स को आसान बनाने की व्यवस्था को मंजूरी दी गई। इससे इन देशों के बीच जो व्यापार होंगे उसमें सभी देशों को सहूलियत और फायदा होगा।भारत ने चीन, रूस, ईरान और यूएई जैसे देशों को एक मंच पर लाकर एशिया में हाल ही में हुए युद्ध से उत्पन्न स्थिति से निपटने में एकजुटता की भावना को जागृत किया। सीमा पार आतंकवाद और आतंकवादियों की फंडिंग के खिलाफ शून्य सहिष्णुता जीरो टॉलरेंस की नीति पर सभी देशों ने सहमति जताई। वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नियमों पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। भारत में यह स्पष्ट कर दिया है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों का हिमायती है। कार्यक्रम के दौरान सिर्फ वेज भोजन की व्यवस्था भी अपने आप में एक बड़ा संदेश है। जिस तरह 11 देशो के राष्ट्रध्यक्षों ने एक साथ पौधारोपण किया उसने पर्यावरण संतुलन का एक बड़ा संदेश दिया। भाजपा नेता सी ए सुरेश झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर भारत की नेतृत्व क्षमता एवं शक्ति का एहसास दिला दिया है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश को विश्व गुरु बनाने की योजना है लेकिन उससे पहले ही भारत इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। भारत के जेन जेड के युवाओं को अपने प्रधानमंत्री पर गर्व महसूस हो रहा है। पूरे देशवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर गौरवान्वित किया है। आज ब्रिक्स सम्मेलन के बाद देश विदेश में व्यापार रोजगार एवं विश्वास की भावना बढ़ी है।

# आर्केस्ट्रा में नाबालिग बालिकाओं के शोषण का खुलासा, 40 का रेस्क्यू

■ संचालक सहित 12 पुरुष व तीन महिला कर्मी गिरफ्तार, विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ चला विशेष छापेमारी अभियान

**मधुबनी।** आर्केस्ट्रा के नाम पर नाबालिग बालिकाओं के शोषण एवं अवैध रूप से कार्य कराने के विरुद्ध मधुबनी जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अपर पुलिस महानिदेशक (कमजोर वर्ग), बिहार, पटना एवं मिशन मुक्ति फाउंडेशन के निर्देश पर वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार 14/15 सितंबर की रात्रि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 40 नाबालिग बालिकाओं को रेस्क्यू किया गया। वहीं, आर्केस्ट्रा संचालक सहित 12 पुरुष एवं तीन महिला कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है।

**विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई छापेमारी**

पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना के नेतृत्व में संबंधित थाना, महिला थाना, मानवाधिकार संस्था एवं चाइल्डलाइन टीम की संयुक्त टीम गठित की गई थी। टीम ने बासोपट्टी, अरेर, बेनीपट्टी, खजौली एवं लौकहा थाना सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित आर्केस्ट्रा में छापेमारी की। इस दौरान बरामद सभी 40 नाबालिग बालिकाओं को विधिवत महिला थाना, मधुबनी लाया गया है।

**15 आरोपित गिरफ्तार**

पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया नाबालिग बालिकाओं को आर्केस्ट्रा में कार्य कराने के मामले में संचालक सहित कुल 15 कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 12 पुरुष एवं तीन महिलाएं शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध महिला थाना में कांड संख्या 64/26, दिनांक 15 सितंबर 2026 को प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में बीएनएस की धारा 79, 111, 141, 143, 145, 98, 296 एवं 3(5), जेजे एक्ट की धारा 79, इङ्ग्लीर्ग़ छुंड्ढ्९ (अुइ्ड्य्अ्इल्ल) अुउ की धारा 16/17/18 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 13/14 के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार पुरुष आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वहीं, महिला आरोपितों के संबंध में विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

**बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश होंगी बालिकाएं**

रेस्क्यू की गई सभी नाबालिग बालिकाओं को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि नाबालिग बच्चों एवं बालिकाओं को शोषण, अवैध रोजगार अथवा मानव तस्करी जैसी गतिविधियों में संलिप्त करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

**छापेमारी टीम में शामिल अधिकारी**

छापेमारी टीम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रश्मि कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक साइबर थाना अंकुर कुमार, प्रभारी एएचटीयू पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार, प्रभारी सीसीटीएनएस पुलिस निरीक्षक अमित कुमार, नगर थाना के पर्यवेक्षी पदाधिकारी पुलिस निरीक्षक शमशाद आलम, महिला थाना अध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक रीना भारती, सहायक अवर निरीक्षक रंजू कुमारी सहित पुलिस केंद्र के पदाधिकारी एवं सिपाही शामिल थे।

**गिरफ्तार आरोपितों के नाम**

इरफान आलम, राहुल सिंह, नंदलाल प्रसाद, अजय कुमार, श्याम कुमार यादव, समरशिल, आयुष शर्मा, देवचंद्र परनामी, परमेश्वर राम, संजन कुमार दास, काशीनाथ मंडल एवं नंदकिशोर यादव। इसके अलावा तीन महिला कर्मियों की गिरफ्तारी की गई है।

# डीएम ने सहयोग शिविर का लाभ उठाने व सेवा संकल्प अभियान के तहत आम जनता से आशीर्वाद के रूप में दीप जलाने का किया आह्वान

**मधुबनी।** जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने मंगलवार को अधिकारियों की टीम के साथ जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान जनता के बीच उपस्थित होकर किया। इसके लिए जिला के दूरस्थ प्रखंड बासोपट्टी के सबसे सुदूरवर्ती पंचायत में सहयोग शिविर का सफल एवं सुचारु आयोजन कर प्रत्येक ग्रामीण की बारी-बारी से गंभीरतापूर्वक समस्याएं सुनी तथा संवेदनशील होकर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का वास्तविक निवारण किया।

सहयोग शिविर का शुभारंभ गरिमा पूर्ण रूप से राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति से हुआ। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी बासोपट्टी द्वारा अवगत कराया गया की शिविर में कुल 260 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 201 आवेदन का निष्पादन कर दिया गया है तथा 59 आवेदन नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई हेतु प्रक्रियाधीन है। मुख्य रूप से राशन कार्ड के 34 मामले, राजस्व एवं भूमि सुधार के 28 मामले, शौचालय भुगतान के 153 मामले, सामाजिक सुरक्षा के 8 मामले, पशुपालन के 19 मामले प्रमुख रूप से पाए गए। शिविर में हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाए गए थे जिसमें लगभग 97 लोगों का चेकअप किया गया। शिविर में जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत स्तरीय कर्मियों की महती जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी पंचायत स्तरीय कर्मी मुख्यालय में बने रहें तथा ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करते



हुए पंचायत में वार्ड बार संचालित कार्यों पर नजर रखें तथा उसका जवाब देही से ससमय पूरा करें। इस क्रम में जिला पदाधिकारी के निर्देश पर शिविर में जनता के समक्ष बारी बारी से पंचायत स्तरीय कर्मीगण उपस्थित हुए तथा अपना नाम नंबर एवं पदनाम सार्वजनिक किया ताकि पंचायत के व्यक्ति संबंधित कर्मी से सीधा समन्वय एवं संवाद स्थापित कर अपना कार्य सुगम एवं त्वरित रूप से करा सकें। इस दौरान घोडबंकी के पंचायत सचिव, किसान सलाहकार ग्रामीण आवास सहायक पंचायत कार्यपालक सहायक, कचहरी सचिव, राजस्व कर्मचारी सहित प्रखंड बासोपट्टी के कनीय अभियंता बिजली, कनीय अभियंता पीएचईडी, कनीय अभियंता लघु सिंचाई ने आम लोगों के बीच उपस्थित होकर अपना परिचय देते हुए कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस क्रम में जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने सात निश्चय योजना के तहत सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पीएचईडी के कनीय अभियंता को घोड़बंकी पंचायत के सभी 13 वार्डो की स्थिति वार्डबार स्पष्ट करने तथा खराब नल जल के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निमित्त टाइमलाइन फिक्स करने का सख्त निर्देश दिया। इस पर कनीय अभियंता ने पंचायत की सभी 13 वार्ड की वार्ड बार अद्यतन स्थिति एवं दोषपूर्ण स्थिति को तीन से चार दिनों के अंदर सुधारने का भरोसा दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत के लोगों को पंचायत भवन में स्थित आरटीपीएस काउंटर पर ही आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हैं। कार्यपालक सहायक ने शिविर में आम लोगों को अवगत कराया की इस काउंटर के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी प्रमाण पत्र निर्गत किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने आम लोगों को आरटीपीएस काउंटर से सभी सेवाएं समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेही तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर में उपस्थित है डीसीएलआर जयनगर एवं अंचलाधिकारी बासोपट्टी ने जमीन से संबंधित मामलों दाखिल खारिज परिमार्जन जमाबंदी, भूमि विवाद आदि के निष्पादन की प्रावधान एवं प्रक्रिया से अवगत कराते हुए किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराने का भरोसा दिया।इसके अतिरिक्त अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में आम लोगों को अवगत कराते हुए लाभ उठाने की अपील की। शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने शिविर में उपस्थित तमाम ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त की तथा सरकारी योजनाओं के ससमय एवं प्रभावी क्रियान्वयन मे आवश्यक सहयोग एवं सुझाव देने की अपील की। उन्होंने सभी ग्रामीणों को अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने को कहा। साथ ही शिक्षा के मंदिर के रूप में स्कूलों की व्यवस्था सुधारने में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के सभी प्रतिनिधियों को अपनी निधि का उपयोग स्कूलों की आधारभूत संरचना को सुदृढ बनाने मे उपयोग करने की अपील की। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत सभी लाभार्थी दीप जलाकर अपना आशीर्वाद देंशिविर में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शिवम धाकड़, सिविल सर्जन डॉ हरेंद्र कुमार, मंडल पदाधिकारी जयनगर श्री दीपक कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी श्री सुदामा ठाकुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री कुमार दीपक जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री सुदर्शन कुमार सहित कई अन्य विभागों के जिला अनुमंडल प्रखंड के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नदी में डूबने से युवक की मौत, गांव में मातमी माहौल

**बेनीपट्टी।** बेनीपट्टी नगर पंचायत के 21 वार्ड सरिसव गांव के बछड़ाजा नदी में मंगलवार के सवेरे डूबने से एक युवक की मौत हो गई! जानकारी के अनुसार मंटू कामत के 11 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार की हो गई है! घटना के संबंध में बताया गया कि सुबह में अपने दोस्तों के साथबछाजा नदी में बना स्नान घाट पर बैठा हुआ था इस समय बंदरों की झुंड वहां आप पहुंच जिसे देखकर सभी बच्चे नदी में कूद पड़ा! इसकी जानकारी गांव वालों को लगी तो लोग नदी किनार दौड़ पड़े जिसमें अन्य बच्चों को नदी से निकाल लिया गया लेकिन एक बच्चा गौतम कुमार को नदी से निकाल गया जो काफी गंभीर हो गया था उसे अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपट्टी लाया गया जहां उसे डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया! घटना की जानकारी गांव में मिलते ही लोग नदी किनारे और साथ अनुमंडलीय अस्पताल दौड़ पड़े! घटना के बाद परिजनों में रोने चिल्लाने की आवाज लोगों को झकझोर दिया! घटना के बाद बेनीपट्टी थाना पुलिस पहुंचकर मामले की तहकीकात की और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया!

### पतौना पुलिस ने अलग अलग मामलो में दो आरोपीयो को किया गिरफ्तार

**बिस्फी।** प्रखंड अंतर्गत पतौना थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस की सक्रियता चर्चा में है। पुलिस के अनुसार, पतौना थाना कांड संख्या 182/26 में आरोपी सूरज सहनी, निवासी दामल घाट को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, पुलिस ने एक अन्य मामले में डी.डब्ल्यू. वारंटी सरोजनी देवी, निवासी परसौनी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने वारंटी की गिरफ्तारी के बाद उसे भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पतौना थाना पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों एवं न्यायालय से जारी वारंट के निष्पादन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा लंबित मामलों में आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि फरार आरोपियों एवं न्यायालय से जारी वारंट के मामलों में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के निर्देश पर थाना क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ विभिन्न मामलों में वांछित लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है।

### स्वच्छता साथियों ने दुकानदारों को दिलाया प्लास्टिक मुक्त बाजार का संकल्प

**मधुबनी।** एकल उपयोग वाले प्लास्टिक (पॉलीथिन) के इस्तेमाल से होने वाले प्रदूषण एवं पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पंचायत घोघरडीहा द्वारा मंगलवार को घोघरडीहा बाजार एवं अन्य व्यवसायिक क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। पदाधिकारी नौशाद आलम के नेतृत्व में स्वच्छता साथियों द्वारा अभियान चलाकर दुकानदारों एवं आम लोगों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को पॉलीथिन के उपयोग से होने वाले प्रदूषण एवं इससे उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वच्छता पदाधिकारी नौशाद आलम ने कहा कि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का अत्यधिक इस्तेमाल पर्यावरण एवं स्वच्छता के लिए गंभीर चुनौती है। इसके उपयोग को कम करने के लिए आम लोगों की जागरूकता एवं सहभागिता आवश्यक है। लोगों को पॉलीथिन के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने के लिए आगे आना चाहिए। अभियान के दौरान स्वच्छता साथियों ने लोगों से अपने दैनिक जीवन में एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से बचने तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। साथ ही लोगों को यह संदेश दिया गया कि प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है इस अवसर पर स्वच्छता साथी, ज्योति कुमारी, शकीला खातून, लालदेव राम रासमोहन झा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 6 दिवसीय गणेश पूजन उत्सव भक्ति में माहौल में शुरूआत

**खजौली।** प्रखंड क्षेत्र के खजौली बाजार स्थित किसान भवन के परिसर में 6 दिवसीय गणेश पूजन उत्सव भक्ति में माहौल में शुरूआत किया गया। इस दौरान मंगलवार को गणेश पूजन उत्सव की प्रथम दिन 1101 कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कल सुबह यात्रा को विधि वटी रूप से प्रखंड प्रमुख कुमार उषा जीव सदस्य दीपक कुमार सिंह प्रदेश भाजपा नेता सह स्वर्ण व्यवसायी अमरनाथ प्रसाद समाजसेवी दिलीप कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष सपन कुमार सहित अन्य आगंतुक अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से सीता काट कर मंदिर परिसर से सुक्की साइफन स्थित पवित्र कमला नदी से जल भरने के लिए रवाना किया । इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया की जयकारे से खजौली बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में भक्ति में माहौल बना हुआ था । कलश शोभा यात्रा गणेश पूजा पंडाल से चलकर सुक्की साइफन स्थित कमला नदी के त्रिवेणी संगम तट के किनारे जल भरकर पुनः गणपति बप्पा मोरिया के साथ पूजा पंडाल पहुंचा। जहां पुजारी संजय सिंह को पंडित गंगाधर जाने मंत्र उच्चारण के साथ प्रत्येक कलश को विधिवत रूप से स्थापना किया।

# सहयोग शिविर के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को निष्पादित कराना है उद्देश्य : एसडीएम



**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र के परसौनी उत्तरी पंचायत में एसडीएम शारंग पाणि पांडेय,बीडीओ बसंत कुमार सिंह,,एमओ कौशल कुमार मंडल, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हमीद गफूर, बीपीएम अमर ज्योति मिश्रा, पीएचईडी जेई रवि कुमार जबकि रथौस पंचायत मे जिला पंचायत राज पदाधिकारी राकेश कुमार झा, बीपीआरओ शेखर कुमार,वीएओ कौशल कुमार सिंह ने पंचायत सरकार भवन के परिसर में सहयोग शिविर का शुभारंभ किया.शिविर में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे. सहयोग शिविर में पोर्टल के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें आवास,पेंशन, नल जल, स्वास्थ्य, जमीनी विवाद से संबंधित आवेदन अधिक था. जिसमें कई आवेदनों का निष्पादन तत्काल कर दिया गया. सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं कि जानकारी भी दी गई. शिविर में उपस्थित एक-एक ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया.एसडीएम पांडेय ने कहा कि शिविर आम जनता के लिए काफी फायदेमंद है. शिविर के माध्यम से आम जनों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से की जा रही है. सरकारी विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर रहे हैं .शिविर आम अवाम के लिए काफी महत्वाकक्षी हैं. लोग शिविर के माध्यम से अपनी या जनहित से दूरी समस्याओं का निदान करवा रहे हैं. 30 दिनों में लोगों कि समस्या का निदान की जा रही है. शिविर के प्रति जागरूक बनाकर आवेदन लोग दे रहे हैं. और समस्याओं का निष्पादन करवा रहे.मौके पर मुखिया अनिता कुमारी, समाजसेवी आनंद यादव, पंचायत सचिव दीपक कुमार, आवास सहायक सवाउद्दीन सहित कई लोगों उपस्थित थे.

# मधुबनी की सड़क योजनाओं को गति देने के लिए पथ निर्माण मंत्री से मिले विधायक माधव आनंद

■ गुमती नंबर-13 सड़क परियोजना को लेकर रेलवे और बिहार सरकार के स्तर पर जारी है प्रयास

**मधुबनी।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र की सड़क एवं यातायात से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं को शीघ्र गति देने के उद्देश्य से विधायक माधव आनंद ने मंगलवार को पटना में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न सड़क योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके क्रियान्वयन एवं आगे की कार्यवाही पर चर्चा की।बैठक में निधि चौक से रेलवे स्टेशन सड़क चौड़ीकरण, हनुमान मंदिर-मालगोदाम से गुमती नंबर-13 तक सड़क, कोतवाली चौक-पेठपाट सड़क, सकरी रोड, पंडौल बाजार से संबंधित सड़क, सिंघानिया चौक-स्टेडियम-महाराजगंज-गांधी चौक-सूड़ी हाई स्कूल मार्ग, कनकपुर-जगतपुर रिंग रोड, भिरसार-गंगापुर रिंग रोड के दक्षिणी भाग तथा आर.के. कॉलेज मुख्य द्वार से भुवना उद्यान मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

गुमती नंबर-13 सड़क के लिए रेलवे और सरकार से समन्वयविधायक माधव आनंद ने बताया कि गुमती नंबर-13 से संबंधित सड़क परियोजना को लेकर रेलवे मंत्रालय और बिहार सरकार, दोनों स्तरों पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पूर्व में रेल मंत्री से मुलाकात कर इस मुद्दे को उठाया था। इसके बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मुलाकात की गई, जिसके पश्चात मुख्यमंत्री स्तर से पथ निर्माण विभाग के सचिव को



आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया था।मंगलवार को पथ निर्माण मंत्री के साथ हुई बैठक में भी इस परियोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। विधायक ने कहा कि रेलवे से आवश्यक समन्वय के साथ-साथ पथ निर्माण विभाग के स्तर पर भी प्रयास जारी है, ताकि इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को जल्द आगे बढ़ाया जा सके।चौथी बार पथ निर्माण मंत्री से समीक्षामाधव आनंद ने कहा कि पथ निर्माण मंत्री के मंत्री बनने के बाद यह उनकी उनसे लगभग चौथी मुलाकात है। इससे पहले 11 सितंबर को शून्य काल समिति के सभापति के रूप में पथ निर्माण विभाग से संबंधित प्रश्नों की समीक्षा के दौरान भी मधुबनी विधानसभा क्षेत्र की सड़क योजनाओं को प्रमुखता से रखा गया था।उन्होंने कहा कि मधुबनी की सड़क समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास केवल विधानसभा सदन तक सीमित नहीं है। सदन में प्रश्न उठाने के साथ विभागीय अधिकारियों, सचिव, संबंधित मंत्री एवं मुख्यमंत्री स्तर पर लगातार समन्वय और समीक्षा की जा रही है।विकास कार्यों में तेजी का दावाविधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र की ओर से मधुबनी की विकास योजनाओं को लेकर सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। सरकार द्वारा योजनाओं के लिए राशि उपलब्ध कराए जाने के साथ सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों में भी क्रमशः तेजी आ रही है।उन्होंने कहा कि मधुबनी की जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया है। समस्याएं उन्हें विरासत में मिली हैं, लेकिन उनसे भागना उनका उद्देश्य नहीं है। एक-एक समस्या को चिन्हित कर संबंधित विभाग एवं सरकार के स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है, ताकि उसका समाधान धरातल पर दिखाई दे।विधायक ने कहा कि विकास कार्यों को लेकर सवाल उठना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है और जनता को सवाल पूछने का पूरा अधिकार है। राजनीतिक बहस अपनी जगह है, लेकिन विकास का वास्तविक जवाब काम और परिणाम से ही दिया जाना चाहिए। मधुबनी के विकास के लिए उनके प्रयास में कोई कमी नहीं होगी।उन्होंने जनता से विकास कार्यों को लेकर भरोसा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।विधायक की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि योजनाओं एवं अब तक किए गए प्रयासों से संबंधित आवश्यक पत्राचार, एनओसी, विभागीय संचार एवं अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ जानकारी सार्वजनिक की जा रही है, ताकि विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति एवं अब तक किए गए प्रयासों की जानकारी जनता के समक्ष पारदर्शिता के साथ रहे।

## सड़क निर्माण की गुणवत्ता व प्रगति से कोई समझौता नहीं

# सरकारी मानक व गुणवत्ता के अनुरूप सड़क निर्माण करने का सख्त आदेश : जिलाधिकारी

**मधुबनी।** जिले में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाने की दिशा में जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा द्वारा लगातार प्रभावी पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी, मधुबनी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन उमगांवझंझारपुर-आही सड़क का स्थल निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि उमगांव-सहरसा पैकेज-1 के अंतर्गत निर्माणाधीन उक्त सड़क की कुल लंबाई लगभग 21 किलोमीटर है। इसमें लगभग 11 किलोमीटर बाईपास तथा शेष 10 किलोमीटर मौजूदा सड़क का हिस्सा शामिल है। जिलाधिकारी ने स्थल पर पहुंचकर सड़क की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्य की प्रगति तथा यातायात की सुगमता से संबंधित बिंदुओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि सड़क के कुछ हिस्सों की स्थिति खराब है तथा कई स्थानों पर गड्ढे एवं जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने ठलअक के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को एजेंसी एवं ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आम लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति की निगरानी करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आधारभूत संरचनाओं के विकास से न केवल आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, बल्कि व्यापार, कृषि, रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी सुगम होगी। उमगांवझंझारपुरआही मार्ग का निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है और इसके पूर्ण होने से लोगों को बेहतर एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने संबंधित विभाग एवं कार्यकारी एजेंसी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में चल रही सभी महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं की नियमित समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण किया जाएगा। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। जिलाधिकारी की इस पहल से निर्माणाधीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के कार्य में तेजी आने तथा आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी।

## आत्मा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

# कृषि तकनीक व नवाचारों को किसानों तक पहुंचाने पर जोर

**मधुबनी।** आत्मा,कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण,द्वारा संयुक्त कृषि भवन, मधुबनी में 11 सितंबर को आत्मा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग के पदाधिकारियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों तथा आत्मा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, सुदामा ठाकुर द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं वैज्ञानिकों के स्वागत के साथ किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा वित्तीय वर्ष में आत्मा द्वारा किए गए विभिन्न क्रियाकलापों तथा आगामी प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी समिति के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। उन्होंने आत्मा के माध्यम से कृषि तकनीकों एवं विभागीय कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुँचाने तथा किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा मखाना की खेती से जुड़े किसानों के लिए एक



महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बताया गया कि मखाना की हार्वेस्टिंग के पश्चात तालाबों में मछली पालन को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के साथ-साथ किसानों की अतिरिक्त आय में वृद्धि की संभावना है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा जलकुम्भी से तैयार किए जा रहे जैविक खाद एवं उसकी निर्माण तकनीक के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने सुझाव दिया कि इस तकनीक को आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण, प्रदर्शन एवं अन्य किसानोन्मुखी कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों तक पहुँचाया जाए, ताकि जलकुम्भी जैसी समस्या को उपयोगी जैविक संसाधन में परिवर्तित किया जा सके। बैठक के दौरान उपस्थित प्रगतिशील किसानों से भी उनका मंतव्य एवं सुझाव लिया गया।

**मुजफ्फरपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा एक्शन : कारोबारियों में हड़कंप**

# नकली पनीर और मिलावटी मिठाइयों के खिलाफ छापेमारी

**दैनिक नवसंदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** पर्व त्यौहार की हुई शुरूआत के साथ हीं बाजार में डेयरी प्रोडक्ट एबं मिठाईयों की अधिक मांग को देखते हुए डेयरी प्रोडक्ट एवं मिठाई दुकानों में नकली डेयरी प्रोडक्ट एवं खराब मिठाईयों की बिक्री किए जाने की संभावना के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम फिर सक्रिय हो गई है तथा नगर के डेयरी प्रोडक्टस एवं मिठाई दुकानों में छापामारी शुरू कर दिया है। नकली पनीर और मिलावटी मिठाइयों के कारोबारियों के खिलाफ शुरू हुई ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान से नगर के मिलावटखोर और अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

मिल रही शिकायत के आधार पर विभाग की टीम ने मंगलवार को काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के मुक्तिनाथ मंदिर के समीप स्थित 'बालाजी स्वीट्स' नामक मिठाई दुकान पर औचक छापेमारी की। इस दौरान टीम ने मौके से लगभग 20 किलो दूषित और उपयोग की दृष्टि से अयोग्य मिठाई को जब्त किया, साथ ही दुकान में रखी अन्य मिठाइयों के नमूने भी जांच के लिए सुरक्षित कर संग्रह किया।



मिठाई दुकान मे छापामारी कर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जब्त की गई उपयोग के लिए अयोग्य पाई गई मिठाइयाँ।

इस दौरान टीम ने रामदयालु नगर के चौधरी गली स्थित यादव डेयरी में भी छापामारी की तथा उपलब्ध प्रोडक्टस की प्राथमिक जांच करते हुए पनीर का नमूना विधिवत जब्त किया। विभागीय टीम के सदस्यों ने बताया कि पनीर की क्वालिटी को लेकर आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गईं है। जब्त पनीर जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शहर में लगातार नकली पनीर और मिलावटी मिठाइयां बेचे जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले ऐसे मिलावटखोरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभाग ने यह सख्त कदम उठाया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह छपामारी अभियान दशहरा, दीपावली, छठपुजा और गंगास्नान मेला तक चलाया जाएगा, ताकि के नकली डेयरी प्रोडक्टस और सड़ी गली मिठाईयाँ बेचने वाले लोग आमलोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकें। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान जब्त किए गए सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने वाले उत्पादों के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों और कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सोशल मीडिया पोस्ट पर VIP पार्टी नेता को धमकी, कुढ़नी थाने में शिकायत दर्ज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनंत कमतौल निवासी विकासशील इंसान पार्टी (श्क्ध) के प्रदेश उपाध्यक्ष निलाभ कुमार को फोन पर कथित रूप से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर निलाभ कुमार ने कुढ़नी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के अनुसार, 12 सितंबर 2026 की शाम करीब 6:40 बजे निलाभ कुमार के मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम मनीष पाठक बताया। आरोप है कि बातचीत के दौरान मनीष पाठक ने निलाभ कुमार के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि धमकी देने वाले व्यक्ति ने श्क्ध नेता स्व. विनोद श्री के



वीआईपी के प्रदेश उपाध्यक्ष निलाभ कुमार

संबंध में फेसबुक पर किए गए एक पोस्ट को लेकर आपत्ति जताई थी। निलाभ कुमार का कहना है कि उनके पास घटना से संबंधित डिजिटल साक्ष्य भी मौजूद हैं, जिन्हें शिकायत के साथ पुलिस को सौंपा गया है। निलाभ कुमार ने कुढ़नी थानाध्यक्ष से मामले की जांच कर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत 14 सितंबर 2026 को कुढ़नी थाने में दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**संक्षिप्त खबरें**

### मुजफ्फरपुर में 59वां अभियंता दिवस समारोह आयोजित, विश्वेश्वरैया को दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अभियंत्रण सेवा समन्वय समिति, बिहार एवं विद्युत परीक्षण अभियंत्रण, मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती एवं 59वें अभियंता दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम पथ निर्माण विभाग परिसर में स्थित




समारोह के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अतिथि व संगठन के लोग।

उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित हुआ। जहाँ समारोह मे शामिल लोगों ने एम विश्वर्श्वैरैया की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह का उद्घाटन तेज नारायण राम, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ई अंजू कुमारी, विशिष्ट अतिथि ई रामाशीष पाण्डेय सहित समिति के संयोजक ई राम स्वार्थ साह, अध्यक्ष ई. अंजनी कुमार, तथा विभिन्न विभागों के अभियंता मौजूद रहे। मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन, अभियंत्रण क्षेत्र में योगदान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और बदलती तकनीकी परिस्थितियों के अनुरूप अभियंताओं को अपने ज्ञान एवं कौशल को लगातार विकसित करना चाहिए। समारोह के दौरान अभियंताओं से राज्य के विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में ई. आकाश कुमार, सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### गरीबों की हकमारी बर्दाश्त नहीं : अजीत कुमार

**कांटी (एनएसबी)।** कांटी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रमोद सभागार भवन में कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने मंगलवार को प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक में राशन वितरण व्यवस्था, लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक अजीत कुमार ने स्पष्ट कहा कि गरीबों के हक का अनाज किसी भी स्थिति में नहीं रोका जाना चाहिए। गरीबों का शोषण एवं दोहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरतमंद लाभुकों की हकमारी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी

**क्षेत्रीय विधायक ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को पारदर्शिता के साथ राशन वितरण का दिया निर्देश**



क्षेत्र के पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक करते काँटी विधायक।

कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों से सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ राशन वितरण करने की अपील की। विधायक ने कहा कि जन वितरण प्रणाली सरकार की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसका सीधा लाभ गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचता है। इसलिए इसमें किसी प्रकार की अनियमितता या शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से लाभुकों के साथ उचित व्यवहार करने और राशन वितरण में किसी तरह की मनमानी नहीं करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ किशन चंद्रयान, सीओ मुकेश कुमार, एमओ उमेश कुमार, सहायक गोदाम प्रबंधक उज्जवल कुमार समेत क्षेत्र के संबंधित पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे।

### सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने हेतु पताही मंडल ने की बैठक



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा पताही मंडल के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान की तैयारी को लेकर भगवानपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख रामप्रवेश कुमार के यहां कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा को नव मनोनीत अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन जेपी त्रिवेदी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री बद्री ठाकुर ने किया। बैठक में प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र सेवा के 25 वर्षो के सफल कार्यकाल की उपलब्धियां को विस्तार से बताते हुए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के 13 कार्यक्रम एवं संयोजकों की भूमिका पर चर्चा की। प्रदेश मंत्री ने नव मनोनीत अध्यक्ष को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंदन कुमार पिंकू ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर अति शीघ्र टीम बनाने पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता हरे राम मिश्रा, रामप्रवेश राय, उप मुखिया अभय रंजन, राहुल सोनी, राजेश नारायण तिवारी, बद्री ठाकुर संजय ठाकुर, विनय यादव, राजकुमार पासवान, राजेंद्र राम, राजू पांडे, अरविंद राम, विनोद साह, संतोष राम, प्रभाकर भारती, राजेश साह ,राकेश कुमार, विनय पासवान, संतोष कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# रिटायर्ड दारोगा के घर में पेट्रोल डाल लगाई आग, परिवार को जिंदा जलाने की कोशिश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अहियापुर थाना क्षेत्र के मुराद्पुरदुल्ला में रिटायर दारोगा विश्वनाथ सिंह के बंद घर के चारों तरफ पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी गई। घटना के वक्त उनका परिवार पटना में था। देर रात पड़ोसी ने फोन कर घटना की सूचना दी। रिटायर दारोगा के पुत्र राजकुमार सिंह ने अज्ञात पर घर में आग लगाकर परिवार के सदस्यों को जिंदा जला कर मार

ने की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने अहियापुर थाने में लिखित शिकायत दी है। राजकुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका परिवार पटना के आशियाना मोड़ के पास रहता है। मुरादपुरदुल्ला में उनकी विधवा भाभी और भतीजा रहते हैं। भाभी सरकारी शिक्षक हैं। वह बिहार से बाहर बेटे की प्रतियोगी परीक्षा दिलाने बाहर गई हैं।

**घटनास्थल से मिले साजिश के सबूत :** घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने पड़ोसियों से संपर्क किया। पड़ोसियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। अहियापुर पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग से घर के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। हालांकि, संपत्ति को हुए कुल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

अहियापुर पुलिस ने एफएसएल की टीम को भी बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से अलग-अलग स्थानों से सैंपल एकत्र किए। वहीं पुलिस को घर के गैलरी में 2 लीटर वाले पानी वाले



घटनास्थल पर जांच को पहुंची पुलिस।

प्लास्टिक बोतल में पेट्रोल मिला है।आसपास माचिस की तीलियां भी बिखरी मिलीं। एफएसएल टीम ने आग लगने वाले स्थानों और संदिग्ध हिस्सों की जांच कर जरूरी नमूने लिए हैं। इन सैंपलों की जांच के बाद आग लगाने में पेट्रोल या किसी अन्य ज्वलनशील पदार्थ के इस्तेमाल की पुष्टि होने की उम्मीद है।

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर पता लगाने में जुटी है कि घटना से पहले या बाद मैं कोई संदिग्ध इलाके में देखा गया था या नहीं। इसके अलावा घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालने की तैयारी है। इधर, राजकुमार सिंह का कहना है कि घर के चारों तरफ पेट्रोल छिड़क कर आग लगाना सामान्य आगजनी नहीं हो सकती। फिलहाल, पुलिस घटना के पीछे आपसी विवाद, पुरानी रंजिश या किसी अन्य कारण की भी जांच कर रही है। वहीं अहियापुर थानाध्यक्ष शरत कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की है और एफएसएल टीम ने भी सैंपल एकत्र किए हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई मे जुटी है।

## रिजल्ट में गड़बड़ी के विरोध में पीजी छात्रों ने जुलूस निकाल किया प्रदर्शन



जुलुस निकालकर विवि मे प्रदर्शन करते छात्र छात्राएं।

**एक सप्ताह के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की दी चेतावनी**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता, भ्रष्टाचार, रिजल्ट में गड़बड़ी एवं जनवादी तरीके से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर मंगलवार को स्नातकोत्तर सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय के धरना स्थल से एकजुट होकर जुलूस निकाला।

जुलूस विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन से होते हुए कुलपति आवास तक पहुंचा। इस दौरान छात्रों ने इंकलाब जिंदाबाद, रिजल्ट में गड़बड़ी करना बंद करो, सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के छात्रों का प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट क्लियर करो, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं उपलब्धता सुनिश्चित करो, छात्रों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण बंद करो तथा विश्वविद्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाना बंद करो जैसे जोरदार नारे लगाए। जुलूस के माध्यम से छात्रों ने मांग की कि मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को 10 दिनों के अंदर छात्रों को उपलब्ध कराया जाए, ताकि रिजल्ट में हुई गड़बड़ियों की वास्तविकता सामने आ सके। साथ ही, छात्रों ने जनवादी तरीके से छात्रसंघ चुनाव अविलंब कराने की मांग भी उठाई। जुलूस के बाद छात्रों ने कुलपति आवास पर पहुंचकर मांग-पत्र सौंपा। इस दौरान कुलपति की ओर से आश्वासन दिया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराया जा रहा है और इसके बाद रिजल्ट प्रकाशित किया जाएगा। छात्रों ने इस पर स्पष्ट कहा कि पहले मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई जाएं, उसके बाद पुनर्मूल्यांकन की बात हो। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी जायज मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उनका कहना है कि कुलपति ने छात्रों के साथ वार्ता करने के बजाय अपने अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया, जो विश्वविद्यालय कुलपति के तानाशाही रवैये को दर्शाता है। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर रिजल्ट की समस्या का समाधान नहीं होता है जिससे छात्र अगले सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने से वंचित होते है, तो वे चरणबद्ध तरीके से व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। छात्रों की जनवादी मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में छात्रों ने अपनी आवाज बुलंद की। विरोध प्रदर्शन में रंजन कुमार यादव, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार सहित दर्जनों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

## हरिसभा दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**125वें वर्ष को विशेष रूप से मनाने की हो रही तैयारी**



बैठक कर पूजा के आयोजन की रुपरेखा पर चर्चा करते पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर की प्रतिष्ठित हरिसभा दुर्गा पूजा समिति की ओर से आगामी दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष हरिसभा दुर्गा पूजा का 125वां स्थापना वर्ष है, जिसे विशेष और भव्य तरीके से मनाने की तैयारी समिति द्वारा की जा रही है। बैठक में पूजा आयोजन, उद्घाटन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर सदस्यों ने विस्तार से विचार-विमर्श किया।

समिति के अध्यक्ष डॉ. डी. पी. दास ने बताया कि 125 वर्षों से हरिसभा में दुर्गा पूजा परंपरा और निष्ठा के साथ आयोजित होती आ रही है। इस वर्ष के आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है और प्रत्येक सप्ताह बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में बैठक के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और उद्घाटन समारोह की रूपरेखा पर चर्चा की गई। समिति के सचिव चंदन राय ने बताया कि इस वर्ष पूजा का शुभारंभ 16 अक्टूबर को षष्ठी के दिन होगा। षष्ठी की शाम स्थानीय बच्चों द्वारा डांस, गायन सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरिसभा दुर्गा पूजा का पूरा आयोजन बंगाली थीम पर आधारित रहेगा और यही इसकी प्रमुख विशेषता होगी। चंदन राय ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि 125 वर्षों से आयोजित हो रहे इस ऐतिहासिक और भव्य दुर्गा पूजा में सभी लोग शामिल हों तथा मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

उन्होंने पूजा के आयोजन में वर्षों से सहयोग देने वाले शहरवासियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। बैठक में अध्यक्ष डॉ डी पी दास, सचिव उज्जवल कुमार दास, सह सचिव केदारनाथ चटर्जी जय अधिकारी, संजीत विश्वास, ट्रस्टी मनीषा दत्ता, शुभाशीष बोस, अमरनाथ चटर्जी, शिउली भट्टाचार्य, जुमा दास, नीला बोस, शरबानी बनर्जी, सोनाली सिन्हा, अपर्णा चटर्जी, सुनीता सिन्हा, मधु चांदा सरकार, अर्पण बोस, चंदन राय, देवाशीश गांगूली, देवाशीष दास, सोमन बेनर्जी, निलंजन चौधरी, संतोष सिन्हा, मंगल मय लहरी, सुकांत बनर्जी, संतोष गोस्वामी, सुजय सिन्हा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कांटी प्रखंड परिसर के खंडहर बनते जा रहे व्यावसायिक भवन

**कांटी (एनएसबी) ।** कांटी प्रखंड मुख्यालय परिसर में अर्धनिर्मित व्यावसायिक भवन बीते 5 वर्षो से अपने जीर्णोद्धार की रहा देखते देखते अब खंडहर मे तब्दील होने लगा है। इस अर्धनिर्मित भवन पर जंगली पेड़ पौधे कब्जा जमाने लगे है। लेकिन जिन उद्देश्यओं से जिस जिम्मेदार अधिकारी ने इसका निर्माण कार्य शुरू कराया, वह स्थानांतरण के बाद यहां से विदा हो गए। लेकिन सरकार और प्रशासन की वर्षो से उपेक्षा झेल रहा काँटी प्रखंड मुख्यालय परिसर का यह व्यवसायिक भवन अपनी स्थिति पर रो रहा है।

काँटी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व बदलने के बाद से पुरे क्षेत्र मे विकास और कल्याण कार्यो की हवा चल रही है। लेकिन प्रखंड मुख्यालय परिसर के इस व्यवसायिक भवन की देखरेख और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विभाग



काँटी प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित जर्जर व जंगलो से ढका अर्द्धनिर्मित व्यवसायिक भवन।

और विभागीय अधिकारी पदाधिकारी इसकी तरफ झांकने भी नहीं आ रहे है। जर्जर व्यवसायिक भवन के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार कांटी प्रखंड कार्यालय के बीडीसी फंड के पंचम योजना से 2021 मे इस भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। कांटी प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट की ओर से 4 यूनिट का व्यावसायिक भवन निर्माण की शुरूआत की गई थी।

**जीर्णोद्धार को लेकर जिम्मेदार सुस्त**

**सरकारी राशि के दुरूपयोग का जीवंत नमूना बना भवन, एसडीओ पश्चमी ने कहा - मामले की जांच कर होंगी जीर्णोद्धार की कार्रवाई**

इस व्यावसायिक भवन निर्माण में लाखों रुपए खर्च हुए। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस भवन का पूरा निर्माण की बात तो दूर, जितना काम शुरूआती दौर मे हुआ, उससे आगे का काम 5 वर्ष बीतने के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। इस संबंध में कांटी बीडीओ सह बीडीसी के कार्यपालक पदाधिकारी किशन चन्द्रयान ने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। अभी हाल ही में हमने कार्यभार संभाला हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले मे वे संबंधित विभागीय अधिकारी से जानकारी लेकर व्यवसायिक भवन मे काम रुकने या काम आगे बढ़ाने के संबंध मे स्थिति स्पष्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजनों द्वारा सरकारी राशि के दुरूपयोग संबंधी उठाए जा रहे सवाल पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, इस मामले पर एसडीओ पश्चमी स्नेहा कुमारी ने कहा की वे स्वयं इसकी स्थलीय जांच करेंगी। उन्होंने बताया कि इस मामले की विस्तार पूर्वक जानकारी बीडीओ से प्राप्त की जाएगी की किस कारण व्यवसायिक भवन 5 वर्षो से अधूरा पड़ा है और निर्माण कार्य क्यों बंद है।

## संक्षिप्त खबरें

### सफलता की कुंजी विषयक कार्यशाला में विद्वानों ने व्यक्त की अपनी राय

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** स्थानीय आमगोला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईविवि के सुख शान्ति भवन में सफलता की कुंजी विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता फ्रांस से पधारे बीके मिशेल सिमोन ने कहा सफलता के कई पहलू हैं। इनमें से एक है कि हम किसी एक गुण या विशेषता से प्रेम करें। जब हम इससे लगातार और जीवन पर्यंत प्यार करते हैं तब हम इसे अपने जीवन द्वारा परिलक्षित करते हैं और सदा करते रहेंगे। हम इससे अलग नहीं रह सकते। हम अपने गुण व विशेषताओं के साथ जिएंगे जैसे शांति, दया, परोपकार, सम्मान इत्यादि। हम इसे लगातार अपने जीवन में उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का राज यह है कि हम अपने गुण या विशेषता को नहीं छोड़ें। उसमें कोई मिलावट नहीं करें, किसी भी कारण से इसे हम अपने से अलग नहीं करें या डिस्टर्ब नहीं होने दें। सफलता का दूसरा पहलू है स्व अनुशासन.मन बुद्धि एक दिशा में कार्य करें। हम गुण या विशेषता से विचलित नहीं हों, यह है स्व अनुशासन। तीसरा पहलू है- अपने लक्ष्य के प्रति लगनशील बनें। यह हमें सफलता की ओर ले जाता है। सफलता ऐसे नहीं है जो कहीं बाहर है, जिसकी हमें रचना करनी है यह हमारे अंदर है। मैं एक श्रेष्ठ आत्मा हूं.और आत्मा गुणों की मूर्ति है। मुझे इन गुणों को अपने संकल्प, बोल, कर्म और व्यवहार से प्रदर्शित करना है। इससे मेरी क्षमता बढ़ेगी, मेरे गुण विकसित होंगे और मेरी शक्ति बढ़ेगी। सफलता अर्थात लगातार गुणों पर लग्न के साथ अभ्यास करते रहें। स्वयं से प्रेम करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ एचएन भारद्वाज, डॉ संजय पंकज, समाजसेवी वयोश्रेष्ठ एचएल गुप्ता, बीके कंचन, बीके सीता, बीके मीना, बीके महेश, बीके डॉ फनीश चन्द्र, बीके भास्कर एवं बीके योगीराज मौजूद रहे।


संबोधित करते फ्रांस से आए बीके मिशेल सिमोन।

### सामाजिक सहयोग से मिली जिंदगी को नई रोशनी गंभीर बीमारी से जूझ रहे परिवार को मिली राहत

#### कानू कल्याण महासभा की पहल बनी सामाजिक सौहार्द, समरसता और पारस्परिक सहयोग की मिसाल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सामाजिक एकजुटता और पारस्परिक सहयोग की ताकत ने गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक परिवार को बड़ी राहत दी। गोविंद नगर, कोट बाजार निवासी अरुण साह के पुत्र साहुल कुमार ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। परिवार अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार इलाज करा रहा था, लेकिन स्थिति बिगड़ने के साथ इलाज का खर्च उठाना मुश्किल हो गया परेशान पिता ने पूर्व सैनिक अनिल कुमार से संपर्क कर परिवारिक जिम्मेदारी व बेटे के इलाज में आ रही आर्थिक कठिनाइयों की जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने कानू कल्याण महासभा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर साह एवं महामंत्री अशोक साह से विचार-विमर्श किया। महासभा के प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और सामुहिक सहयोग की पहल शुरू की पूर्व सैनिक अनिल कुमार के अपील पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने यथासंभव आर्थिक सहयोग दिया वहीं जिलाध्यक्ष रामेश्वर साह के आग्रह पर स्थानीय विधायक सुनील कुमार पिन्टू ने अस्पताल प्रबंधन से सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामूहिक प्रयासों से साहुल का सफल ऑपरेशन संभव हुआ और अब वह बिल्कुल स्वस्थ है। इलाज के उपरांत साहुल एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर जिलाध्यक्ष रामेश्वर साह ने उसका हालचाल जाना। उपस्थित लोगों ने इस पहल को सामाजिक सौहार्द, संवेदना और मानवता का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा होना ही मजबूत समाज की पहचान है। मौके पर रामजी साह, रविंद्र कुमार, डॉ अमरनाथ गुप्ता, रामजिनिश गुप्ता, किरण गुप्ता, कमल साह देवान आदि उपस्थित रहे।


इलाज के उपरांत साहुल एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जानते संगठन के पदाधिकारी।

### एसएसबी एवं पुलिस की संयुक्त करवाई में दस बोतल प्रतिबंधित दवा के साथ एक युवक धराया

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** एसएसबी एवं पुलिस की संयुक्त करवाई में एक युवक दस बोतल कॉरेक्स के साथ पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मध्य रेलवे के बैरगनिया रेलवे स्टेशन के मुख्य सड़क में अवस्थित एक मंदिर के समीप छुपाकर रखे गए कॉरेक्स के साथ थाना के पीएसआई राजकुमार के साथ एसएसबी जवानों ने सोमवार को करीब 4 बजे करवाई को अंजाम दिया है।

# श्रद्धा से याद किये गए डॉ. एम विश्वेश्वरैया

## 165वीं जयंती एवं 59वां अभियंता दिवस पर अभियंताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



पथ निर्माण विभाग परिसर में आयोजित कार्यक्रम का संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ करते अतिथि व संगठन के पदाधिकारी।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते अभियंत्रण सेवा समन्वय समिति तिरहुत परिक्षेत्र के अध्यक्ष सह अधीक्षण अभियंता ई. अंजनी कुमार व उपस्थित अन्य।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** अभियंत्रण सेवा समन्वय समिति, तिरहुत परिक्षेत्र, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में मंगलवार, 15 सितंबर को अभियंता शिरोमणि भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती एवं 59वें अभियंता दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। पथ निर्माण विभाग परिसर में स्थापित डॉ. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समारोह की अध्यक्षता ई. अंजनी कुमार ने की।

समारोह का उद्घाटन सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ई. तेज नारायण राम ने किया। ई. अंजू कुमारी मुख्य अतिथि, जबकि ई. रामाशीष पाण्डेय एवं ई. दुर्गा प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के संयोजक ई. राम स्वार्थ साह, अध्यक्ष ई. अंजनी कुमार, सह संयोजक ई. पीताम्बर झा, वरीय सचिव ई. विवेकानन्द शर्मा एवं सचिव ई. आकांक्षा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद डॉ. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। समारोह में वक्ताओं ने डॉ. विश्वेश्वरैया के जीवन, उनके अभियंत्रण क्षेत्र में योगदान और कार्यशैली पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वेश्वरैया जी का जीवन कर्मनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण का उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी अभियंताओं को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और सामूहिक रूप से विकास कार्यों में योगदान देने पर भी जोर दिया। समिति के संयोजक ई. राम स्वार्थ साह ने सभी अभियंताओं से ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ राज्य के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियंताओं की जिम्मेदारी केवल तकनीकी कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और जनहितकारी विकास कार्य सुनिश्चित करना भी उनका दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन ई. आशुतोष अथर्व, उप महाप्रबंधक, भवन निर्माण निगम, मुजफ्फरपुर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ई. आकांक्षा, सचिव द्वारा किया गया। समारोह में विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में अभियंता उपस्थित रहे।

### जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक में दिए गए कई आवश्यक निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में विमर्श सभा कक्ष में जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्वेता भारती भी उपस्थित थीं।बैठक में ग्राम पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर स्वच्छता से संबंधित कार्यों की योजना को मनरेगा के वार्षिक कार्य योजना में शामिल करने के संबंध में विमर्श किया गया।साथ ही वार्षिक कार्य योजना से संबंधित विभागों से अभिसरण के माध्यम से बेहतर समन्वय हेतु निर्णय लिए गए। बैठक में मेथौरा पंचायत में गोवर्धन योजना के तहत बायोगैस संयंत्र के निर्माण की भी समीक्षा की गई एवं इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम ने निर्देश दिया कि सामुदायिक शौचालय का प्रॉपर देख-रेख के साथ रख—रखाव सही हो।पब्लिक इसका उपयोग करें इस संबंध में लोगों को जागरूक करें।

### मिशन परिवार विकास के तहत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का शुभारंभ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मिशन परिवार विकास के अंतर्गत आयोजित ह्जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ाह्व का शुभारंभ मंगलवार को मॉडल अस्पताल, सीतामढ़ी में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा योग्य दंपतियों को उनकी आवश्यकता एवं पसंद के अनुरूप परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि परिवार नियोजन समाज के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण आधार है। सीमित एवं स्वस्थ परिवार से बच्चों के बेहतर पोषण, समुचित स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन को केवल जनसंख्या नियंत्रण के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार के बेहतर जीवन स्तर और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य से जोड़कर देखने की आवश्यकता है। सिविल सर्जन सीतामढ़ी डॉ. आर. के. यादव ने बताया कि जिले का वर्तमान कुल प्रजनन दर (टोटल फर्टिलिटी रेट) 2.9 है, जिसे घटाकर 2.0 के स्तर तक लाने की आवश्यकता है। इसके लिए समुदाय में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की उपलब्धता, उपयोगिता और प्रभावशीलता के संबंध में व्यापक जागरूकता पैदा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के स्थायी साधनों, जैसे पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण, के साथ-साथ अस्थायी साधनों—अंतरा, छाया, माला-एन, कंडोम आदि—के बारे में भी योग्य दंपतियों को सही जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त साधन का चयन कर सकें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपील की कि परिवार नियोजन सेवाओं को समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी एवं अन्य फ्रंटलाइन कार्यकताओं के माध्यम से नियमित रूप से काउंसलिंग एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। साथ ही, परिवार नियोजन सेवाओं के संबंध में लोगों की भ्रांतियों को दूर करते हुए उन्हें सुरक्षित एवं वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

कार्यक्रम के दौरान परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई तथा समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी कमल सिंह, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, अस्पताल प्रबंधक विजय झा, पीरामल फाउंडेशन से प्रभाकर कुमार, अकरम खान, बिकेश कुमार, पीएसआई इंडिया से विनय कुमार सहित मॉडल अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।


जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का शुभारंभ करते जिला पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन।

### माता की रसोई में 80 जरूरतमंदों को कराया भरपेट भोजन



**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में सितंबर माह के द्वितीय मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों की सेवा के लिए माता की रसोई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करीब 80 जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत संध्या 7:30 बजे मंदिर सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा माता श्री की विशेष पूजा-अर्चना और संध्या आरती से हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं के सुख-शांति और कल्याण की कामना की गई। इसके बाद माता श्री को पूरी, खीर एवं आलू-चना की रसेदार सब्जी का भोग अर्पित किया गया। भोग के उपरांत मंदिर अतिथि गृह में पांत में बैठाकर जरूरतमंदों को भोजन कराया गया।

माताश्री की कृपा से सेवा कार्य अमिताभ कुमार गुंजन, सुपुत्र आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज के माध्यम से किया गया। आयोजन में मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, सदस्य सुजय कुमार पप्पू, कोषाध्यक्ष सुशांत कुमार तथा प्रसिद्ध समाजसेवी रोहित कुमार की सक्रिय भागीदारी रही। सुजय कुमार पप्पू स्टेशन रोड स्थित दवा वाले-बीज वाले के प्रोपराइटर हैं, जबकि सुशांत कुमार माता मंदिर मार्ग स्थित श्री कंप्यूटर के प्रोपराइटर हैं।

### सेवा संकल्प अभियान को लेकर तैयारी को दिया गया अंतिम रूप


बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, उप विकास आयुक्त व उपस्थित अन्य।

#### 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीप कार्यक्रम से जिलेभर में जगमगाएंगे सार्वजनिक स्थल

#### प्रभावी, व्यापक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक, दिए गए कई निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026) के प्रभावी, व्यापक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को विमर्श सभा कक्ष में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

बैठक में अभियान के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान की गतिविधियों को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने तथा सभी कार्यक्रमों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अभियान के शुभारंभ के अवसर पर 17 सितंबर को ह्यआशीर्वाद का दीपह्न कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक विभिन्न सार्वजनिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर दीप प्रज्वलित कर सेवा, समर्पण, सद्भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया जाएगा।

जिला स्तर पर 10 आइकॉनिक स्थलों के साथ-साथ सभी प्रखंडों में चिन्हित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, पीडीएस दुकानों, पंचायत सरकार भवनों एवं पंचायत भवनों, छात्रावासों, अनुसूचित जाति/जनजाति बैठका स्थलों तथा स्वास्थ्य विभाग के जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों सहित अन्य संबंधित स्थलों पर भी दीप प्रज्वलन किया जाएगा। कार्यक्रम को जन-जन का उत्सव बनाने के उद्देश्य से इसमें बड़े पैमाने पर आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। विभिन्न विभागों, संस्थानों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता से जिलेभर में एक साथ दीप प्रज्वलन के माध्यम से सेवा और समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम की व्यापक तैयारी सुनिश्चित करें तथा संबंधित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। सेवा संकल्प अभियान के दौरान आगामी एक माह में विभिन्न विभागों के माध्यम से सेवा, जनकल्याण, जनभागीदारी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को विकास एवं जनसेवा की गतिविधियों से जोड़ते हुए सेवा और समर्पण की भावना को और मजबूत करना है। 17 सितंबर को सीतामढ़ी में यह अभियान एकता, सहभागिता और सेवा के संकल्प के साथ एक उत्सवी माहौल में प्रारंभ होगा।

# सीतामढ़ी सदर अस्पताल में 5 ऑपरेशन थिएटर जल्द होंगे ऑपरेशनलाइज, तैयारी का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

#### डीएम के 25 अगस्त के निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन, शेष आवश्यक प्रक्रियाओं को भी शीघ्र पूरा करने का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुलतानिया द्वारा मंगलवार को सदर अस्पताल, सीतामढ़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 25 अगस्त 2026 को अपने पूर्व निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर किए गए कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

विदित हो कि 25 अगस्त 2026 को सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं एवं मरीजों की सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्यों को 15 सितंबर 2026 तक पूरा करने का निर्देश दिया गया था। विशेष रूप से सदर अस्पताल में उपलब्ध ऑपरेशन थिएटरों को व्यवस्थित करते हुए उन्हें चरणबद्ध तरीके से सुचारू एवं प्रभावी रूप से ऑपरेशनलाइज करने का निर्देश दिया गया था।



सदर अस्पताल, सीतामढ़ी का निरीक्षण करते जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया व अन्य।

जिला पदाधिकारी के निर्देश के अनुरूप सदर अस्पताल में कुल पांच महत्वपूर्ण ऑपरेशन थिएटरों—इमरजेंसी ओटी, आई ओटी, मेटरनल ओटी,, ऑर्थोपेडिक ओटी, एवं जेनरल ओटी,—को व्यवस्थित एवं ऑपरेशनलाइज करने की दिशा में आवश्यक कार्य समय-सीमा के भीतर पूरा किया गया है। जिला पदाधिकारी ने इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शेष आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कराते हुए सभी सुविधाओं को यथाशीघ्र मरीजों के लिए प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, मरीजों की सुविधा एवं अस्पताल की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए -फ्ंट सेवा को प्रथम तल से ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट करने का निर्देश भी दिया गया था, जिसका अनुपालन किया गया है। OPD में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने दो अतिरिक्त रजिस्ट्रेशन काउंटर तत्काल शुरू करने का निर्देश दिया, जिसमें विशेष रूप से बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने भवनों के आवश्यक रंग-रोगन, छोटे-मोटे मरम्मति कार्य, टूटे हुए स्लैब की मरम्मति, नए आरओ की व्यवस्था, सीसीटीवी, इंटरकॉम एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। सफाई एजेंसी में बदलाव के बाद अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था में आए सुधार पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे निरंतर बेहतर बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लागू की गई रेफेररल पॉलिसी के कारण मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिसे ध्यान में रखते हुए अस्पताल में भीड़ प्रबंधन को मजबूत किया जाना आवश्यक है। इसके लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से पूर्व सैनिकों की सेवाएं लेने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता भी की गई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, आधारभूत संरचना तथा अन्य प्रमुख समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने समिति के सदस्यों से सुझाव प्राप्त करते हुए सभी चिन्हित समस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए शीघ्र ही एक विस्तृत बैठक आयोजित कर आगे की कार्ययोजना पर भी चर्चा की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि समयबद्ध तरीके से कार्यों का निष्पादन प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने निर्देश दिया कि तैयार की गई सुविधाओं को केवल संरचनात्मक रूप से पूरा करने तक सीमित न रखते हुए उन्हें पूरी क्षमता के साथ मरीजों के हित में उपयोग में लाया जाए, ताकि सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

निरीक्षण एवं बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव, डीएस डॉ. मनोज कुमार, अस्पताल प्रबंधक विजय झा, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी कमल सिंह, रोगी कल्याण समिति के सदस्य दिनकर पंडित, संदीप रॉय, हरिशंकर पासवान, विजय कुमार, कंचन पटेल, मिनी रॉय, पीरामल फाउंडेशन से प्रभाकर कुमार, बिकेश कुमार, अकरम खान एवं रितु कुमारी सहित अस्पताल प्रशासन एवं संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### संवरेगा बिहार का स्वास्थ्य तंत्र

बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने तथा मरीजों की सुविधा से जुड़े आवश्यक कार्यो को गति देने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' की शुरुआत की गई है।

अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रंग-रोगन, लघु मरम्मति एवं अन्य आवश्यक कार्यो के लिए रोगी कल्याण समिति जन आरोग्य समिति के बैंक खातों के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई गई है। स्थानीय जरूरतों के अनुसार कार्यो को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य संस्थानों के कायाकल्प पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में रंग-रोगन, लघु मरम्मति और मरीज सुविधाओं से जुड़े कार्यो को गति देने के लिए व्यापक निर्देश दिए गए हैं। अभियान के अंतर्गत 36 जिला अस्पताल, 56 अनुमंडलीय अस्पताल, 49 रेफरल अस्पताल, 342 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 110 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 844 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 147 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलाधिकारियों एवं सिविल सर्जनों को निर्देश दिया गया है कि अभियान के तहत निर्धारित सभी कार्यो को 31 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए। कार्यो की नियमित निगरानी एवं प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं।

जन आरोग्य समितियों की सहभागिता से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार कार्यो की प्राथमिकता तय की जाएगी।

रंग-रोगन एवं लघु मरम्मति के अतिरिक्तग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न कार्य कराए जाएंगे।

इसके तहत सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चहारदीवारी का निर्माण, शौचालय निर्माण, परिसर में मिट्टी भराई, परिसर का सौंदर्याकरण एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य कराए जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन और मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा प्रयास है कि इन केंद्रों पर आने वाले हर व्यक्ति को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण मिले।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जन आरोग्य समितियों की सहभागिता से स्थानीय जरूरतों के अनुसार कार्यो की प्राथमिकता तय की जाएगी। सभी जिलों को निर्धारित कार्यो को 31 अक्टूबर 2026 तक पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत बनाने से लोगों को उनके घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के सरकार के संकल्प को और मजबूती मिलेगी।

स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने निर्देश देते हुए कहा कि 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के तहत चिन्हित सभी कार्यो को 31 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए। उन्होंने कार्यो की नियमित निगरानी एवं समीक्षा सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता, समयबद्ध क्रियान्वयन और उपलब्ध राशि के प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

# झोलावालों से दिमागी नक्सल तक



विवेक पिंटो

1970 का दशक भारत के लिए राजनीतिक उथल-पुथल और अस्थिरता का दौर था। इसके बावजूद, वह एक ऐसा समय था जब व्यवस्था के टकरावों को लोकतंत्र की जीवन-रेखा माना जाता था, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कोई संकट। मैं यह बात पूरी प्रामाणिकता के साथ कह सकता हूँ क्योंकि मैं इस इतिहास का महज गवाह नहीं रहा, बल्कि मैंने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई है।

जब भारत के 'दूधवाले' यानी 'आणंद मिल्क यूनियन लिमिटेड' (अमूल) के महाप्रबंधक डा. वर्गीज कुरियन कायरा जिले के दुग्ध-उत्पादक किसानों की सामाजिक-आर्थिक हकीकत का नक्शा तैयार कर रहे थे, ताकि फिल्मकार श्याम बेनेगल उस पर फिल्म बना सकें, तब मैं उनके साथ काम कर रहा था।

बाद में, मैं मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में 'विज्ञान शिक्षण' से जुड़ी स्वयंसेवी संस्था किशोर भारती से जुड़ा। यहाँ हम बेहद आदर्शवादी और जुनूनी लोगों की एक टीम थे, जिसका नेतृत्व 'टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च' (टीआईएफआर) जैसी प्रतिष्ठित संस्था को छोड़कर आए मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डा अनिल सद्गोपाल कर रहे थे।

हम एक ऐसे देश के नागरिक थे जो अपने ही दिमाग से, अपनी सोच से डरा हुआ नहीं था। हमने निस्वार्थ भाव से ग्रामीण युवाओं को खोज-आधारित विज्ञान के चमत्कारों से रूबरू कराया और उन्हें प्रयोगों को आकार देने के लिए सवाल (सवाल ही राम) पूछना सिखाया।

आज, जो लोग सवाल पूछते हैं, उन्हें डराया-धमकाया जाता है। उन्हें अलग-थलग करने और खत्म करने की धमकियाँ दी जाती हैं। इसके बावजूद, इस चुनौती को जेन-जी और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) जैसे छात्र संगठनों ने बड़ी बहादुरी से स्वीकार किया है। जंतर-मंतर पर प्रतिरोध के जिस अवज्ञा उत्सव ने पूरे देश का ध्यान खींचा था, उसका समापन केंद्रीय शिक्षामंत्री के इस्तीफे के साथ हुआ। इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो चुके इस घटनाक्रम को वरिष्ठ पत्रकार हरीश खरे ने 21 जुलाई के द वायर में रेखांकित किया है '20 जुलाई को लक्ष्मण रेखा पार कर ली गई।'

इसके बाद से राजनीतिक रंगमंच ने अगस्त के महीने में बयानबाजी का एक और खौफनाक दौर देखा और देश के शब्दकोश में एक नया, डरावना मुहावरा शामिल हो गया - 'दिमागी नक्सल।' राज्य ने अब अपना युद्धक्षेत्र मध्य भारत के भौतिक जंगलों से हटाकर मानव चेतना और मस्तिष्क के आंतरिक ढांचे के भीतर स्थानांतरित कर दिया है।

1970 के दशक में होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम (एचएसटीपी) द्वारा बनाए गए पोस्टकार्ड वाले मासूम शैक्षिक 'शुभंकरों' से लेकर आज राज्य-प्रायोजित विचार-शिकार (माइंड-हंट्स) तक की यह यात्रा, दरअसल स्वतंत्र सोच और वैज्ञानिक पूछताछ के व्यवस्थित अपराधीकरण की कहानी है। कल तक जिस झोलावाले के आदर्शवाद को एक सहज रूप में देखा जाता था, आज उसी झोले को राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए एक खतरे के रूप में पेश कर कानूनी शिकंजे में कसा जा रहा है।

भारतीय लोकतंत्र का आधारभूत ढांचा इस मामले में किस हद तक सड़ चुका है, इसे समझने के लिए मैं सवाल पूछने की उसी जन्मभूमि यानी 'एचएसटीपी' की ओर लौटता हूँ। 'किशोर भारती' की टीम का मिशन एक संज्ञानात्मक संस्कृति (कगिटिव कल्चर) को विकसित करना था, न कि किसी तख्तापलट या विद्रोह को। हमने रटने और समर्पण करने वाली गुलामी की जगह एक 'वैज्ञानिक मिजाज' को स्थापित किया था।

इस शैक्षणिक बगावत के केंद्र में सवालीराम नाम का एक काल्पनिक चरित्र था, जिसे बच्चे बाल वैज्ञानिक (1972-2002) के तहत अपनी इच्छा से कोई भी सवाल पूछते हुए पोस्टकार्ड लिखते थे। यह 'वर्कबुक' (कार्यपुस्तिका) कक्षाओं से मिले अनुभवों के आलोक में टीम द्वारा लगातार संपादित की जाती थी। शुरुआती दौर में इसमें प्रायोगिक भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान शामिल थे, बाद में हाईस्कूल के लिए भौतिकी, रसायन, व्यावहारिक गणित और ज्यामिति को भी जोड़ा गया।

यह बात स्वतः स्पष्ट थी कि विज्ञान पढ़ाने के इस खोज-आधारित दृष्टिकोण में सवाल पूछना अनिवार्य था, क्योंकि 'सब कुछ पहले से तय नहीं था।' 'एचएसटीपी' ने सवालीराम की कल्पना 'राम' के रूप में की थी - जो बौद्धिक झोलावाले का एक बेहद आत्मीय और मित्रवत अवतार था।

> **परम पाखंड यह है कि जहाँ 1976 के मंथन ने हाशिए के लोगों को मुक्त करने के लिए दूध का मंथन किया था, वहीं इस शासन ने एक अलग तरह का मंथन शुरू किया है-एक ऐसा मनोवैज्ञानिक अनुकूलन (कंडीशनिंग) जिसका उद्देश्य शुद्ध, बिना किसी सवाल वाली भक्ति पैदा करना है।**

सुशील जोशी अपनी किताब जश्न-ए-तालीम (एकलव्य, 2008) में लिखते हैं, 'सवालीराम के पास आने वाले सवालों की समीक्षा करें, तो वे वर्कबुक की सीमाओं से लेकर बच्चों के रोजमर्रा के अनुभवों तक फैले हुए थे।'

इसलिए, एक ग्रामीण छात्र टीम को पत्र लिखकर यह पूछ सकता था कि गाँव के कुएं पर स्थानीय सवर्ण जमींदार का ही नियंत्रण क्यों है, या पारंपरिक पूजा-पाठ के बावजूद फसल क्यों बर्बाद हो गई और उसे जवाब में किसी पाठ्यपुस्तकीय रूढ़िवादिता या घुड़की का सामना नहीं करना पड़ता था।

इस तरह, स्कूली बच्चों को सत्ता और प्रति का खुद विश्लेषण करने के लिए वैज्ञानिक अवलोकन के औजार मिले। हमारी टीम के सदस्यों के झोले टेस्ट ट्यूब, चुंबक, लेंस और पोस्टकार्डों से भरे होते थे - वे एक वैकल्पिक राष्ट्र-निर्माण के प्रतीक थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि उस समय का राज्य पूछताछ और प्रयोग को राजद्रोह नहीं मानता था, बल्कि वह इसके लिए धन देता था।

'अमूल' में इसी कड़े और सुधारात्मक टकराव के मिजाज ने आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को बदल दिया था। कुरियन और उनके समूह ने श्याम बेनेगल के साथ बैठकर इस जमीनी और कच्चे सामाजिक टकराव को पर्दे पर उतारने की चर्चा की। नतीजतन, 1976 में फिल्म मंथन का जन्म हुआ। गिरीश कर्नाड ने पशु चिकित्सक डा मनोहर राव के रूप में पर्दे पर कदम रखा और वास्तविक दुनिया के सामने एक शक्तिशाली सिनेमाई आईना पेश किया कि कैसे 'डेयरी उद्योग सामाजिक-आर्थिक बदलाव का एक साधन है।'

डा. राव एक मुकम्मल झोलावाले थे। वह कायरा जिले के एक गांव में ढलती शाम के वक्त पहुंचे थे, उनके पास कंधे पर लटके एक कपड़े के बैग (झोले), दूध-विश्लेषक (मिल्क एनालाइजर), बही-खाते और एक पशु चिकित्सा किट के अलावा कुछ नहीं था। खतरा, यदि कोई था, तो वह पूरी तरह से व्यवस्था और यथास्थिति के लिए था। बाधाओं को तोड़कर हाशिए पर पड़े, निचली जाति के दुग्ध उत्पादक किसानों को सामंती अभिजात वर्ग के साथ ही दिन में दो बार एक ही कतार में खड़ा होना पड़ता था।

उस दौर से लेकर 2026 के समकालीन परिदृश्य तक का संक्रमण राज्य और नागरिक के बीच के संबंधों का पूरी तरह उलट जाना है। आज राज्य अपनी विफलताओं को छिपाने और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को मानसिक और वैचारिक स्पेस के लिए सीधे खतरे के रूप में ब्रांड करके उनका दमन कर रहा है। राज्य की नीतियों की एक स्वतंत्र, व्यवस्थागत आलोचना करना अब एक स्वस्थ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का संकेत नहीं माना जाता। इसके विपरीत, 'दिमागी नक्सल' के बैनर तले खुद बुद्धि और विवेक को ही एक बीमारी करार दे दिया गया है।

परम पाखंड यह है कि जहाँ 1976 के मंथन ने हाशिए के लोगों को मुक्त करने के लिए दूध का मंथन किया था, वहीं इस शासन ने एक अलग तरह का मंथन शुरू किया है-एक ऐसा मनोवैज्ञानिक अनुकूलन (कंडीशनिंग) जिसका उद्देश्य शुद्ध, बिना किसी सवाल वाली भक्ति पैदा करना है।

इस वैचारिक और शाब्दिक बदलाव का एकमात्र उद्देश्य देश को दो धड़ों में बांटना है- एक तरफ वे दिमागी नक्सल जिन्हें विश्लेषण करने की जुर्रत के कारण अपराधी बना दिया गया है, और दूसरी तरफ वे भक्त जो बिना सोचे-समझे कार्पोरेट और राजनीतिक 'जोंबी' में तब्दील हो चुके हैं, जिन्हें सिर्फ तालियाँ बजाने की ट्रेनिंग दी गई है।

कुरियन, उनके समूह और 'किशोर भारती' की टीम के साथ काम करते हुए मैंने करीब से देखा है कि वास्तविक राष्ट्र-निर्माण कैसा होता है। यह हर तरह के खतरनाक सवाल पूछने वाले पोस्टकार्डो से भरा हुआ एक कमरा होता है, यह जातिगत दीवारों और पितृसत्ता से मुक्त दूध की एक कतार होती है। आज, छात्रों से कहा जा रहा है कि वे अपनी जिज्ञासा का सौदा कायरता और चाटुकारिता से कर लें।

इसके बावजूद, अपने कंधों पर झोला लटकाए लाखों जिंदादिल सवालीराम देश भर की सड़कों पर उतर चुके हैं। वे छात्रों के साथ मिलकर अपने जर्जर स्कूलों और नदारद शिक्षकों के लिए जवाबदेही मांग रहे हैं-और ऐसा करते हुए वे लाठियों, पानी की बौछारों, आंसू गैस के गोलों और पैलेटगन का बहादुरी से सामना कर रहे हैं।

*(लेखक सोफिया विश्वविद्यालय, टोकियो (जापान) के फैलो रहे हैं। उन्होंने 'किशोर भारती' आणंद मिल्क यूनियन लिमिटेड (अमूल) जैसे कई सामाजिक संगठनों के साथ काम किया है)*

***(ये लेखक के निजी विचार हैं।)***

# हिन्दी समस्त भारतीय भाषाओं की हितैषी, राष्ट्र-भाषा बनेगी : पूर्व राज्यपाल

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** हिन्दी समस्त भारतीय भाषाओं की परम हितैषी है। यह किसी भी भाषा का अहित नहीं चाहती। यह संपूर्ण भारत को जोड़कर एक महान राष्ट्र का उदय करेगी। इसे भारत की राष्ट्र-भाषा होनी ही चाहिए। हिन्दी शीघ्र ही देश की राष्ट्र-भाषा बनेगी।

यह बातें, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में, गत 1 सितम्बर से आयोजित हिन्दी-पखवारा-सह-पुस्तक चौदस मेला के समापन-सह-पुरस्कार वितरण-समारोह को संबोधित करते हुए, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि आज की बड़ी आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर हिन्दी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। हिन्दी में इतनी ऊर्जा है कि यह संपूर्ण विश्व का मार्ग-दर्शन कर सकती है। यह संस्कृत के अत्यंत निकट है। यह घरवार, व्यवहार और प्यार-मनुहार की भाषा है।

पूर्व राज्यपाल ने, पखवारा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित हुई विविध प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार-राशि, पदक और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत भी किया।



हिन्दी-पखवारा-सह-पुस्तक चौदस मेला के समापन-सह-पुरस्कार वितरण-समारोह में सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, सम्मेलन अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ व अन्य।

समारोह के मुख्य अतिथि और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्त्ति संजय कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साह-वर्धन करते हुए कहा कि भारत के बच्चों को गौरव के साथ हिन्दी को अपनाना और बढ़ाना चाहिए। जीवन के किसी भी क्षेत्र में हों हिन्दी से प्रेम बनाए रखें। ऐसा कर हम हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने में सहायक हो सकते हैं।

अपने अध्यक्षीय-संबोधन में सम्मेलन अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ ने कहा कि संपूर्ण भारत वर्ष में हिन्दी के प्रति प्रेम और श्रद्धा की भावना तीव-गति से बढ़ी है। दक्षिण और उत्तर-पूर्व का भी प्रबुद्ध-समाज अब यह मानने लगा है कि देश में अंग्रेजी का प्रभाव समाप्त किया जाना आवश्यक है और यह हिन्दी से ही संभव है।

आरंभ में अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के उपाध्यक्ष और हिन्दी-पखवारा-सह-पुस्तक चौदस मेला के स्वागताध्यक्ष डा कुमार अरुणोदय ने कहा कि गत दिनों में साहित्य सम्मेलन ने प्रतिदिन बड़े-बड़े उत्सव और विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताओं के आयोजन कर अपने बड़े कर्तव्य को पूरा किया है। पुस्तक-मेला का भी आज समापन हो रहा है। आज अधिक से अधिक पुस्तकों का क्रय हो।

> **साहित्य सम्मेलन में शहिन्दी पखवारा-सह-पुस्तक चौदस मेलाश का हुआ समापन,**
>
> **प्रतियोगिताओं में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्त, अंतिम दिन पुस्तकों की हुई भारी बिक्री**

सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा उपेन्द्रनाथ पाडेय, डा शंकर प्रसाद, बच्चा ठाकुर, डा रत्नेश्वर सिंह, पं उमेश मिश्र, डा पूनम आनन्द तथा विभारानी श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पांडेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

प्रतियोगिताओं में सफल निम्नलिखित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया- श्रुतलेख-प्रतियोगिता : कुलसुम हसन (प्रथम), अनुराग कुमार (द्वितीय), शिक्षा रानी (तृतीय) , निबन्ध-लेखन-प्रतियोगिता : रानी कुमारी (प्रथम), अमितेश राज (द्वितीय), सोनाक्षी चौधरी (तृतीय), काव्य-पाठ-प्रतियोगिता : सदफ आफरीन (प्रथम), अनिका लाल (द्वितीय), अंजलि प्रिया तथा आयुषी कुमारी (तृतीय) , व्याख्यान -प्रतियोगिता : निराली नीरज वासुदेव (प्रथम), फातिमा (द्वितीय), सूर्यांश तथा अनुपमा अग्रवाल (तृतीय) , कथा-लेखन-प्रतियोगिता : सद्गुण देव (प्रथम), श्रेयसी सिंह (द्वितीय), आयुषि कुमारी (तृतीय) ।

प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को एक हजार एक सौ रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को सात सौ रुपए तथा तृतीय स्थान पाने वालों को पाँच सौ रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। पुस्तक मेले के अंतिम दिन पुस्तकों की बड़ी संख्या में बिक्री हुई।

इस अवसर पर, सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री ई अशोक कुमार, शमा कौसर शमा, डा सुषमा कुमारी, डा शालिनी पाण्डेय, सुजाता मिश्र, जय प्रकाश पुजारी, ई आनन्द किशोर मिश्र, डा करुणा पीटर, चित्तरंजन लाल भारती, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, चंदा मिश्र, परवेज आलम, प्रवीर कुमार पंकज, नम्रता कुमारी, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, अनुभा गुप्ता, ज्ञानेश्वर शर्मा, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता समेत विभिन्न विद्यालयों से आए बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत के सेट से सामने आईं अनिल कपूर के पहले दिन की खास झलकियाँ

**मुंबई (दैनिक नवसंदेश)।** अनिल कपूर अपने नए गेम शो इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। पहले एपिसोड के सेट से सामने आईं तस्वीरों में मेगास्टार पूरे जोश और अपने खास 'झकास' अंदाज में नजर आ रहे हैं। शानदार व्यक्तित्व, हाजिरजवाबी और जबरदस्त ऊर्जा के लिए पहचाने जाने वाले अनिल कपूर शो में रोमांच के साथ मनोरंजन का भी भरपूर तड़का लगाएंगे।




इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत के सेट पर अनिल कपूर व अन्य।

इंडिया के टाप 1 प्रतिशत एक अनोखा गेम शो है, जिसमें किताबी ज्ञान के बजाय प्रतियोगियों के कॉमन सेंस, तर्क और बारीकियों को पहचानने की क्षमता की परीक्षा होगी। शो में 100 प्रतियोगी 13 चुनौतीपूर्ण सवालों का सामना करेंगे। खेल की शुरुआत में हर प्रतियोगी को 1 लाख रुपए मिलेंगे और गलत जवाब देने वाले प्रतियोगियों की राशि प्राइज पॉट में जुड़ती जाएगी, जो बढ़कर 1 करोड़ रुपए तक पहुँच सकती है। शो को अनिल कपूर होस्ट करेंगे, जो कि 19 सितंबर से रात 8 बजे स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

# डा. ध्रुव हरियाणा के सिरसा में महादेवी कौशिक स्मृति लघुकथा सम्मान से सम्मानित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** हरियाणा के सिरसा में आयोजित लघुकथा सम्मेलन में वरिष्ठ लघुकथाकार - समालोचक डा. ध्रुव कुमार को महादेवी कौशिक स्मृति लघुकथा सम्मान से सम्मानित किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर देश भर से आए लघु कथाकारों की उपस्थिति में हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकथा मंच के संरक्षक डा रूप देवगुण, संयोजक डा शील कौशिक एवं ललित मोहन जैन ने उन्हें अंगवस्त्र, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर इस प्रतिष्ठित सम्मान से विभूषित किया। इस अवसर पर डा. ध्रुव कुमार ने लघुकथा की रचनाधर्मिता पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। समारोह में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित अनेक राज्यों के लघुकथाकारों ने शिरकत की।



हरियाणा के सिरसा में आयोजित लघुकथा सम्मेलन में वरिष्ठ लघुकथाकार - समालोचक डा. ध्रुव कुमार को महादेवी कौशिक स्मृति लघुकथा सम्मान से सम्मानित किया गया।

# प्रांतीय भाषाई लोग हिंदी को देश की राष्ट्रभाषा बनने नहीं दे रहे : सिद्धेश्वर

> **साहित्य, कला और चित्रकला के प्रति आपका समर्पण ही मुझे इस मंच से जोड़ता है : प्रियदर्शनी**

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाना और एक-दूसरे को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देना हमारे लिए चिंतन का विषय है। यह सौभाग्य की बात है या दुर्भाग्य की कि अपने ही देश में अपनी ही भाषा के लिए हम कई दशकों से लगातार हिंदी दिवस मना रहे हैं और हिंदी को देश की राष्ट्रभाषा बनाए जाने की आवाज उठाते आ रहे हैं।

क्या हमारे पूर्वजों ने हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने के बजाय राजभाषा बनाकर केवल हिंदी के साथ ही अन्याय किया, या कहीं न कहीं देश की आजादी की भावना के साथ भी समझौता किया हम अंग्रेजों की राजनीतिक गुलामी से तो मुक्त हो गए, लेकिन अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई अंग्रेजी भाषा के वर्चस्व से आज तक पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाए हैं। फिर सवाल उठता है क्या हम आजाद होकर भी भाषाई स्तर पर आजाद हैं

सिद्धेश्वर ने कहा कि उनके विचार से सच्ची आजादी तब पूरी होगी, जब हिंदी को पूरे देश की राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता मिलेगी। हिंदी देश के विशाल भूभाग में बोली और समझी जाने वाली भाषा है तथा करोड़ों भारतीयों के बीच संपर्क का माध्यम है। इसलिए हिंदी को केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित रखना उसकी वास्तविक भूमिका को छोटा करना है। एक सच यह भी है कि अपने ही देश के प्रांतीय भाषाई लोग हिंदी को देश की राष्ट्रभाषा बनने नहीं दे रहे हैं।

भारतीय युवा साहित्यकार परिषद एवं अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका के तत्वावधान में आयोजित हेलो फेसबुक संगीत एवं चित्रकला कार्यक्रम के साहित्यिक एपिसोड-611 सिद्धेश्वर की डायरी में यूट्यूब के मंच से सिद्धेश्वर ने कहा कि इसके लिए केवल राजनेताओं को दोष देना भी उचित नहीं होगा। इसमें हमारी, यानी देश की जनता की भी जिम्मेदारी है। हम अपनी-अपनी प्रांतीय भाषाओं को आगे बढ़ाने की होड़ में कई बार हिंदी के व्यापक राष्ट्रीय स्वरूप का विरोध करने लगते हैं। दूसरी ओर, अंग्रेजी के साथ ऐसा अपनापन निभाते हैं, मानो वही हमारे देश की मुख्य भाषा हो।



उन्होंने कहा कि बिहार जैसे प्रदेश में, जहाँ हिंदी और उससे जुड़ी अनेक लोकभाषाएँ जनजीवन में गहराई से रची-बसी हैं, वहाँ भी हिंदी को लेकर होने वाली राजनीतिक और भाषाई खींचतान अनेक सवाल खड़े करती है। आखिर यह किसकी जिम्मेदारी हैसिर्फ राजनेताओं की या हमारी भी या फिर उन लोगों की भी, जो देश की एकता और अखंडता के नाम पर हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किए जाने का विरोध करते रहे हैं

अपनी डायरी में विस्तार से विचार प्रस्तुत करते हुए सिद्धेश्वर ने कहा कि 'प्यार जगत' पत्रिका के लिए एक साक्षात्कार के दौरान संपादक डा. बी एल प्रवीण से बातचीत में विख्यात साहित्यकार जैनेन्द्र कुमार ने हिंदी के विकास और आंचलिक भाषाओं को लेकर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए थे। उनके विचारों का आशय यह था कि जब भाषा की एकरूपता और व्यापक बोधगम्यता कमजोर होती है, तब उसकी राष्ट्रीय पहचान भी प्रभावित होती है।

### प्रियदर्शनी श्रीवास्तव ने की कलाकारों की सराहना

एक छोटी-सी भेंटवार्ता में कलाकार प्रियदर्शनी श्रीवास्तव ने कहा कि कला और नृत्य के प्रति उनके रुझान ने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की और इसमें उनके परिवार की अहम भूमिका रही।

अपनी अध्यक्षीय टिप्पणी में प्रियदर्शनी श्रीवास्तव ने कहा कि वे पिछले चार वर्षो से लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से कई नए कलाकारों को मंच प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नए कलाकारों को मंच देना इस मंच की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संगीत, कला और साहित्य के प्रति सिद्धेश्वर का प्रेम ही उन्हें इस मंच की ओर आकर्षित करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी की प्रस्तुतियाँ अद्भुत रहीं।

सप्ताह भर की प्रस्तुतियों को वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सिद्धेश्वर के संयोजन एवं प्रियदर्शनी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शामिल कलाकारों एवं साहित्यकारों में सर्वश्री विज्ञान वत, मधु कुमार श्रीवास्तव, प्रियदर्शनी श्रीवास्तव, सिद्धेश्वर, मुरारी मधुकर, अनीता रश्मि, जयंत, डा. नसमीन, नीतू सिंह, संजीव कुमार श्रीवास्तव, सपना चंद्रा, इंदु उपाध्याय, नलिनी श्रीवास्तव, नंदकुमार आदित्य, मीनाक्षी, रवि रंजन, नीलेश अयाची, आर्या श्री, निर्मला कर्ण, सुनीता राज प्रिया रानी, कृष्ण अजनबी, विजया कुमारी मौर्य, अनीता पांडया, निर्मल कुमार दे आदि की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

***प्रस्तुति : बीना गुप्ता***

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### बद्री पासवान पुनः बने जदयू जिला उपाध्यक्ष नेताओं ने दी बधाई

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** जेडीयू के वरीय नेता बद्री पासवान को पुनः जदयू जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष भरत पटेल ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि बद्री पासवान पार्टी के प्रारंभिक दौर से ही संगठन से जुड़े रहे हैं। उन्होंने पार्टी के संगठन को मजबूत करने और उसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महती भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और सक्रियता से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। बद्री पासवान को दोबारा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगेस बधाई देने वालों में विधायक विशाल शाह, कैप्टन हमीद, मुकेश पाण्डेय, दीपक पटेल, दिनेशचंद्र प्रसाद, रंजन भारती, ब्रजेश श्रीवास्तव, मो़ हसनैन, पूर्व मुखिया ड़ बेबी आलम, ष्णकांत चौधरी, अनिल गुप्ता, राकेश पटेल, राजन उर्फ मुन्ना गुप्ता, रुस्तम आलम, मनोज कनौजिया, प्रिंस कुमार, सरपंच विजय सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, राजेश्वर सिंह, शंभू सिंह, अजय पटेल, मुखिया विनय कुमार, हरेन्द्र चौधरी सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता शामिल हैं।

### फरार अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर रविश कुमार सिंह गिरफ्तार, गया जेल

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मोतिहारी पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां हरैया थाना पुलिस ने नगर थाना पुलिस की सहयोग से नगर थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर एकौना में छापेमारी कर एनडीपीएस एक्ट के फरार अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरसिद्धि बाबू टोला गांव निवासी नगीना सिंह का पुत्र रविश कुमार सिंह बताया गया है जिससे पुलिस बारिकी से पूछताछ कर रही है। एसपी ने बताया कि उसके विरुद्ध कई राज्यों के विभिन्न जिलों के विभिन्न थाना में करीब ढाई से तीन दर्जन एनडीपीएस एक्ट जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। जिसमें कई राज्यों में जेल भी जा चुका है। एसपी ने बताया कि फिलहाल उसके विरुद्ध हरैया थाना कांड संख्या90ď26 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तारी की गयी है। उक्त कांड में पुलिस कंटेनर वाहन से 33936 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया था।उसके अलावे डुमरियाघाट थाना कांड संख्या 24ď10, आदापुर थाना कांड संख्या 227ď24 एनडीपीएस एक्ट दर्ज है। जिसमें वह वर्षो से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी में नगर कोतवाल राजीव रंजन, हरैया थानाध्यक्ष किसन कुमार पासवान,जिला आसूचना इकाई के दारोगा पूजा कुमारी, जमादार निक्कू कुमार सिंह, हरैया थाना के दारोगा कुमारी बिट्टू, पीटीसी अनिल कुमार तांती व सिपाही सोनू कुमार शामिल थे।

### जहरीली शराब कांड के मास्टरमाइंड एवं 25 हजार का इनामी सूरज सिंह गिरफ्तार, गया जेल

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मोतिहारी पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां पुलिस जहरीली शराब कांड के मास्टरमाइंड एवं 25 हजार का इनामी अभियुक्त को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला से गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला के जलालपुर थाना क्षेत्र के नहोरा डेरवा गांव निवासी सितला प्रसाद सिंह का पुत्र सुरज सिंह बताया गया है। उन्होंने बताया कि तुरकौलिया थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि तुरकौलिया थाना कांड संख्या 174ď26 जहरीली शराब कांड एवं 25 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त उत्तर प्रदेश वाराणसी में है। सूचना पर सदर -1 के डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम मोतिहारी द्वारा उत्तर प्रदेश से विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।ज्ञात हो कि लगभग तीन माह पूर्व जहरीली शराब पीने से तुरकौलिया, रघुनाथपुर थाना क्षेत्र करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो गयी थी और करीब एक दर्जन से अधिक लोगों के आंख की रौशनी भी चली गयी थी। छापेमारी टीम में डीएसपी श्री कुमार के अलावे पर्यवेक्षी पदाधिकारी तुरकौलिया धर्मवीर भारती, तुरकौलिया थानाध्यक्ष रणजीत कुमार,डीआईयु प्रभारी दारोगा करण सिंह, ष्ण मोहन कुमार,डीआईयु सिपाही पंकज कुमार सिंह, सौरभ कुमार एवं अभिषेक कुमार शामिल थे।

# जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान

## स्वच्छता, जनभागीदारी, जागरूकता और जनसेवा से जुड़ी होंगी गतिविधियां

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सार्वजनिक परिसंपत्तियों के सुढ़ीकरण, स्वच्छता, जनभागीदारी, जागरूकता एवं जनसेवा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में बैठक हुई। इसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे, जबकि एसडीओ, बीडीओ सहित अन्य प्रखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग से जुड़ेस अभियान के तहत 17 सितंबर की शाम आशावाद का दीया कार्यक्रम होगा। जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालय के अलावा पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, सामुदायिक भवन एवं प्रमुख टोला क्षेत्रों में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। जिला स्तर पर मोतिहारी के अटल पथ पर कार्यक्रम होगा।सेवा चित्र के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक विद्यालयों में विकसित भारत संकल्प एवं सेवा कार्य विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता होगी। सेवा स्मरण के तहत 2 से 12 अक्टूबर तक पिछले 25 वर्षो के सेवा कार्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को गीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। आंगन का मिलन कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं आशा कर्मियों का सम्मान और बच्चों की गतिविधियां होंगी। कहानी बदलाव की के तहत विकास योजनाओं से जुड़ी वास्तविक सफलता की वीडियोध्रील तैयार कर डिजिटल माध्यम से प्रसारित की जाएगी। वहीं सेवा ज्योति यात्रा में पदयात्रा, साइकिल एवं बाइक यात्रा आयोजित होगी। सेवा मेरा योगदान के तहत विद्यालयों में श्रमदान, तालाब एवं छठ घाटों की सफाई तथा सार्वजनिक स्थलों के बदलाव के पहले और बाद के फोटो-वीडियो तैयार कर पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। सेवा सेतु शिविरों में लोगों से आवेदन लेकर लाभार्थी डाटा तैयार किया जाएगा और योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई होगी। सेवा के रंग के तहत प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर मानव रंगोली भी बनाई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दियास बैठक में नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी, जिला परिवहन पदाधिकारी निवेदिता, उप समाहर्ता नजारत प्रेमलता, प्रभारी जिला गोपनीय शाखा अमरेश कुमार, निदेशक डीआरडीए ड. कुंदन कुमार, जयराम चौरसिया, जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी व अन्य।

## भगवान विश्वकर्मा ने ही की थी स्वर्गलोक की रचना

**मोतिहारी (एनएसबी)।** आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव 17 सितम्बर गुरुवार को सर्वत्र हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा की पूजा का विधान वैदिक काल से ही चला आ रहा है। वास्तुशास्त्र और निर्माण कला में उनका योगदान सदियों से सर्वमान्य रहा है। यह सर्वविदित है कि भगवान विश्वकर्मा ने ही सर्वप्रथम स्वर्गलोक की रचना की थी। इसके बाद उन्होंने लंका,द्वारका और अन्य प्रमुख पुरियों का निर्माण कियास महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जब पुरूरवा के राज्य में बारह वर्षीय यज्ञ का आयोजन हुआ था,तब उस यज्ञशाला का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था। सृष्टि के प्रारंभ में भगवान विष्णु क्षीरसागर में शेष शय्या पर आविर्भूत हुए थे और उनके नाभि कमल से ब्रह्मा प्रकट हुए। ब्रह्मा के पुत्र धर्म और उनके पुत्र वास्तुदेव थे जो शिल्पशास्त्र के आदि प्रवर्तक माने जाते हैं। वास्तुदेव के पुत्र ही भगवान विश्वकर्मा थे,जिनकी माता का नाम अंगीरसी थास उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने सत्ययुग का स्वर्गलोक,त्रेतायुग की लंका,द्वापरयुग की द्वारका और कलियुग का हस्तिनापुर जैसे महानगरों का निर्माण किया था। यह प्रमाणित करता है कि जो व्यक्ति धन-धान्य,सुख-समृद्धि और समृद्ध जीवन की कामना करते हैं,उन्हें भगवान विश्वकर्मा की पूजा अवश्य करनी चाहिए। उनका पूजन मंगलकारी व फलदायी माना जाता है।



सुशील कुमार पाण्डेय।

## ट्रक पर लदे 400 लीटर अवैध स्प्रीट बरामद, एक गिरफ्तार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** छतौनी थाना पुलिस एवं नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक ट्रक पर लदे 20 गैलन से करीब 400 लीटर अवैध स्प्रीट बरामद किया है और एक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि छतौनी थाना क्षेत्र के मंजर नसीम हॉस्पीटल के समीप धर्म कांटा के पास एक भूरे रंग का ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर ॅठ11ळ0385 खड़ी है, जो कलकत्ता से चलकर मोतिहारी के लिए आती है। जहां से किसी कारोबारी को आपूर्ति करना है। सूचना पर सदर-1 के डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त ट्रक की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान उक्त ट्रक से 20 गैलन में 400 लीटर अवैध स्प्रीट बरामद किया गया।वहीं चालक वैशाली जिला के बेलसर थाना क्षेत्र के हजपुरा गांव निवासी ब्रह्मदेव सिंह के पुत्र राजीव कुमार सिंह को मौके से गिरफ्तार करते हुए उक्त ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया, जहां उसका विधिवत जप्ती सूची बनाकर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में डीएसपी श्री कुमार के अलावे छतौनी थाना के अंचल निरीक्षक रणधीर भट्ट,छतौनी थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह,नगर कोतवाल राजीव रंजन, छतौनी थाना के अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज, दारोगा जयंती कुमारी, अंकुल कुमार, राहुल देव वर्मा, पीटीसी अमलेश कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।



गिरफ्तार तस्कर के साथ पुलिस।

## किशनगंज में एक ट्रक तेल लूट मामले में चकिया से दो व्यवसाई गिरफ्तार, 97 टीना तेल बरामद

**चकिया।** किशनगंज से हुई एक ट्रक तेल लूट मामले में पुलिस ने 97 टीना लूट के तेल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किशनगंज जिला के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में बीते 8 सितंबर को एक ट्रक नेपाली तेल लूट हुई थी। किशनगंज पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी। इसी क्रम में किशनगंज पुलिस व स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को शाम में संयुक्त रूप से छापेमारी कर शहर के भाजपा नेता संदीप सुल्तानिया के भाई केसरिया रोड स्थित किराना व्यवसाई दीपक सुल्तानिया तथा शिवनंदन मखारिया के पुत्र संजय मखारिया को गिरफ्तार कर लिया। साथ हीं लूट का 97 टीना तेल गोदाम से बरामद किया। इसके उपरांत किशनगंज पुलिस गिरफ्तार दोनों को अपने साथ ले गई। वहीं चोरी किया गया ट्रक खाली हालत में यूपी से मिला। समाचार प्रेषण तक पुलिस की टीम इसी मामले मधुबन में छापेमारी कर रही थी। छापेमारी दल में किशनगंज थाना अध्यक्ष सुनील कुमार,चकिया थाना अध्यक्ष धर्मप्रकाश कुमार,अपर थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार,एसआई अजीत कुमार,मौसम कुमार के अलावा दोनों थाना के पुलिस बल शामिल थे।



गिरफ्तार दोनों व्यवसाई के साथ पुलिस अधिकारी।

## पांच अवैध गोदामों में छापेमारी बड़ी मात्रा में यूरिया व डीएपी बरामद

**मोतिहारी (एनएसबी)।** खाद की कालाबाजारी और अवैध भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सदर एसडीओ अरुण कुमार एवं डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने बंजरिया थाना क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर पांच गोदामों में छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद बरामद की गई। बरामद खाद की गिनती और सत्यापन का कार्य जारी है। प्रशासनिक टीम ने बंजरिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मण चौक, मर्डन पब्लिक स्कूल के समीप, खेतान गोदाम और बंजरिया पोखर के पास स्थित गोदामों में जांच की। अधिकारियों के अनुसार, गोदामों में खाद के भंडारण और उससे जुड़े कागजात की जांच की जा रही है। स्टक की गिनती के लिए कई बीडीओ, प्रखंड षि पदाधिकारी, षि समन्वयक एवं मजिस्ट्रेटों को लगाया गया है। बड़ी मात्रा में खाद होने के कारण दर्जनों मजदूर भी गिनती में लगाए गए हैं।जांच में लक्ष्मण चौक स्थित एक गोदाम के खाद लाइसेंस की वैधता को लेकर भी मामला सामने आया है। प्रशासन के अनुसार, लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बावजूद खाद के उठाव और बिक्री की जानकारी मिली है। बताया गया कि 9 सितंबर को 100 बोरी यूरिया की बिक्री की गई, जबकि दस्तावेज में लाइसेंस नवीकरण की तारीख 11 सितंबर अंकित है। इसकी जांच की जा रही है।

# अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## रोस्टर के अनुसार चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मिले उपस्थित, दवा स्टोर व वार्डो का लिया जायजा

**अरेराज (एनएसबी)।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुसार सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित पाए गए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की सूची की जानकारी ली। इसके बाद दवा स्टोर का निरीक्षण कर वहां दवाओं के रख-रखाव एवं उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी लीस निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया तथा भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत की। उन्होंने मरीजों से इलाज, चिकित्सीय सुविधाओं और अस्पताल में मिल रही अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मरीजों की समस्याओं और सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिएस अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई एवं बेहतर रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहास जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, दवाओं के उचित रख-रखाव और साफ-सफाई में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### जीवामृत के छिड़काव से प्राकृतिक खेती को मिला बढ़ावा

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** कृषि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी में मंगलवार को प्रातिक खेती को लेकर टीसीए, ढोली के रावे विद्यार्थियों ने खेत स्तर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने धान की फसल में जीवामृत का छिड़काव कर प्रातिक खेती की तकनीक को प्रत्यक्ष रूप से समझा। विद्यार्थियों ने स्वयं खेत में जीवामृत का प्रयोग किया और फसल पर इसके प्रभाव का अवलोकन किया।प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवामृत तैयार करने की विधि, उपयोग, उचित मात्रा और फसल में इसके महत्व की जानकारी दी। बताया गया कि जीवामृत प्रातिक खेती में उपयोग होने वाला महत्वपूर्ण जैविक घोल है। इसके प्रयोग से मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ाने में मदद मिलती है। इससे मिट्टी की जैविक गुणवत्ता और उर्वरता बनाए रखने में भी सहायता मिलती है।विद्यार्थियों ने धान की फसल की स्थिति का भी निरीक्षण किया। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रातिक खेती में स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर खेती की लागत कम करने के साथ मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए प्रातिक एवं जैविक विकल्पों को बढ़ावा देना जरूरी है।रावे कार्यक्रम के तहत हुई इस गतिविधि से विद्यार्थियों को प्रातिक खेती का सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि खेत में इसके प्रयोग का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिला। विद्यार्थियों ने किसानों तक प्रातिक खेती की तकनीकों को पहुंचाने की आवश्यकता पर चर्चा की।

### कोइरिया टोला दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक, कमिटी गठित

#### अनीश कुशवाहा बने अध्यक्ष व अभिषेक कुशवाहा कोषाध्यक्ष

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर के कोइरिया टोला दुर्गा पूजा समिति द्वारा वर्ष 1989 से लगातार समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर समिति के अध्यक्ष अनीश कुशवाहा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई।बैठक में समिति के सभी सदस्यों एवं नगरवासियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान आगामी दुर्गा पूजा को भव्य, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूजा पंडाल एवं सजावट, प्रतिमा स्थापना, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, प्रसाद वितरण एवं पूजा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। सदस्यों के को अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई और आपसी सहयोग व समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश फिया गया। संरक्षक ई जितेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि दुर्गा पूजा समिति की सदस्यों की पहचान केवल दुर्गा पूजा के आयोजन तक सीमित नहीं है,बल्कि समिति के सदस्य वर्षो से धार्मिक कार्यो के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी अपना योगदान देते है।इस दौरान समिति द्वारा सर्वसम्मति से संरक्षक,जितेंद्र कुशवाहा ,अध्यक्ष अनिश कुशवाहा ,कोषाध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा ,सचिव मनीष कुशवाहा,द्य संयुक्त सचिवरू अविनाश अमन को मनोनिय किया गया। इस अवसर पर समिति , सदस्य श्याम कुमार, रवि रंजन, आकाश कुमार, साहिल, अनुज, अंकित, प्रकाश, अंशु, प्रिंस, राजन, अमित, राजा, मुन्ना, झूलन, अभिराज, करण, रिशु, बादल सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

### हिन्दी संस्कृति एवं विज्ञान की धरोहर : निदेशक

#### हिन्दी पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ, वैज्ञानिकों व कर्मियों ने लिया राजभाषा के उपयोग का संकल्प

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को हिन्दी पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ सभा भवन में किया गया। इस वर्ष पखवाड़े का मुख्य विषय 'हिन्दीसंस्ति एवं विज्ञान की धरोहर' रखा गया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक ड़ अमोल कैलाश जाधव ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के बाद 'वन्दे मातरम' एवं 'भाअनुप गीत' की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल के उप-सेनानायक राकेश कुमार, निदेशक ड़ राघवेन्द्र सिंह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्थान के निदेशक ने किया। स्वागत भाषण प्रधान वैज्ञानिक ड़ एसक़े पूर्बे ने दिया। उन्होंने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों की जानकारी दी तथा सभी कर्मचारियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। ोधन सत्र में ड़ एसक़े सिंह, ड़ लामेला ओझा, विष्णु काजी समेत अन्य वक्ताओं ने विचार रखे। वक्ताओं ने कार्यालयी पत्राचार, तकनीकी लेखन एवं षि प्रसार साहित्य में हिन्दी के प्रयोग की चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की। वैज्ञानिक शब्दावली को सरल हिन्दी में प्रस्तुत करने पर भी जोर दिया गया।निदेशक ड़ राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि षि अनुसंधान की सार्थकता तभी है, जब उसके परिणाम किसानों तक उनकी अपनी भाषा में पहुंचें। पखवाड़े के दौरान निबंध लेखन, टिप्पण एवं आलेखन, वाद-विवाद, काव्य-पाठ और हिन्दी टंकण समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनके परिणामों की घोषणा और विजेताओं को पुरस्कार समापन समारोह में प्रदान किए जाएंगे।





अनुसंधान संस्थान में मौजूद वैज्ञानिक व कर्मचारी।

### विद्यार्थियों को उपकरणों का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** एल़एऩडी. कलेज, मोतिहारी में वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान तथा सेंट्रल रिसर्च फैसिलिटी (सीआरएफ), एमएस कलेज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय 'आणविक जीव विज्ञानजेल से जीन तक' कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में सेमिनार हल में संसाधन व्यक्ति ड़ शफीकुर रहमान, सहायक प्राध्यापक, ातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग, एमएस कलेज एवं समन्वयक, सीआरएफ ने विद्यार्थियों को प्रोटीन, यूवी-विश्लेषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर तथा प्रतिदीप्ति स्पेक्ट्रोस्कोपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन तकनीकों के मूल सिद्धांत, उपयोग एवं जैविक अनुसंधान में उनकी उपयोगिता को उदाहरणों के माध्यम से समझाया।इसके बाद विद्यार्थियों को सेंट्रल रिसर्च फैसिलिटी, एमएस कलेज ले जाया गया, जहां उन्हें यूवी-विश्लेषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर एवं प्रतिदीप्ति स्पेक्ट्रोस्कोपी से संबंधित प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला उपकरणों को करीब से देखा तथा उनकी कार्यप्रणाली और प्रयोग की प्रक्रिया को समझा। इससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का अवसर मिला।कार्यशाला के संयोजक प्रो़ अरविंद कुमार एवं सह-संयोजक ड़ नीरज कुमार पूरे प्रशिक्षण के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों एवं संसाधन व्यक्ति के बीच समन्वय स्थापित किया।कार्यशाला का तीसरा एवं अंतिम दिन भी व्यावहारिक प्रशिक्षण पर केंद्रित रहेगा। इसमें विद्यार्थियों को डीएनए निष्कर्षण एवं शुद्धिकरण, पीसीआर तथा जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस जैसी महत्वपूर्ण आणविक जीव विज्ञान तकनीकों का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### एमजीसीयू में आज होगा दीक्षारंभ-2026 का आयोजन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा छात्र सुविधाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से बुधवार को दीक्षारंभ-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी अडिटोरियम में होगा। इसमें ातकोत्तर एवं पांच वर्षीय एकीत ातक-ातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम को उद्घाटन, तकनीकी एवं समापन सत्र में विभाजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में अकादमिक मामलों के निदेशक प्रो़ बृजेश पांडेय स्वागत संबोधन करेंगे। बाह्य अतिथियों का ोधन होगा। कुलपति प्रो़ संजय श्रीवास्तव अध्यक्षीय संबोधन करेंगे।सुबह 11रू15 बजे से तकनीकी सत्र में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रक्टर प्रो़ प्रसून दत्त सिंह अनुशासन, परिसर में आचरण एवं एंटी-रैगिंग उपायों की जानकारी देंगे। प्रोवोस्ट प्रो़ प्रणवीर सिंह छात्रावास व्यवस्था, जबकि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो़ ए़ पाल छात्र सुविधाओं, छात्रवृत्ति एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया से अवगत कराएंगे।पुस्तकालय प्रभारी प्रो़ रंजीत कुमार चौधरी पुस्तकालय सेवाओं, परीक्षा नियंत्रक सच्चिदानंद सिंह परीक्षा एवं मूल्यांकन व्यवस्था तथा वित्त अधिकारी प्रो़ पंकज कुमार सिंह शुल्क, छात्रवृत्ति एवं फेलोशिप संबंधी जानकारी देंगे। प्रशासनिक अधिकारी प्रो़ अतुल कुमार शरण प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी देंगे।

## सहरसा की बेटी सुषमा दूरदर्शन पर करेंगी कथक की प्रस्तुति, राज्य स्तरीय मंच पर प्रस्तुति का अवसर




**सहरसा (एनएसबी)।** कहरा प्रखंड के पड़री सहरसा की बेटी सुषमा कुमारी का कथक पटना के प्रसार भारती दूरदर्शन केंद्र पटना में होगा, सुषमा सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह कॉलेज सहरसा की छात्रा है, व स्वरांजलि में कथक की शिक्षा ग्रहण कर रही है, सुषमा को मिला बी ग्रेड व राज्य स्तरीय मंच पर प्रस्तुति का मौका। दूरदर्शन केंद्र पटना द्वारा ये प्रमाण पत्र 24 अगस्त 2026 को जारी किया गया है! स्वरांजलि सहरसा की कलाकार कथक के साथ गायन और तबला की शिक्षा प्रो गौतम सिंह एवं प्रो भारती सिंह के मार्ग दर्शन में लें रही है।

राष्ट्रीय मंच पर कोलकाता की सिस्टर निवेदिता यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी सुषमा नें अपनी प्रस्तुति दी है,फकीर मोहन यूनिवर्सिटी,उड़ीसा शुक्रगुलजार ,एवं शनिवाहार कार्यक्रम जो कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी है साथ ही साथ सहरसा जिला का प्रतिनिधित्व कई बार राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में देकर पुरस्कार प्राप्त किया है और सहरसा जिला का मान बढ़ाया है। बताते चलें की सुषमा मोहन कुमार खां व वंदना देवी की पुत्री हैं,सुषमा के गुरू प्रो. गौतम सिंह जी एवं भारती सिंह जी ने भी बच्ची को शुभकामना दिया है, साथ ही गांव के कई बुजुर्गो और गण्यमान व्यक्तियों नें बच्ची को आशीर्वाद दिया और ऊंचाई पऱ जाने की कामना की। बताते चलें की सुषमा ने कई राष्ट्रीय मंच एवं अनेक सांस्कृतिक महोत्सव में श्रोताओं को अपने गायन और कथक से मंत्र मुग्ध किया है! सुषमा के इस प्रस्तुति पऱ इनके गांव पड़री सहित पुरे सहरसा में हर्ष व्याप्त है!

### एसी कोच के सीलिंग में छिपकर नई दिल्ली से सहरसा लाई गई थी शराब

# 261 बोतल बरामद एक गिरफ्तार, वैशाली एक्सप्रेस के एमटी रैक से करीब ढाई लाख का शराब बरामद




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** रेलवे सुरक्षा बल सहरसा ने वैशाली एक्सप्रेस के एमटी रैक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। वही एक आरोपी की भी गिरफ्तारी हुई है शराब की कुल कीमत ढाई लाख से अधिक आकी गई है। जानकारी अनुसार सहरसा रेलवे सुरक्षा बल को अपराध आसूचना शाखा समस्तीपुर से गुप्त सुचना प्राप्त हुई की गाड़ी संख्या 15566 के एम्टी रेक में कुछ विदेशी शराब है जिसे शराब तस्कर मौका पा कर वहां से निकल कर ले जा सकता है।

सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट कमांडर धनंजय कुमार यादव साथ में सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार सिंह व सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार काजी गोपनीय तरीके से निगरानी करते हुए गेट संख्या 30 के पास पहुंचे तो दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में उक्त गेट पर दिखा जिसे रुकने के लिए कहां गया पुलिस को आते देख दोनों ने भागने का प्रयास किया। जिसमें से एक व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल ने पकड़ लिया जबकि दूसरा फायदा उठा कर पकड़ से दूर निकल गया। जिसके बाद उक्त व्यक्ति भी भागने का भरपूर प्रयास किया। जिसे मौके पर उपस्थित गेटमेंन व अन्य सभी के मदद से समुचित बल का प्रयोग करते हुए पकड़ लिया गया तलाशी के बाद उसके कमर से 2 विदेशी शराब की बोतल बरामद किया गया। पूछने पर उसने अपना नाम कोशिश कुमार उम्र-25 वर्ष ,पिता बेचन ठाकुर इन्द्रवा वार्ड-06, थाना-सौर बाजार सहरसा का निवासी बाताया। उसने बताया कि वह बतौर पलंबर, कारपेंटर और ट्रिमिंग कार्य के लिए प्राइवेट कम्पनी के अधीन सहरसा में रेलवे के कैरेज एंड वैगन विभाग के देख रेख में वाशिंग पिट सहरसा में कार्य करता है। कुछ लोग गाड़ी संख्या 15565/66 के खाली एमटी कोच के एसी बोगी में शाराब रखा है। उसी में 2 बोतल मैने उठा लिया है। शराब का सेवन और बिक्री पर बिहार राज्य में पूर्ण प्रतिबंधित है। जिसके कारण सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार सिंह द्वारा मौके पर आरोपी के पास से दो बोतल विदेशी शराब जप्त किया। जिसके बाद जमातलाशी लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया हालांकि जमा तलाशी में आरोपी के पास से पहने हुए कपडे के अलावा कुछ नहीं पाया गया जिसके बाद मौके से ही थानाध्यक्ष मध्य निषेध थाना सहरसा को दी गई पुराना वाशिंग पिट के लाइन संख्या 01 में खड़ी गाड़ी संख्या 15565/66 के खाली एमटी कोच के एसी बोगी को चेक करने पर कोच संख्या ए-1, बी-3, बी-5 के छत के सीलिंग से विदेशी शाराब के विभिन्न ब्रांडो की कुल 261 विदेशी शराब, जिसका मात्रा 750 मिली है बारामद हुआ, इस प्रकार कुल मात्रा 197.25 लीटर जिसकी कीमत 2,53,250/आंकी गई है। इसके बाद सभी विदेशी शराब को जप्त किया गया और उत्पाद निरक्षक सहरसा संजीत कुमार एवं स्टाफ द्वारा मौके की समस्त कार्यवाही उपरांत आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

## खेलने के दौरान पानी में डूबने से छह वर्षीय बालक की मौत



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के हथमंडल गांव में मंगलवार की सुबह खेलने के दौरान पानी में डूबने से छह वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हथमंडल गांव निवासी अमोज यादव के पुत्र अभिराज कुमार (6) के रूप में हुई है। बताया गया कि अभिराज घर के आसपास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह खेलते-खेलते पानी के पास पहुंच गया और गहरे पानी में चला गया। पानी में डूबने से उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बालक को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गाजीपैता भरना टोला में 35 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, एफएसएल टीम घटनास्थल पर पहुंची



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** विराटपुर पंचायत के गाजीपैता भरना टोला में मंगलवार की अहले सुबह 35 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर सोनवषार्राज थाना के अपर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेजने की कार्रवाई शुरू की। मृतका की सास साबित्री देवी ने बताया कि सुबह महिला अपने तीनों बच्चों को गोतनी के पास छोड़कर बिस्कुट खाने के लिए दिया और कमरे में चली गई। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजन उसे जगाने पहुंचे। आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो किवाड़ तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया, जहां महिला मृत अवस्था में बिछावन पर पड़ी मिली। बताया गया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव को फंदे से उतारकर चैकी पर रख दिया गया था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि प्रथमद्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के आवेदन के बाद ही घटना की सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### एसएनएस कालेज में संस्कृत विभाग द्वारा छात्र-छात्राओ ने किया शोध पत्र वाचन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एसएनएस आरकेएस, महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित सेमिनार में स्नातक छठा सेमेस्टर के छात्रों ने अंबिकादत्त व्यास का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर अपना शोध पत्र वाचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण से नीरज कुमार राय के द्वारा हुआ। वही स्वागत गीत गायन गौरी कुमारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनन्त कुमार सिंह प्राचार्य एसएनएसआर के एस कॉलेज ने किया। इसी क्रम में डॉक्टर महानंद सदा, डॉक्टर गौरी, डॉक्टर लीना, डॉक्टर शालिनी, डॉक्टर जयकुमार, डॉक्टर अभय नाथ पाठक, डॉक्टर सबिया समीम, डॉक्टर रबाब फातमा आदि ने उक्त विषय पर अपना विचार व्यक्त किया। छात्रों में आदित्य नीतीश अनुज रितु अंजनी माधुरी प्रेरणा आदि ने अपना पत्र वाचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अभय नाथ पाठक ने किया। अन्त में शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

### आंगन की पक्की दीवार तोड़ जमीन कब्जाने का आरोप, पीड़िता ने डीआईजी को सौंपा ज्ञापन, बार-बार आवेदन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, अब डीआईजी से न्याय की उम्मीद




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल के बलवाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरा खोजूचक वार्ड 2 निवासी रेखा देवी, पति संजय कुमार भगत ने ग्रामीण दबंगों पर जबरन पक्की दीवार तोड़कर जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने मंगलवार को पुनः पुलिस उपमहानिरीक्षक, कोसी क्षेत्र को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच, कार्रवाई एवं न्याय की गुहार लगाई है। डीआईजी को दिए आवेदन में रेखा देवी ने आरोप लगाया कि जोगिंदर मेहता, पंकज मेहता, अंगद मेहता सहित करीब 10-15 अज्ञात लोग हरवे-हथियार से लैस होकर उसके घर पहुंचे और पक्की दीवार को तोड़ने लगे। पीड़िता के अनुसार, जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी एवं खंती से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। किसी तरह मौके से भागकर उसने अपनी जान बचाई। पीड़िता का कहना है कि घटना के संबंध में इससे पूर्व भी बलवाहाट थाना, सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ, सहरसा एसपी एवं डीआईजी को कई बार लिखित आवेदन दिया जा चुका है। इसके अलावा आपातकालीन सेवा 112 पर भी सूचना दी गई, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से वह और उसका परिवार परेशान है। रेखा देवी ने बताया कि आरोपितों द्वारा बार-बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिए जाने से परिवार के सदस्यों में भय एवं मानसिक तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने पूर्व में दिए गए आवेदनों के साथ पक्की दीवार की पूर्व एवं वर्तमान स्थिति से संबंधित तस्वीरें भी डीआईजी को सौंपे गए आवेदन के साथ संलग्न की हैं। पीड़िता ने पुलिस उपमहानिरीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा अपनी जमीन और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। अब पीड़िता को वरीय पुलिस अधिकारी से न्याय मिलने की उम्मीद है।

### पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों की विभिन्न शिकायतें, त्वरित निष्पादन के निर्देश



**सहरसा (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग द्वारा मंगलवार को ह्यसेवा संवाद-समाधान, सीधा संवाद, त्वरित समाधानह्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में पहुंचे फरियरदियों ने पुलिस अधीक्षक से संबंधित अपनी समस्याओं और शिकायतों को पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखा। एसपी ने फरियादियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित मामलों की जानकारी ली। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही, शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं हो तथा फरियादियों को समय पर उचित समाधान उपलब्ध कराया जाए।

## नगर पंचायत सोनवषार्राज में कार्यरत सफाईकर्मियों नें डीएम के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**सहरसा षहर (एनएसबी)।** नगर पंचायत सोनवषार्राज में कार्यरत सफाईकर्मियों के साथ, मुख्य पार्षद मनीष कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार नगर पंचायत सोनवषार्राज, एवं कार्यरत सफाई ऐजेंसी बख्तियारपुर ट्रेडर्स तथा प्रिय रंजन द्वारा व्यापक पैमाने पर किये जा रहे शोषण के खिलाफ कार्यवाही करने के संबंध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष कुशाग्र कुमार गब्बर के नेतृत्व में बड़ी संख्या मे हड़ताली सफाईकर्मियों ने अपने विभिन्न मांगों के समर्थन में मंगलवार को समाहरणालय गेट पर धरना-प्रदर्शन कर मांग पत्र जिलाधिकारी को सौपा गया। गब्बर कुमार ने कहा कि विगत आठ दिनों से सफाई मजदूरों की हड़ताल जारी है। लेकिन मुख्य पार्षद ने वार्ता करना मुनासिब नही समझते हुए पर्यटन स्थल पर घूम रहे है। उन्होने उपरोक्त पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि द्वारा सफाईकर्मियों की स्वीकृत पद के विरुद्ध केवल 84 सफाईकर्मियो से कार्य लिया जा रहा है। जबकि सरकार द्वारा सफाई हेतु आवंटित राशि को उक्त पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियो द्वारा फर्जी सफाईकर्मियों का नाम जोड़कर अवैध निकासी की जाती है। साथ ही इनके द्वारा सफाईकर्मियों के स्वच्छता उपकरण झाड़ू, जूता, वर्दी,दस्ताना मास्क, साबुन, हेलमेट, कुदाल, खंती इत्यादि की केवल अभिलेख पर वितरण कर राशि की बंदर बाँट कर दि जाती है। सफाईकर्मियों के रिक्त पदो पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में सफाईकर्मियों कि नियुक्ति का अनुरोध करने पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि डीएम साहेब के आदेश पर 37 सफाई कर्मियो को नाला साफ करवाने हेतु रखा गया था, जिसे लगभग ढाई महीने बाद हटा दिया गया। सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष गब्बर ने कहा कि सफाई मजदूरों को किसी भी समय पर वेतन भुगतान नही किया जाता है।वही ईपीएफ कटौती के बाबजूद मजदूरों के खाते मे जमा नही होती है। साथ ही निर्धारित वेतन में भी कटौती की जाती है।उन्होने सभी मजदूरों को बारह हजार रुपए मासिक वेतन सहित अन्य सभी सुविधाए ससमय प्रदान करने की मांग की है। इस मौके पर रवि कुमार, बिजेंदर मलिक, मुरारी सिंह, जगन मल्लिक, अमन कुमार, प्रकाश मल्लिक, अमीर कुमार, मनोज मल्लिक, पंकज मल्लिक, जितेंद्र मल्लिक, सज्जन कुमार, संजू देवी, पिंकी देवी, खुश्बू देवी, रीता देवी, मनीषा देवी, रेखा देवी, भूखनी देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

### कोशी बाढ़-कटाव पीड़ित परिवारों ने मांगा सरकारी मुआवजा व स्थायी पुनर्वास

## एकदिवसीय महाधरना के माध्यम से डीएम को सौंपा आवेदन शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व छात्रावास की सुविधा की भी मांग



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी नदी की बाढ़ एवं कटाव से प्रभावित होकर बेघर हुए सैकड़ों परिवारों की समस्याओं के समाधान को लेकर कोशी पीड़ित परिवारों ने मंगलवार को एकदिवसीय महाधरना आयोजित कर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान पीड़ित परिवारों की ओर से जिलाधिकारी को आवेदन सौंपकर सरकारी आर्थिक सहायता, उचित मुआवजा एवं स्थायी पुनर्वास की व्यवस्था कराने की मांग की गई। पीड़ित परिवारों ने आवेदन के माध्यम से कहा कि कोशी बाढ़ एवं कटाव की समस्या से लंबे समय से सैकड़ों परिवार प्रभावित हैं।

बार-बार आने वाली बाढ़ और कटाव के कारण लोगों को अपना घर, जमीन और आजीविका गंवानी पड़ रही है। कई परिवार बेघर होकर आर्थिक एवं सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसके बावजूद पीड़ित परिवारों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। धरना के माध्यम से पीड़ित परिवारों ने प्रशासन और सरकार का ध्यान अपनी विभिन्न मांगों की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि बाढ़-कटाव से प्रभावित परिवारों को तत्काल सरकारी आर्थिक सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थायी रूप से पुनर्वासित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि हर वर्ष बाढ़ एवं कटाव के कारण उन्हें विस्थापन का दंश नहीं झेलना पड़े। कोशी पीड़ित परिवारों ने अपने आवेदन में छात्र-छात्राओं एवं आम लोगों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। पीड़ित छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने की भी मांग रखी गई, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा कोशी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के स्थायी समाधान और समुचित विकास के लिए कोशी पीड़ित विकास प्राधिकार लागू करने की मांग भी की गई। पीड़ित परिवारों का कहना है कि कोशी क्षेत्र की भौगोलिक एवं प्राकृतिक परिस्थितियों को देखते हुए विशेष योजना बनाकर विकास कार्य कराया जाना आवश्यक है। धरना के दौरान पीड़ित परिवारों ने सरकार से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोशी बाढ़ एवं कटाव की समस्या केवल एक-दो वर्ष की नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही समस्या है। इसलिए राहत के साथ-साथ स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाया जाना जरूरी है। इस अवसर पर महिषी विधायक गौतम कृष्ण ने धरनास्थल पर पहुंचकर कोशी पीड़ित लोगों की मांग का समर्थन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा।उन्होने कोशी कटाव पीड़ित परिवार को मकान एवं बर्बाद फसल मुआवजा देने की मांग की गई।इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष मो ताहिर,महिषी विधायक गौतम कृष्ण, पूर्व प्रमुख पंचायत समिति सदस्य नौला दीपक यादव, शिवनंदन सदा सत्तौर, बैजनाथ यादव रसलपुर, मोहम्मद शमशुद,पंकज कुमार, सुशील कुमार, नरगिस राखी, संजय यादव,जीवछ पासवान,राजकुमार पासवान, मोहम्मद शकील सहित अन्य मौजूद रहे।

## कल होगा श्री विश्वकर्मा पूजा : पंडित तरुण झा

**सहरसा (एनएसबी)।** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान एवं फाउंडेशन डॉ० रहमान चैक सहरसा बिहार के संस्थापक एवं मिथिला के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया है की 17 सितम्बर, गुरुवार को यन्त्र के राजा श्री श्री 108 बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना होगी। भगवान विश्वकर्मा को ही सृष्टि का पहला वास्तुकार शिल्पकार और इंजीनियर माना जाता है। मान्यता यह है की लोहे के कार्य से सम्बंधित कारखाने इत्यादि में एवं पौराणिक कथाओं के मुताबिक भगवान विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया है,मान्यता ये भी है की पौराणिक युग में हथियारों का निर्माण भी भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था, प्रभु विश्वकर्मा के चरणों में हथियार एवं औजार रखकर पूजा का ये श्रेष्ठ दिन होता है।

## पहलाम गांव में गणेश पूजा पर स्थापित हुईं भगवान गणेश की प्रतिमा



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पहलाम गांव में गणेश पूजा के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना शुरू की गई। प्रतिमा स्थापना को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों में पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।प्रतिमा स्थापना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से परिवार और समाज की सुख-शांति, समृद्धि एवं क्षेत्र के कल्याण की कामना की।

पूजा स्थल पर सुबह और शाम श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। आसपास के ग्रामीण भी पूजा आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि गणेश पूजा शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्वक संपन्न कराने के लिए ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखा जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। मौके पर दिलीप ठाकुर, सुशील ठाकुर, मानस मास, विनोद ठाकुर, वेदानंद ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, राजीव ठाकुर, आशुतोष ठाकुर, गोपाल, चिंपू, प्रभास, आदित्य, अंकित, आलोक, प्रहलाद, अभिषेक, सत्यम, त्रिलोक, सोहित, दुर्गा, आदर्श, बिपिन समेत अन्य मौजूद थे।

### साक्षरता निर्वाचन क्लब की बैठक आयोजित

## 'लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका' पर हुई चर्चा



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एमएलटी कॉलेज में साक्षरता निर्वाचन क्लब की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो.सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि युवा छात्र ही लोकतंत्र के असली कर्णधार हैं। जागरूक मतदाता बनकर ही हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। मास्टर ट्रेनर मायानंद एवं बीएलओ ओमप्रकाश ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती हर एक वोट पर निर्भर करती है। पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करें। डॉ बलवीर झा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ.मयंक भार्गव और डॉ बीएन झा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर डॉ सुमन कुमार, डॉ दीप्ति, डॉ अन्नू कुमारी, डॉ राकेश कुमार डॉ एकता कुमारी, डॉ रौशन कुंवर, अंशु कुमारी, डॉ कोमल, डॉ महेश राम, डॉ गौतम, डॉ हर्षवर्धन डॉ देवदत्त, डॉ गोपाल झा, डॉ हिमांशु, डॉ मुकेश, डॉ नंद किशोर सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने किया जिला आईटी मैनेजर को सम्मानित

**खगड़िया।** बिहार आरटीपीएस रैंकिंग में सूबे में खगड़िया को पहला स्थान मिलने पर जिला पदाधिकारी विक्रम वीरकर ने समाहरणालय सभागार में जिला आईटी मैनेजर को सम्मानित किया। मौके पर आईटी मैनेजर श्री कुमार ने बिहार आरटीपीएस रैंकिंग में सूबे में खगड़िया को पहला स्थान मिलने पर तकनीकी मनिटरिंग, डिजिटल गवर्मेंस, समयबद्ध सेवा वितरण व टीम वर्क की रही महत्वपूर्ण भूमिका बतायी। उन्होंने भविष्य में भी तकनीकी मनिटरिंग, डिजिटल गवर्मेंस, समयबद्ध सेवा वितरण व टीम वर्क की आवष्यकता पर बल दिया।

### नाराज होकर घर से निकली महिला का छठे दिन भी पता नहीं

**पसराहा।** थाना क्षेत्र के बन्देहरा गांव में समय पर भोजन न मिलने से क्षुब्ध होकर एक 56 वर्षीय महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। स्वजनों के अनुसार, शांति देवी बीते 10 सितंबर को घर में खाना मिलने में हुई देरी से नाराज होकर बिना बताए कहीं चली गईं। जब वह देर शाम तक वापस नहीं लौटीं, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। महिला के अचानक गायब होने पर स्वजनों ने अपने स्तर से संभावित ठिकानों, आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। हर जगह से हताश होने के बाद महिला के पुत्र रुपेश कुमार ने पसराहा थाना पहुंचकर अपनी मां की गुमशुी का लिखित आवेदन दिया। मामले की पुष्टि करते हुए पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि स्वजन से मिले आवेदन के आधार पर गुमशुी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस लापता महिला की तलाश और सकुशल बरामी के लिए लगातार आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### बाढ़ पीड़ितों के बीच राशि का वितरण

**खगड़िया।** भूतपूर्व शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने अपने पेंशन राशि द्वारा रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के बरखंडी टोला के वार्ड नंबर 16 एवं 17 में बाढ़ पीड़ितों लगभग ढाई लाख रुपए का वितरण किया गया। श्री चंद्रशेखर प्रसाद यादव के पुत्र इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार के द्वारा यह राशि वितरित की जा रही है। जैसा कि ज्ञात हो चंद्रशेखर प्रसाद यादव के नाम पर ही श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज साह सह शहीद प्रभु नारायण मल्टी स्पेशलिटी हस्पिटल एनएच 31 परमानंदपुर खगड़िया है। राशि वितरित करवाने में बरखंडी टोला निवासी डक्टर अरुण कुमार यादव, पांडव कुमार यादव एवं वार्ड सदस्य अशोक कुमार यादव ने सहयोग किया।

### बाढ़ की रेत में फिसली महिला अंकित ने बढ़ाया मदद का हाथ

**परबत्ता।** प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी कई इलाकों में लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। मुरादपुर गांव जाने वाली सड़क पर मंगलवार को बाढ़ की रेत के बीच घास लेकर जा रही एक महिला अचानक असंतुलित होकर गिर पड़ी। देखते ही देखते वह पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर बहने लगी। महिला को बहता देख मौके पर मौजूद मुरादपुर निवासी अंकित कुमार ने बिना देर किए मदद के लिए हाथ बढ़ाया। अंकित ने तत्परता दिखाते हुए महिला को सहारा देकर सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी सूझबूझ और तत्परता से महिला को समय रहते बचा लिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अंकित कुमार की तत्परता और मानवता की सराहना की। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जर्जर और रेत से भरी सड़क पर आवागमन अब भी जोखिम भरा बना हुआ है।

### बेलदौर पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस की मुस्तैदी से एक बार फिर बेलदौर इलाके में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश नाकाम हो गई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार और कारतूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना बीते सोमवार की संध्या की है। बेलदौर पुलिस को अस्पताल चौक के निकट हरिओम प्रिंटिंग प्रेस के पास स्थित एक चाय दुकान पर संदिग्ध युवक के मौजूद होने की पक्की खबर मिली थी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर दबिश देकर युवक को घेर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेलदौर नगर पंचायत निवासी सिकंदर राम के पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। अपराधी को धर-दबोचने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप एस आई विकास कुमार, आलमगीर,पीटीसी शोभनाथ मिश्रा,अभिमन्यु कुमार चौधरी शामिल थे।

# हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, खुशियों और समृद्धि का देंगी आशीर्वाद, मुर्गे पर होगी विदाई

**खगड़िया (डीएनएस)।** शारदीय नवरात्र इस वर्ष 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और 20 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ मां दुर्गा की विदाई होगी। मान्यता है कि नवरात्र में मां दुर्गा अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर पृथ्वी पर आती हैं और उसी के आधार पर वर्ष के शुभ-अशुभ फल का संकेत मिलता है। श्रीशिवशक्तियोगपीठ नवगछिया के पीठाधीश्वर एवं श्री उत्तरतोताद्रि मठ विभीषणकुंड अयोध्या के उत्तराधिकारी श्री रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के अनुसार, इस वर्ष 11 अक्टूबर रविवार को कलश स्थापना होने के कारण मां दुर्गा हाथी (गज) पर सवार होकर आएंगी। धार्मिक मान्यता में हाथी पर मां का आगमन शुभ माना जाता है। इसे अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि का प्रतीक माना गया है। वहीं, 20 अक्टूबर मंगलवार को विजयादशमी के दिन मां दुर्गा अपने पूरे परिवार के साथ मुर्गे (चरणायुध) पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। मान्यता के अनुसार मुर्गे पर मां की विदाई होने पर जनमानस में


परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज।

विकलता की स्थिति बनी रहने का संकेत माना जाता है। इस प्रकार मां का आगमन शुभ संकेत दे रहा है, जबकि प्रस्थान को लेकर धार्मिक मान्यताओं में सावधानी का संकेत बताया गया है। शक्ति की उपासना के लिए नवरात्र को सर्वोत्तम समय माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम ने भी नवरात्र की आराधना कर देवी को प्रसन्न किया था और विजयादशमी के दिन रावण का वध कर धर्म की विजय स्थापित की थी। श्रद्धा और विश्वास के साथ मां दुर्गा की उपासना करने से भक्तों को आत्मबल, शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रविवार और सोमवार को नवरात्र प्रारंभ होने पर मां दुर्गा हाथी पर, शनिवार और मंगलवार को घोड़े पर, गुरुवार और शुक्रवार को डोली पर तथा बुधवार को नौका पर सवार होकर आती हैं। हाथी पर आगमन को अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि का संकेत माना जाता है। घोड़े पर आगमन को युद्ध या अशांति की आशंका, नौका पर आगमन को मनोकामनाओं की पूर्ति तथा डोली पर आगमन को रोग एवं कठिन परिस्थितियों से जोड़कर देखा जाता है। रविवार और सोमवार को विजयादशमी होने पर मां दुर्गा भैंसे पर, शनिवार और मंगलवार को मुर्गे पर, बुधवार और शुक्रवार को हाथी पर तथा गुरुवार को नर वाहन पर प्रस्थान करती हैं। धार्मिक मान्यता में भैंसे पर प्रस्थान को शोक, मुर्गे पर जनमानस में विकलता, हाथी पर शुभ वर्षा तथा नर वाहन पर शुभ-सौख्य का संकेत माना गया है।

11 अक्टूबर- प्रथम दिन, मां शैलपुत्री की पूजा
12 अक्टूबर- द्वितीया, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
13 अक्टूबर- तृतीया, मां चंद्रघंटा की पूजा
14 अक्टूबर-चतुर्थी, मां कुष्मांडा की पूजा
15 अक्टूबर-पंचमी, मां स्कंदमाता की पूजा
16 अक्टूबर-षष्ठी, मां कात्यायनी की पूजा
17 अक्टूबर-सप्तमी, मां कालरात्रि की पूजा
18 अक्टूबर- अष्टमी, मां महागौरी की पूजा
19 अक्टूबर-नवमी, मां सिद्धिदात्री की पूजा
20 अक्टूबर-दशमी, विजयादशमी एवं मां दुर्गा की विदाई

कुल मिलाकर नवरात्र असुर पर सुर और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव और निष्ठा के साथ मां दुर्गा की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करेंगे।

## चौथम प्रखंड की तेलौंछ पंचायत में जन सहयोग शिविर का आयोजन

**चौथम (डीएनएस)।** प्रखंड क्षेत्र के तेलौंछ पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को जन सहयोग शिविर का आयोजन पंचायत विकास दिवस के रूप में किया गया। शिविर में पंचायत के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी व्यक्तिगत एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों के समक्ष रखा। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों की ओर से अलग-अलग स्टल लगाए गए थे। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके बाद चौथम के बीडीओ रंजीत कुमार ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से विस्तृत संवाद किया। उन्होंने जन सहयोग शिविर सह पंचायत विकास दिवस के उद्देश्य और इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर ही लोगों को अपनी समस्याएं रखने और संबंधित विभाग से समाधान प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को छिपाने या कार्यालयों का चक्कर लगाने के बजाय शिविर में आवेदन के माध्यम से संबंधित विभाग के समक्ष रखें, ताकि उसका नियमानुसार समाधान कराया जा सके। शिविर में सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों और आवेदनों को भी स्वीकार किया गया। शिविर में पेंशन, राशन, बिजली,


शिविर में अधिकारी व अन्य।

बाल विकास, षि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, राजस्व सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर ग्रामीण पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को सुना तथा कई मामलों में आवश्यक प्रक्रिया और समाधान के संबंध में मौके पर ही जानकारी दी। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभ प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। जन सहयोग शिविर में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, पशुपालन, शिक्षा, षि, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद रहे। सभी विभागों द्वारा अलग-अलग स्टल लगाकर लोगों से आवेदन और शिकायतें प्राप्त की गईं। इससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई विभागों से संबंधित अपनी समस्याएं रखने की सुविधा मिली। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य सरकार और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। शिविर में पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक, शिक्षा विभाग से मनोज कुमार श्रीवास्तव, कल्याण विभाग से नितेश कुमार, षि विभाग से महेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि और अन्य संबंधित अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। षिविर में ग्रामीणों ने कहा कि यदि इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएं और प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई हो, तो लोगों को प्रखंड और जिला कार्यालयों के चक्कर लगाने से काफी राहत मिल सकती है। पंचायत विकास दिवस के माध्यम से प्रशासन ने ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में पहल की है।

## चौथम पुलिस ने 5.3 ग्राम स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**चौथम (डीएनएस)।** चौथम थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नशा कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार युवक के पास से पुलिस ने 5.3 ग्राम स्मैक बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई थाना के एसआई अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र के पनसलवा निवासी सचिन शर्मा के 29 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि युवक स्मैक की खरीद-बिक्री से जुड़ा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार तलाशी के दौरान युवक के पास से 5.3 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके बाद युवक को हिरासत में लेकर थाना लाया गया और बरामद


गिरफ्तार युवक।

मादक पदार्थ की जांच एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। गौरतलब हो कि क्षेत्र में स्मैक सहित अन्य प्रकार के सूखे नशे का कारोबार लगातार बढ़ना चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार नशे के कारोबारियों का सबसे अधिक प्रभाव युवाओं और किशोरों पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नशे के कारोबार से जुड़े लोग शुरुआत में युवाओं को मुफ्त में एक-दो खुराक देकर नशे की आदत डालते हैं। जब युवक नशे का आदी हो जाता है तो धीरे-धीरे वह खुद नशा खरीदने के लिए कारोबारियों के संपर्क में आने लगता है। नशे की लत बढ़ने के साथ युवाओं का पैसा और समय दोनों बर्बाद हो रहे हैं। कई परिवारों में इसका असर देखने को मिल रहा है। अभिभावकों का कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाली पीढ़ी पर इसका गंभीर सामाजिक असर पड़ सकता है। स्थानीय स्तर पर करुआ मोड़ चौक, पिपरा बाजार, सोनबरसा घाट, विश्वकर्मा मंदिर चौक, ठुठ्ठी मोहनपुर हटिया, धंक्षर हल्ट, बदला ढाला और मालपा चौक सहित कई स्थानों पर नशे के कारोबार की चर्चा होती रही है। हालांकि इन स्थानों पर पुलिस की नजर रहने की बात कही जाती है और समय-समय पर कार्रवाई भी की जाती है, इसके बावजूद क्षेत्र में सूखे नशे की उपलब्धता को लेकर लोगों की चिंता कम नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को केवल नशा सेवन करने वालों या छोटे स्तर पर जुड़े युवाओं तक सीमित कार्रवाई करने के बजाय नशे के असली कारोबारियों और सप्लाई नेटवर्क तक पहुंचने की जरूरत है। यदि नशे की खेप कहां से आती है और किन लोगों के माध्यम से युवाओं तक पहुंचती है, इसकी गहराई से जांच की जाए तो इस अवैध कारोबार की जड़ तक पहुंचा जा सकता है। स्मैक के साथ युवक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने स्पष्ट संकेत दिया है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। लगातार बढ़ रहे सूखे नशे के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस की सक्रियता के साथ-साथ आम लोगों और अभिभावकों की जागरूकता भी जरूरी है। खासकर युवाओं और किशोरों को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाने के लिए परिवार और समाज को मिलकर पहल करनी होगी।

# शारदा नगर में युवा शक्ति ने बांटा बाढ़ पीड़ितों के बीच सूखा राशन

**गोगरी (डीएनएस)।** गंगा नदी के जलस्तर में कमी आने के बावजूद बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। नगर परिषद गोगरी स्थित शारदा नगर में बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच युवा शक्ति के नेता कविरंजन यादव के सौजन्य से सूखा राशन का वितरण किया गया। युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी, रामपुर पंचायत के मुखिया ष्णानंद यादव, समाजसेवी अभय कुमार गुड्डू एवं युवा शक्ति के कोषाध्यक्ष नीरज कुमार यादव ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की। इस अवसर पर युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि गंगा का जलस्तर भले ही घट रहा है लेकिन बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित परिवारों की परेशानी अभी समाप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि घरों से पानी निकलने के बाद भी बड़ी संख्या में परिवारों के सामने भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और रोजमर्रा की जरुरतों का संकट बना हुआ है। बाढ़ के कारण गरीब एवं मजदूर परिवारों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऐसे कठिन समय में समाज के सक्षम लोगों और सामाजिक संगठनों को आगे आकर पीड़ित परिवारों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत वितरण केवल


सूखा राषन वितरण करते नागेन्द्र त्यागी।

सहायता नहीं बल्कि संकट में खड़े परिवारों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक है। वहीं रामपुर पंचायत के मुखिया ष्णानंद यादव ने कहा कि जलस्तर कम होने के बाद प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सामने राहत और पुनर्वास की बड़ी चुनौती है। बाढ़ का पानी निकलने के साथ हीं प्रभावित इलाकों में कीचड़, गी और जलजमाव से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रुप से साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य जांच शिविर चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब तक सामान्य जनजीवन पूरी तरह पटरी पर नहीं लौटता, तब तक राहत कार्य जारी रहना चाहिए। समाजसेवी-सह-आरटीआई कार्यकर्ता अभय कुमार गुड्डू ने कहा कि बाढ़ का पानी उतरना राहत की शुरुआत है लेकिन समस्या का अंत नहीं। उन्होंने कहा कि पानी निकलने के बाद प्रभावित परिवारों के सामने घरों की सफाई, क्षतिग्रस्त सामान, भोजन की व्यवस्था और बीमारी से बचाव जैसी गंभीर चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं। गरीब परिवारों के लिए यह संकट और भी गंभीर है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शारदा नगर सहित सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय सर्वेक्षण कर वास्तविक क्षति का आकलन किया जाए तथा पात्र परिवारों को सरकारी राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। वहीं युवा शक्ति नेता कविरंजन यादव और युवा शक्ति के कोषाध्यक्ष नीरज कुमार यादव ने कहा कि बाढ़ के दौरान लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराना जरुरी है लेकिन जलस्तर घटने के बाद भी प्रभावित परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि सूखा राशन जैसी आवश्यक सामग्री जरुरतमंद परिवारों के लिए तत्काल सहारा है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी आगे आकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील की। राहत वितरण के दौरान बाढ़ पीड़ित परिवारों ने अपनी समस्याएं भी सामने रखीं। लोगों ने बताया कि घरों से पानी निकलना शुर हो गया है लेकिन घरों और आसपास के इलाकों में जमा गी एवं कीचड़ के कारण सामान्य जीवन अभी भी प्रभावित है। कई परिवारों के घरेलू सामान खराब हो चुके हैं तथा रोजगार और दैनिक मजदूरी प्रभावित होने से आर्थिक संकट गहरा गया है। राहत वितरण कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि आपदा के समय मानवीय संवेदना और सामूहिक सहयोग हीं प्रभावित परिवारों को मुश्किल दौर से बाहर निकालने की सबसे बड़ी ताकत है। युवा शक्ति के इस प्रयास से बाढ़ पीड़ित परिवारों को तत्काल खाद्य सामग्री का सहारा मिला और उनके बीच यह भरोसा भी कायम हुआ कि संकट की घड़ी में समाज उनके साथ खड़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पसराहा में धूमधाम से मनाया गया चौरचंदा पर्व

**पसराहा(डीएनएस)।** थाना क्षेत्र में चौरचंदा धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने दिन भर निर्जला उपवास रखकर परिवार की सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। वत के दौरान घर-घर में पवित्रता का


पूजा करती महिला।

विशेष ध्यान रखते हुए पूरी, खीर, ठेकुआ, मालपुआ तथा तरह-तरह के मौसमी फलों का प्रसाद तैयार किया गया। संध्या काल में चंद्रमा के उदित होते ही महिलाओं ने हाथ में फल और पकवान लेकर चंद्रदेव के दर्शन किए तथा विधि-विधान से जल एवं दूध से अर्घ्य अर्पित कर अपने वत को पूर्ण किया। मिथिला और आसपास के क्षेत्रों में चौरचंदा (चौठ चंद्र) पर्व का विशेष आध्यात्मिक और सांस्तिक महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को चंद्रमा का दर्शन करना निष्कलंक रहने और जीवन से सभी दोषों को दूर करने वाला माना जाता है। इस दिन चंद्रदेव के साथ-साथ भगवान गणेश की विशेष पूजा की जाती है ताकि घर में किसी प्रकार का विघ-बाधा न आए। पूजा के स्थान पर मिट्टी के बर्तनों में दही और हाथों से बनाए गए पकवान रखकर पूजा की जाती है। चौरचंदा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं है, बल्कि यह प्रति, परिवार और लोक संस्ति को एक सूत्र में पिरोने वाला अनुपम त्योहार है। पसराहा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में चारों ओर भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहाँ सभी लोगों ने एकजुट होकर इस पावन परंपरा का आनंद लिया।

### दिवंगत शिक्षक को न्याय दिलाने को लेकर निकाला कैंडल मार्च

**बेलदौर (डीएनएस)।** प्रखंड क्षेत्र के माली गांव में युवा विकास संगठन के बैनर तले ग्रामीणों और युवाओं ने दिवंगत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की आत्मा की शांति और उनके परिवार को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च माली पंचायत के पंचायत सरकार भवन से शुरू होकर माली चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान पूरा इलाका धर्मेंद्र शिक्षक अमर रहें और जब तक सूरज-चांद रहेगा, धर्मेंद्र तुम्हारा नाम रहेगा जैसे गगनभेदी नारों से गूंज उठा। मार्च में शामिल लोगों ने प्रशासन से सड़क दुर्घटना के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते 31 अगस्त को



कैंडल मार्च में शामिल लोग।

मोटरसाइकिल से जा रहे शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र कुमार का इलाज बेगूसराय के एक अस्पताल में चल रहा था, जहां 14 दिनों तक जिं और मौत से जूझने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली।शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की असमय मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की मौत के बाद उनकी पत्नी रूना कुमारी और दो मासूम बेटों-10 वर्षीय ऋषभ कुमार तथा 8 वर्षीय रेशु कुमार के सामने भरण-पोषण और भविष्य का गहरा संकट खड़ा हो गया है। दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि देने और न्याय की आवाज बुलंद करने के लिए आयोजित इस कैंडल मार्च में मुख्य रूप से चंदन यादव, सौरव उर्फ गौरव कुमार, पप्पू यादव, रमन कुमार राणा, कुंदन कुमार और गिरीश रंजन समेत माली गांव के दर्जनों युवा और ग्रामीण मौजूद थे।

### छात्र-छात्राओं में तकनीकी सोच, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम

**पसराहा (डीएनएस)।** थाना क्षेत्र के महद्दीपुर स्थित राजकीय पोलिटेकनिक, खगड़िया में भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर संस्थान के सेमिनार हल में अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में तकनीकी सोच, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सर एम् विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य ड़ संजीव कुमार, सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि अभियंता किसी भी देश के विकास की


उद्घाटन करते अतिथि।

मजबूत आधारशिला होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नवाचार, अनुशासन, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी को अपनाकर समाज व देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पीपीटी प्रेजेंटेशन रही, जिसमें अपशिष्ट पदार्थो को उपयोगी संसाधनों में बदलने से जुड़े कई व्यावहारिक विचारों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने ई-कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण, कम लागत वाले इंजीनियरिंग मडल, सौर ऊर्जा चालित मडल, हरित प्रौद्योगिकी और स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी नवीन एवं रचनात्मक सोच प्रस्तुत की। वक्ताओं ने बदलते दौर में विद्यार्थियों को नई तकनीकों और अनुसंधानों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। कार्यक्रम समन्वयक ड़ निहारिका कुमारी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का सफल समापन किया।

### जन समाधान में 9 मामलों की सुनवाई, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**खगड़िया (डीएनएस)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर के निर्देशानुसार जन समाधान कार्यक्रम आयोजित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं से जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, खगड़िया को अवगत कराया तथा उनके समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जन समाधान कार्यक्रम में कुल 09 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता, खगड़िया, जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता, गोगरी, अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया, स्थापना उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, अंचलाधिकारी, खगड़िया, अंचलाधिकारी, गोगरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, खगड़िया तथा अंचलाधिकारी, अलौली से संबंधित मामले शामिल थे। सभी मामलों पर विस्तृत सुनवाई करते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, खगड़िया ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें शीघ्र जांच कराकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता बनाए रखना सभी संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से आयोजित जन समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन एवं आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को और अधिक सुढ़ बनाना है।

# 164 साल पुरानी परंपरा, विश्वकर्मा पूजा पर आम लोगों के लिए खुलेगा कारखाने का मुख्य द्वार

## 16 सितम्बर को लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद, आरपीएफ और जिला पुलिस की रहेगी कड़ी सुरक्षा

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** एशिया के गौरवशाली रेल इंजन कारखाना जमालपुर में विश्वकर्मा पूजा सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि 164 वर्षों से चली आ रही ऐतिहासिक परंपरा का हिस्सा है। ब्रिटिश काल से चली आ रही इस अनूठी परंपरा का निर्वहन आज भी उसी उत्साह और उमंग के साथ किया जा रहा है। देशभर में जहां भगवान विश्वकर्मा की पूजा 17 सितंबर को होती है, वहीं जमालपुर रेल कारखाना में यह पूजा एक दिन पहले 16 सितंबर को मनाने की परंपरा रही है। यही परंपरा जमालपुर को देश के अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों से अलग पहचान देती है।विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कारखाने का मुख्य द्वार विशेष सुरक्षा व्यवस्था के बीच आम लोगों के लिए खोला जाएगा। इस दिन जमालपुर ही नहीं, बल्कि मुंगेर, भागलपुर, सुल्तानगंज, लखीसराय, बेगूसराय, खगड़िया समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग एशिया के इस ऐतिहासिक रेल कारखाने को करीब से देखने पहुंचते हैं। कारखाना परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों के लिए सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक भ्रमण की व्यवस्था की गई है। कारखाना प्रशासन की ओर से इसे लेकर सार्वजनिक सूचना भी जारी की गई है।विश्वकर्मा पूजा के दौरान जमालपुर में लगने वाले मेले और कारखाना देखने उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रहेगी। आरपीएफ इंस्पेक्टर एके शर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के दौरान लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना रहती है। भीड़ को नियंत्रित करने और कारखाना परिसर की सुरक्षा के लिए आरपीएफ के जवानों के साथ जिला पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि भीड़ की गतिविधियों और विधि-व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जाएगी। प्रवेश एवं निकास व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं और कारखाना देखने आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।जमालपुर का विश्वकर्मा पूजा समारोह इस मायने में भी खास है कि यहां पूजा के साथ लोगों को देश की औद्योगिक विरासत और 164 वर्षों पुराने रेल कारखाने की तकनीकी क्षमता को करीब से देखने का अवसर मिलता है। यही वजह है कि 16 सितंबर को जमालपुर में विश्वकर्मा पूजा का उत्साह देखते ही बनता है।



कारखाना का मुख्य द्वार।

## संक्षिप्त खबरें

### लक्ष्मीपुर लूटकांड में ज्थ् की रातभर छापेमारी, चार संदिग्ध हिरासत में

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** लक्ष्मीपुर में हुई लूटपाट की घटना के बाद एसटीएफ ने रातभर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान चार लोगों के पकड़े जाने की सूचना है, जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया है। हालांकि, अब तक उनके पास से लूटी गई नकदी या आभूषण बरामद होने की सूचना नहीं है। पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच आगे बढ़ा रही है। यह कार्रवाई एनटीपीसी थाना क्षेत्र से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### सालिमपुर थाना पुलिस की कार्रवाई, एसडीपीओ आयुष श्रीवास्तव ने दी जानकारी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सालिमपुर थाना पुलिस ने काला दियारा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 238977 लीटर शराब जब्त की है। पुलिस की कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ आयुष श्रीवास्तव ने इसकी जानकारी दी।

### मोकामा च्ज्म्ब में शिक्षकों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा च्ज्म्ब में प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत कक्षा 3 से 5 के शिक्षकों का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, दक्षता आधारित शिक्षण एवं बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार से संबंधित जानकारी दी जाएगी। डायट के प्राचार्य नवल ठाकुर ने प्रशिक्षण शुरू होने की पुष्टि की है।

### 10 साल बाद समुन्दरी देवी की पेंशन बहाल होने की उम्मीद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** कसहा दियारा पंचायत की समुन्दरी देवी की करीब 10 वर्षों से बंद वृद्धावस्था पेंशन अब फिर शुरू होने की प्रक्रिया में है। मामले की खबर सामने आने और व्यापक स्तर पर साझा होने के बाद इसका असर दिखा। मंगलवार को सरकारी कर्मचारी, मोकामा बीडीओ समेत अधिकारी समुन्दरी देवी के घर पहुंचे और पेंशन बहाली से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। खबर को आगे बढ़ाने और उनकी आवाज को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया गया।

### पुरानी रंजिश में ललन पुरी की हत्या, तीन गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला थाना क्षेत्र के दक्षिणीचक में ललन पुरी की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर सर्वोत्तम कुमार, शुभम कुमार उर्फ नेपाली और नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया, जबकि तीन विधि-विरुद्ध बालकों को निरूद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, सर्वोत्तम कुमार की ललन पुरी के परिवार से पुरानी रंजिश थी। इसी रंजिश में अन्य आरोपितों के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम देने की बात अनुसंधान में सामने आई है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मामले में अग्रतर कार्रवाई जारी है।

### लक्ष्मीपुर लूटकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से 1,100 रुपये नकद, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर लूटकांड में उनकी भूमिका और अन्य संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### स्कॉर्पियो ने टेम्पो में मारी टक्कर, दो जख्मी

**सोनपुर (एनएसबी)** कुशवाहा चौक से दक्षिण निर्माणाधीन पुल के समीप नयागांव की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक स्कार्पियो भारत सरकार बीआर01एफ यू 4984 ने डाला टेम्पो संख्या बीआर31जीए 4507 जोरदार टक्कर मारी और डाला टेम्पो तो सड़क पर पलटी मारी। देखते-देखते दोनों वाहनों का चालक जख्मी हो गया। स्कार्पियो इतनी तेज रफ्तार में था और धक्का मारते हुए सड़क किनारे खेत में जा घुसा। मौके-वारदात पर सोनपुर पुलिस की गस्ती वाहन भी पहुंच गई और घायल दोनों युवक को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर भेजा। कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया है।

# देह व्यापार की शिकायत पर स्टेशन रोड के दो होटलों में पुलिस की जांच

## कार्रवाई के बाद होटल संचालकों में मचा हड़कंप, रजिस्टर और सीसीटीवी की जांच

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** शहर के स्टेशन रोड स्थित दो होटलों में कथित रूप से देह व्यापार संचालित किए जाने की शिकायत को लेकर मंगलवार को पुलिस टीम ने जांच की। ट्रैफिक डीएसपी प्रभात रंजन के नेतृत्व में महिला थाना की टीम दोनों होटलों में पहुंची और वहां ठहरने वाले लोगों से संबंधित रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शहर के होटल संचालकों और मैनेजरों में खलबली मच गई।बताया जाता है कि स्टेशन रोड के इन दोनों होटलों को लेकर महिला थाना में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों में होटलों में गलत गतिविधियां संचालित किए जाने की बात कही गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस पदाधिकारियों की टीम ने दोनों होटलों का निरीक्षण किया। पुलिस ने होटल के रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों की जांच की और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं फुटेज के संबंध में भी जानकारी ली।पुलिस की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही शहर के अन्य होटल संचालक भी सतर्क हो गए। कई होटल मालिक और मैनेजर अपने-अपने प्रतिष्ठानों के रजिस्टर को व्यवस्थित करने तथा सीसीटीवी कैमरों की जांच करते नजर आए। पुलिस की जांच को लेकर होटल कारोबारियों में पूरे दिन चर्चा बनी रही।ट्रैफिक डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि स्टेशन रोड के दो होटलों में गलत गतिविधियां संचालित होने की शिकायत मिली थी। महिला थाना को भी इस संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसी आधार पर महिला थाना के पदाधिकारियों के साथ दोनों होटलों की जांच की गई। इस दौरान रजिस्टर और सीसीटीवी की जांच करते हुए होटल संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि शहर के होटलों में संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की नजर है। आने वाले दिनों में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।



होटल की जांच करते पुलिस पदाधिकारी।

# लोको शेड जमालपुर में गूंजा हिंदी का संदेश

## हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन का लिया संकल्प

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** हिंदी के व्यापक प्रयोग,भारतीय भाषाओं के बीच समन्वय और राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के मालदा मंडल अंतर्गत लोको शेड, जमालपुर में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में डीजल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से आयोजित समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर विचार रखे।समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर ष्ण कुमार दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों, संबंधित नियमों एवं अधिनियमों के साथ कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की।अपने संबोधन में ष्ण कुमार दास ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश की विविध भाषाओं और संसतियों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने भारतीय भाषाओं के बीच साहचर्य बनाए रखने तथा देश की सामाजिक एवं सांसतिक विरासत को मजबूत करने की अपील की। साथ ही दैनिक कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन जेई सुबास चंद्र पाठक ने किया। समारोह में स़स़ाप्रबंधक ब्रजेश भूषण प्रसाद, वरिष्ठ पर्यवेक्षक विनय कुमार सिंह, एक़े तिवारी, हरेंद्र कुमार, मनोज कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार एवं दीपक कुमार सहित लोको शेड के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।समारोह के माध्यम से रेलकर्मियों ने राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सरकारी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।



हिंदी दिवस समारोह में मंचासीन रेल अधिकारी।

# अखिल भारतीय ऑन-द-स्पॉट निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनपुर (डीएनएस)।** महिला कल्याण संगठन, सोनपुर की अध्यक्षा ड़ निधि सरन के मार्गदर्शन में ।सस प्दकपं व्द-जीम-ैचवज म्ेल ब्वउचमजपजपवद वित ॅतके व िंतपसूंलउमद2026 का आयोजन सोनपुर मंडल के तीन केंद्रों पर किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों के बच्चों में रचनात्मक लेखन, अभिव्यक्ति क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास करना रहा। प्रतियोगिता का आयोजन मोंटेसरी स्कूल, बिनोद भवन, सोनपुर, इंटर कलेज, गरहारा (बेगूसराय) तथा मध्य विद्यालय, रेलवे कलोनी, बिहपुर में किया गया, जिसमें कुल 162 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रवार सहभागिता ' मोंटेसरी स्कूल,सोनपुर में 67 प्रतिभागी,इंटर कलेज, गरहरा में 50 प्रतिभागी एवं मध्य विद्यालय, थानाबिहपुर में 45 प्रतिभागी ने भाग लिया। तीनों केंद्रों पर महिला कल्याण संगठन द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार एवं अल्पाहार के पैकेट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सोनपुर स्थित मोंटेसरी स्कूल में महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती पल्लवी सिद्धार्थ, सचिव श्रीमती वसुंधरा तथा महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। वहीं गढहरा एवं थाना बिहपुर केंद्रों पर भी संगठन की सदस्याओं ने बच्चों को उपहार एवं अल्पाहार वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। ड़ निधि सरन , अध्यक्षा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहीं कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने तथा उनमें सृजनात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।महिला कल्याण संगठन, सोनपुर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




मांटेशरी विद्यालय के शिक्षक सहित छात्र।

# मुख्यमंत्री जी 7 हजार से बाढ़ पीड़ित का घर नहीं बसता : नरेंद्र तांती

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के मुंगेर जिलाध्यक्ष सह निवर्तमान महागठबंधन प्रत्याशी नरेंद्र कुमार तांती ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा घोषित 7 हजार के बाढ़ राहत पैकेज पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा मुख्यमंत्री जी घोषणा करना आसान है लेकिन बाढ़ में अपना घर-बार गंवा चुके परिवार का दर्द 7 हजार से नहीं समझा जा सकता। जिस परिवार का घर अनाज, कपड़ा, खेती और पशुधन बर्बाद हो गया, उसके सामने 7 हजार रखकर सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर सकती।नरेंद्र तांती ने कहा कि 7 हजार तत्काल राहत हो सकती है, लेकिन इसे पर्याप्त मुआवजा बताना बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय है। सरकार बताए इस राशि से परिवार घर बनाएगा।भोजन खरीदेगा, बच्चों की जरूरत पूरी करेगा या खेती और रोजगार फिर से शुरू करेगा।उन्होंने कहा हर साल बिहार में बाढ़ आती है हर साल राहत पैकेज की घोषणा होती है और हर साल गरीब जनता अपना सब कुछ खोती है। मुख्यमंत्री जी, जनता अब सिर्फ पैकेज नहीं, स्थायी समाधान चाहती है।उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रत्येक प्रभावित परिवार का वास्तविक नुकसान सर्वेक्षण कराया जाए तथा मकान, फसल, पशुधन और घरेलू सामान के नुकसान के आधार पर अतिरिक्तमुआवजा दिया जाए।नरेंद्र तांती ने आगे कहा 7 हजार देकर सरकार अपनी फाइल बंद कर सकती है।लेकिन बाढ़ पीड़ित परिवार का दर्द बंद नहीं होगा। बिहार की जनता को हर साल राहत नहीं, बाढ़ से स्थायी मुक्ति चाहिए।



जानकारी देते नरेंद्र तांती।

# वार्ड 12 और 18 की समस्याओं से रूबरू हुए नप के अधिकारी

## सहयोग शिविर में स्ट्रीट लाइट,साफ-सफाई, जर्जर सड़क व जलनिकासी का उठा मुद्दा

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** नगर परिषद क्षेत्र की जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर मंगलवार को मारवाड़ी धर्मशाला के प्रांगण में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य पार्षद पार्वती देवी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में वार्ड संख्या 12 एवं 18 के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने-अपने वार्ड की समस्याओं से नगर परिषद के पदाधिकारियों को अवगत कराया।शिविर में स्थानीय लोगों ने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को चालू कराने, नियमित साफ-सफाई कराने, जर्जर सड़कों की मरम्मत, जलजमाव एवं पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। लोगों ने कहा कि कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब रहने से शाम के बाद आवागमन में परेशानी होती है। वहीं, जर्जर सड़क और जलनिकासी की समस्या के कारण भी स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य नगर परिषद और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभाग तक पहुंचाकर समाधान कराया जाएगा।मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी सोनम राज, सामाजिक नेत्री मधु कुमारी, वार्ड पार्षद आलोक मंडल, कैलाश सिंह, साईं शंकर, दीपा सिन्हा, मोहम्मद जुम्मन, राजन मंडल सहित स्थानीय निवासी बादल, अमित, विकास, प्रेम, संतोष यादव, रंजन समेत कई लोग मौजूद थे।




सहयोग शिविर में समस्या सुनते मुख्य पार्षद।

## संक्षिप्त खबरें

# इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की 18 वर्षों की संघर्षपूर्ण एवं गौरवशाली यात्रा का उत्सव हिंगोली में केक काटकर मनाया गया

**सोनपुर (एनएसबी)** हिंगोली, महाराष्ट्र। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की 18वीं वर्षगांठ हिंगोली में पत्रकारों की एकजुटता, उत्साह और संघर्ष के संकल्प के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, पत्रकारों एवं गणमान्य अतिथियों ने केक काटकर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की 18 वर्षों की संघर्षपूर्ण एवं गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान, अधिकार, स्वतंत्रता और ज्वलंत समस्याओं को लेकर भविष्य में संघर्ष को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता जगत के अनुभवी एवं प्रबुद्ध लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन ड़ अमोल धूमल,सुप्रसिद्ध ह्र्दय रोग ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार संजय पाटोले, ड़ हरीश रणबावळे, विष्णु हनवते, प्रो़ यू एच़ बलखंडे, सयाजीराव ठोके व विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन सचिव सैय्यद अनवर कादरी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सचिव मराठवाड़ा अनिल खडसे एवं संचालन जिला अध्यक्ष देविदास खरात ने किया। कार्यक्रम में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मुख्य मार्गदर्शक, सेवानिवृत्त दूरदर्शन एवं आकाशवाणी संवाद-दाता तथा राष्ट्रीय संरक्षक ड़ विजय कुमार निलावर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन से उपस्थित पत्रकारों में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। सभी अतिथियों का स्वागत प्रदेश सचिव अनिल खडसे, जिला अध्यक्ष देविदास खरात, उपाध्यक्ष अश्रूजी घाणघावं, प्रकाश राउत, जितेंद्र हनवते, सुदाम गवली, बबन दखोरे आदि पत्रकारों ने किया। राष्ट्रीय संरक्षक ड़ विजय कुमार निलावर ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है और लोकतंत्र में पत्रकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकार अपनी कलम और कैमरे के माध्यम से समाज की समस्याओं, भ्रष्टाचार, अन्याय, शोषण और जनसरोकार के मुद्दों को शासन-प्रशासन तथा आम जनता के सामने लाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने पिछले 18 वर्षों में पत्रकारों के हितों और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। यह संगठन केवल सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाने और उनके सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी के अथक परिश्रम और संगठन के प्रति निरंतर समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि 18 वर्षों की यह यात्रा निरंतर संघर्ष, संगठन निर्माण और पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उद्घाटनकर्ता ड़ अमोल धूमल, कार्डियोलजिस्ट एवं सोशल वर्कर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का जागरूक प्रहरी है। लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार संजय पाटोले ने कहा कि पत्रकार अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से जनता और शासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु का काम करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकता जितनी मजबूत होगी, लोकतंत्र की आवाज उतनी ही प्रभावशाली होगी। पत्रकारों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर प्रयास करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सैय्यद अनवर कादरी, प्रदेश संगठन सचिव मराठवाड़ा ने कहा कि पत्रकार जनता की समस्याओं को सामने लाने के साथ-साथ सरकार की योजनाओं और नीतियों की जानकारी भी आम जनता तक पहुंचाते हैं। उन्होंने इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की 18वीं वर्षगांठ पर सभी पत्रकारों को बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश सचिव मराठवाड़ा अनिल खडसे ने संगठनात्मक एकता और अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत संगठन केवल पदाधिकारियों से नहीं बनता, बल्कि उसके प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी से बनता है। संगठन के कार्यक्रम, अभियानों और पत्रकार हित से जुड़े आंदोलनों में प्रत्येक सदस्य को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। संगठन की आवाज को गांव, तहसील, जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में सभी पत्रकारों को योगदान देना चाहिए। जिला अध्यक्ष हिंगोली एवं अन्ना भाऊसाठे पुरस्कार विजेता देविदास खरात ने कहा कि संगठन की 18वीं वर्षगांठ हिंगोली के पत्रकारों के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और हिंगोली पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा से कोई समझौता नही होगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संरक्षक ड़ विजय कुमार निलावर के हाथों संगठन में शामिल नए पदाधिकारियों हरिभाऊरनबावले को जिला संगठन सचिव और शरद धवसे को जिला काउंसिल सदस्य को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों, अनुशासन और पत्रकार हितों के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए हर संभव स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। सभी पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी के नेतृत्व में पत्रकार हितों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहने तथा इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अनिल खडसे, जिला अध्यक्ष हिंगोली एवं अन्ना भाऊसाठे पुरस्कार विजेता देविदास खरात, जिला उपाध्यक्ष अश्रूजी घाणघावं, प्रकाश राउत, जितेंद्र हनावते, सुदाम गवली, हरिभाऊ बबन दखोरे, अनीस अहमद, रमेश पंडित, राजेन्द्र हलवाई, जोशी, अरुण दीपके सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



केक काटते संगठन के पदाधिकारियों, पत्रकारों एवं गणमान्य अतिथि।

# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा संकल्प लिया गया

**सोनपुर (एनएसबी)** हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में राजभाषा संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राजभाषा संकल्प लिया गया।राजभाषा संकल्प के अंतर्गत सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान द्वारा स्थापित आदर्शों के अनुरूप भारत की भाषायी एकता को सुढ़ बनाए रखने तथा संविधान द्वारा स्थापित नियमों के अनुरूप, सम्प्रभुता संपन्न भारत संघ की भाषायी एकता को बनाए रखने तथा जाति, धर्म और प्रांतीयता की भावना से ऊपर उठकर संविधान की आठवीं अनुसूची में प्रदत्त सभी भाषाओं का आदर करते हुए अपना समस्त कार्य हिंदी में करने का संकल्प लिया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी प्रशासनिक कार्यो को सरल, प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने का सशक्त माध्यम है तथा सभी रेलकर्मी कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। विदित हो कि राजभाषा प्रयोग-प्रसार को गति एवं बल देने के उद्देश्य से 14.09.2026 से 28.09.2026 तक हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत 15.09.2026 को हिंदी टिप्पणीध्आलेखन प्रतियोगिता, 16.09.2026 को हिंदी निबंध प्रतियोगिता, 18.09.2026 को हिंदी जि (अधिकारियों के लिए), 21.09.2026 को वाक्य प्रतियोगिता, 22.09.2026 को हिंदी जि(कर्मचारियों के लिए), 23.09.2026 को रामधारी सिंह जयंती समारोह (गढ़हरा) तथा 28.09.2026 को मंडल सभा कक्ष में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, मंडल के सभी शाखा अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में जय हिन्द के उद्घोष के साथ राजभाषा संकल्प दोहराया।



मंडल रेल प्रबंधक सम्बोधित करते हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ पीड़ितों तक नाव से पहुंची शहनाई टीम, बांटी जरूरत का सामान

**पूसा (एनएसबी)।** मोहिउद्दीननगर प्रखंड के जौनपुर में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए पूसारोड की शहनाई टीम के दर्जनों सदस्य राहत सामग्री लेकर पहुंचे। गांव तक पिकअप वाहन से राहत सामग्री पहुंचाने के बाद टीम के सदस्य नाव के सहारे बाढ़ प्रभावित इलाकों में गए और जरूरतमंद परिवारों के बीच सामग्री का वितरण किया।

टीम की ओर से बाढ़ पीड़ित परिवारों को पानी की बोतल, कपड़े, चूड़ा, गुड़, मिक्सचर, बिस्किट सहित दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुओं के पैकेट उपलब्ध कराए गए। चारों तरफ बाढ़ के पानी से घिरे परिवारों तक नाव के माध्यम से राहत पहुंचाई गई। इस दौरान टीम के सदस्यों ने पीड़ित परिवारों से उनकी समस्याओं और तत्काल जरूरतों की जानकारी भी ली।

राहत अभियान से लौटने के बाद डॉ. नीरज कुमार मिश्रा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाके में चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। कई परिवार बेहद कठिन परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं और उन्हें तत्काल सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय केवल आश्वासन देने के बजाय जरूरतमंदों तक वास्तविक सहायता पहुंचाना जरूरी है।

उन्होंने सक्षम लोगों से आगे आकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील की। कहा कि शहनाई टीम अपनी क्षमता के अनुसार आगे भी प्रभावित परिवारों के बीच राहत अभियान जारी रखेगी। राहत वितरण में डॉ. नीरज कुमार, नीतीश कुमार, बिपिन कुमार, राजीव कुमार, हरिओम कुमार, मिथिलेश कुमार, विवेक कुमार समेत अन्य सदस्य शामिल रहे।

### हजरतपुर में 200 बाढ़ पीड़ितों को राहत, स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं जागरूकता अभियान के तहत सामाजिक संस्था टीम द उम्मीद की ओर से मोहिउद्दीननगर प्रखंड के अत्यधिक प्रभावित हजरतपुर गांव में राहत सामग्री का वितरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के पूर्ववर्ती कैडेट्स द्वारा संचालित संस्था की टीम ने करीब 200 जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाई। इस दौरान लोगों के बीच मच्छरदानी, कपड़े, हैंडवॉश, महिलाओं एवं किशोरियों के लिए सैनिटरी पैड सहित दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री वितरित की गई। राहत सामग्री प्राप्त कर बाढ़ प्रभावित परिवारों ने टीम के सदस्यों के प्रति आभार जताया। राहत वितरण के साथ टीम ने ग्रामीणों को बाढ़ का पानी कम होने के बाद उत्पन्न होने वाली संभावित स्वास्थ्य समस्याओं और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। लोगों को स्वच्छ पानी का उपयोग करने, नियमित रूप से हाथ धोने, भोजन को सुरक्षित रखने तथा घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह भी दी गई। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष अमरजीत कुमार ने कहा कि बाढ़ के दौरान राहत सामग्री पहुंचाना जरूरी है, लेकिन पानी उतरने के बाद स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता भी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। संस्था का उद्देश्य उन गांवों तक राहत और जागरूकता पहुंचाना है, जहां संसाधनों की पहुंच सीमित है। उन्होंने कहा कि टीम द उम्मीद का प्रयास केवल राहत सामग्री वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी लगातार काम किया जा रहा है। जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### 20 सितंबर तक छिटपुट बारिश के आसार कई जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा

**पूसा (एनएसबी)।** उत्तर बिहार में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदलता रहेगा। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा की ग्रामीण कृषि मौसम सेवा तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार 20 सितंबर तक उत्तर बिहार के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के साथ छिटपुट वर्षा की संभावना है।

पूवार्नुमान के अनुसार 16 से 18 सितंबर के बीच कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बेगूसराय एवं पश्चिमी चंपारण में गरज-चमक के साथ अपेक्षाकृत अच्छी बारिश होने की संभावना जताई गई है। उत्तर बिहार के अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। गोपालगंज में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है और यह 29 से 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 80 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना है। हवा मुख्य रूप से पूर्वी अथवा दक्षिण-पूर्वी दिशा से आठ से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को वर्षा की संभावना को देखते हुए खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखने की सलाह दी है। किसानों से मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर ही कृषि कार्य करने की अपील की गई है।

### विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू, पहले दिन बच्चों ने दी हिंदी की परीक्षा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में मंगलवार से अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने हिंदी विषय की परीक्षा दी। सुबह से ही विद्यालयों में परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों के बीच उत्साह का माहौल रहा और निर्धारित समय से पहले ही बच्चे विद्यालय पहुंचने लगे।



विभागीय निर्देश के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली में कक्षा एक से पांचवीं तक तथा दूसरी पाली में कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यार्थियों की परीक्षा ली जा रही है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर परीक्षा के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए गए हैं। कक्षा एक एवं दो के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा ली जा रही है, जबकि कक्षा तीन से आठवीं तक के विद्यार्थियों के प्रश्न ब्लैक बोर्ड पर लिखकर उत्तर लिखवाए जा रहे हैं। सभी विद्यालयों को परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में कराने का निर्देश दिया गया है।

**कमरों की कमी से जमीन पर बैठे बच्चे :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय वाजिदपुर में परीक्षा के दौरान कमरों की कमी की समस्या सामने आई। विद्यालय में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की कक्षाएं संचालित होने के कारण उपलब्ध कमरों में सभी विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी। इसके कारण कई छात्र-छात्राओं को जमीन पर बैठकर परीक्षा देनी पड़ी। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका चंदा प्रदर्शिनी ने बताया कि विद्यालय में प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक पढ़ाई होती है। विद्यार्थियों की संख्या की तुलना में कमरे कम होने के कारण परीक्षा के दौरान जगह की समस्या उत्पन्न होती है। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर बच्चों के बैठने की व्यवस्था की गई।वहीं प्राथमिक विद्यालय अति पिछड़ा टोला हरपुर बोचहा में भी पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। शिक्षक परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर निगरानी रखते रहे। अर्धवार्षिक परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया जा रहा है।

# स्मार्ट खेती में एआई और रोबोटिक्स की होगी बड़ी भूमिका : डॉ. पांडेय

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में मंगलवार को अभियंत्रण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न एवं महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में अभियंत्रण दिवस समारोह का उद्घाटन।

अध्यक्षीय संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय ने अभियंत्रण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए डॉ. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि विश्वेश्वरैया ने इंजीनियरिंग को केवल पेशा नहीं माना, बल्कि इसे राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया। आज के अभियंताओं के सामने समाज और देश की समस्याओं की पहचान कर तकनीकी समाधान विकसित करने की बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कृषि के क्षेत्र में अभियंत्रण की भूमिका और महत्वपूर्ण होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल एग्रीकल्चर, प्रिसिजन फार्मिंग, ड्रोन, आईओटी सेंसर और रोबोटिक्स खेती का स्वरूप बदलने वाले हैं। अब खेत में बैल नहीं, बल्कि डाटा बोलेगा।

कुलपति ने कहा कि चीन समेत कई देशों में ह्यूमनॉइड रोबोट के प्रयोग शुरू हो चुके हैं। ऐसे में कृषि अभियंताओं को पारंपरिक कार्यों तक सीमित रहने के बजाय रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किसानों की समस्याओं के समाधान पर काम करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों से पहले किसानों की वास्तविक समस्याओं की पहचान करने और उसके बाद तकनीकी समाधान विकसित करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में एआई आधारित फसल रोग पहचान प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके माध्यम से पत्ते की तस्वीर के आधार पर फसल में होने वाली बीमारी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा ड्रोन से सटीक कीटनाशक छिड़काव, मिट्टी के स्वास्थ्य का डिजिटल मैप, स्मार्ट सिंचाई और रोबोटिक हार्वेस्टिंग पर भी काम चल रहा है। डॉ. पांडेय ने कहा कि उनका सपना है कि बिहार का किसान मोबाइल पर यह जान सके कि उसके खेत के किस हिस्से में पानी, नाइट्रोजन अथवा दवा की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य ऐसे कृषि अभियंता तैयार करना है, जो प्रयोगशाला से निकलकर किसानों के लिए सस्ती, उपयोगी और टिकाऊ एग्री-रोबोट तकनीक विकसित कर सकें। कार्यक्रम में एआई आधारित सेंसर तकनीक के प्रोटोटाइप का प्रदर्शन भी किया गया।

विशिष्ट अतिथि अभियंता ई. जेपी नारायण ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे इसी विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। सेंसर आधारित तकनीक के प्रदर्शन को देखकर विश्वास है कि आने वाले वर्षों में पूसा विश्वविद्यालय कृषि के डिजिटल और एआई आधारित स्वरूप को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. सुब्बैया ने कहा कि नवाचार को पढ़ाई और शोध का हिस्सा बनाना ही डॉ. विश्वेश्वरैया को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि कुलपति की पहल पर बीटेक एवं एमटेक पाठ्यक्रमों में एआई, मशीन लर्निंग, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों को शामिल किया गया है। स्वागत डॉ. राम सुरेश वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रवीश चंद्रा ने किया। मौके पर कुलसचिव डॉ. पी.के. प्रणव समेत विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# वाहन की टक्कर से महिला की मौत, तीन घंटे रोड जाम



**कल्याणपुर (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मोहनपुर निवासी जितेंद्र पासवान की पत्नी मुन्नी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने कल्याणपुर-पूसा मुख्य पथ को जनता चौक के पास जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बताया गया है कि मंगलवार को मुन्नी कुमारी ऑटो से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान कल्याणपुर-पूसा मुख्य पथ पर जनता चौक के समीप एक अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। महिला की मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया और अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई।

सूचना मिलने पर कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया। बाद में सीओ शशि रंजन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की। अधिकारियों के समझाने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त किया और आवागमन सामान्य हुआ। बताया गया कि जाम शाम करीब 5:30 बजे तक रहा।

कल्याणपुर थानाध्यक्ष रणबीर कुमार रावत ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, समस्तीपुर भेज दिया गया है। परिजनों से आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए छानबीन कर रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर, 8 वर्षीय बच्ची की मौत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के हरपुर एलौथ में मंगलवार को मुसरीघरारी-समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसे में बच्ची के माता-पिता भी घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे कुछ समय तक मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। मृत बच्ची की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के दामोदरपुर महुली वार्ड संख्या दो निवासी शिक्षक आशुतोष रंजन की आठ वर्षीय पुत्री श्रेया के रूप में हुई है। आशुतोष रंजन सरायरंजन प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय किशनपुर युसूफ एससी में शिक्षक हैं और वर्तमान में समस्तीपुर शहर में किराए के मकान में रहते हैं।

श्रेया सेंट मैरी स्कूल में पढ़ती थी। बताया गया कि चौरचन पर्व के दौरान श्रेया अपने गांव गई थी। परीक्षा होने के कारण परिवार उसे वापस समस्तीपुर लेकर आ रहा था। श्रेया अपने पिता के साथ स्कूटी पर सवार थी, जबकि उसकी मां दूसरी गाड़ी से पीछे आ रही थीं। हरपुर एलौथ के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बच्ची सड़क पर गिर गई और ट्रक के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बच्ची के पिता एवं मां भी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर मुसरीघरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## नशे के लिए पैसे नहीं मिले तो पिता पर कुदाल से हमला, मौत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड संख्या 39 में नशे के लिए पैसे नहीं मिलने से नाराज युवक द्वारा अपने पिता पर कुदाल से हमला कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने पहुंची मां पर भी आरोपी ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान मोहम्मद इस्लाम के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उनका दूसरा पुत्र मोहम्मद अरमान बताया गया है। मृतक के छोटे बेटे मोहम्मद अरबाज के अनुसार अरमान सूखे नशे का आदी है। उसने नशे के लिए पिता से पैसे मांगे थे, लेकिन पिता ने पैसे देने से इनकार कर दिया। बताया गया कि देर रात अरमान नशे की हालत में घर पहुंचा और पैसे को लेकर माता-पिता के साथ गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान उसने घर में रखी कुदाल उठा ली और पिता पर हमला कर दिया। कुदाल के वार से मोहम्मद इस्लाम गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई। पति पर हमला होते देख पत्नी रूबीना खातून उन्हें बचाने पहुंचीं। आरोप है कि अरमान ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनका इलाज कराया जा रहा है। परिजनों के अनुसार मृतक के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है, जबकि दो बेटे घर पर रहते हैं। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य छत पर सो रहे थे। शोर सुनकर छोटा बेटा नीचे आया और पिता को गंभीर हालत में देखा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मोहम्मद अरमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के कारणों एवं पूरे मामले की जांच कर रही है।

## ई-रिक्शा पलटने से 19 वर्षीय युवक की मौत

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर पंचायत में मंगलवार को ई-रिक्शा पलटने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मालीनगर निवासी सत्रोहन पासवान के पुत्र रवीन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, रवीन कुमार अपने दोस्तों के साथ मेला देखने गया था। इसी दौरान ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। बताया गया है कि मृतक के पिता सत्रोहन पासवान रोजी-रोटी के सिलसिले में प्रदेश से बाहर रहते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर आसपास के लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं भी होती रहीं। हालांकि, युवक की मौत की वास्तविक वजह क्या थी, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## प्रशासनिक निगरानी में खुली विद्यापतिधाम मंदिर की दान पेटी, 2.47 लाख रुपये मिले

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रसिद्ध विद्यापतिधाम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान राशि की गिनती मंगलवार को प्रशासनिक निगरानी में कराई गई। श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम न्यास समिति के अधीन मंदिर परिसर में रखी दान पेटी को कार्यपालक दंडाधिकारी सह मजिस्ट्रेट जय किशन कुमार, थानाध्यक्ष सूरज कुमार, एएसआई जितेंद्र कुमार तथा न्यास समिति के सदस्यों की मौजूदगी में खोला गया।

दान पेटी से प्राप्त राशि की व्यवस्थित तरीके से गिनती की गई। गिनती के बाद कुल 2 लाख 47 हजार 680 रुपये प्राप्त हुए। पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं न्यास समिति के सदस्यों की मौजूदगी में संपन्न हुई।

कार्यपालक दंडाधिकारी जय किशन कुमार ने न्यास समिति के कोषाध्यक्ष को प्राप्त संपूर्ण राशि मंदिर के नाम से संचालित बैंक खाते में जमा कराने का निर्देश दिया। साथ ही राशि जमा होने के बाद उसकी विधिवत प्रविष्टि करने और अभिलेखों का संधारण सुनिश्चित करने को कहा।

न्यास समिति के सदस्यों के अनुसार मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से प्राप्त दान राशि का उपयोग धार्मिक गतिविधियों, मंदिर के रखरखाव, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े कार्यों में नियमानुसार किया जाता है। प्रशासनिक निगरानी में दान पेटी खोलने और राशि बैंक खाते में जमा कराने की प्रक्रिया से आय-व्यय व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

मौके पर न्यास समिति के सचिव नवीन कुमार गिरि, कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज, सदस्य हरिओम गिरि, प्रवीण कुमार गिरि, दीनदयाल गिरि, जोखन राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कांचा पंचायत में सहयोग शिविर, 28 आवेदनों में आठ का मौके पर निष्पादन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के कांचा पंचायत भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से आठ आवेदनों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। बीडीओ महताब अंसारी ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों में सबसे अधिक आवेदन स्वच्छता एवं शौचालय से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि शेष आवेदनों का भी संबंधित विभागों के माध्यम से नियमानुसार निष्पादन निर्धारित समय में कराया जाएगा। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के कर्मियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर सीओ कुमार हर्ष, बीईओ डॉ. प्रभात रंजन, चंद्रप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मुखिया पति रंजित कुमार समेत पंचायत के अन्य प्रतिनिधियों ने भी शिविर में भाग लिया।

# आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न थीम पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से होगी। इसके तहत शाम के समय जिले के सरकारी भवनों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत एवं सामुदायिक भवनों सहित प्रमुख स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।





अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने की। इसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए, जबकि अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान सेवा चित्र, नुक्कड़ नाटक, आंगन का मिलन, कहानी बदलाव की और सेवा मेरा योगदान सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। सेवा चित्र के तहत पिछले 25 वर्षों में जिले में हुए महत्वपूर्ण बदलावों पर आधारित पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

आंगन का मिलन कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों पर माताओं और अभिभावकों से संवाद कर सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी साझा की जाएगी। ह्यकहानी बदलाव कीह्न के तहत विभिन्न विभाग पिछले 25 वर्षों में हुए महत्वपूर्ण बदलावों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। वहीं सेवा मेरा योगदान के तहत चयनित गतिविधियों में श्रमदान किया जाएगा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अभियान के सभी कार्यक्रमों की हाई डेफिनेशन फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने तथा तस्वीरों और वीडियो को जिला प्रशासन के व्हाट्सएप ग्रुप एवं गूगल ड्राइव पर अपलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं पूरी जिम्मेदारी के साथ अभियान को सफल बनाने को कहा।

बैठक में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, नगर आयुक्त गौतम कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी विजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जन शिक्षण संस्थान में अनुदेशकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू


उद्घाटन करते अतिथि।

**अरवल (एनएसबी)।** जन शिक्षण संस्थान के संस्थान परिसर में मंगलवार को अनुदेशकों के कौशल उन्नयन एवं प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय आवासीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लीड बैंक मैनेजर संजेश कुमार, संस्थान के निदेशक रोशन कुमार एवं मास्टर ट्रेनर उमेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुदेशकों को कौशल विकास के क्षेत्र में बाजार में उपलब्ध नई तकनीकों एवं बदलती जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण देने के तरीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान नई-नई तकनीकों के उपयोग तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लीड बैंक मैनेजर संजेश कुमार ने सभी अनुदेशकों को बाजार में लगातार आ रही नई तकनीकों को सीखने और अपने कौशल को समय के साथ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं। संस्थान के निदेशक रोशन कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य अनुदेशकों के ज्ञान एवं कौशल में उन्नयन करना है, ताकि वे अपने-अपने प्रशिक्षण केंद्रों पर लाभार्थियों को बेहतर और आधुनिक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अनुदेशकों से प्रशिक्षण के दौरान महत्वपूर्ण जानकारियों को गंभीरता से सीखने और उसका बेहतर उपयोग करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न केंद्रों से अनुदेशक शामिल हुए।

### पुनपुन की तेज धारा में बही युवती का 20 घंटे बाद तीन किमी दूर मिला शव गांव में पसरा मातम

**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोहरा गांव निवासी यूनुस अंसारी की 14 वर्षीय पुत्री रुखसारा प्रवीण सोमवार को पैर फिसलने के कारण पुनपुन नदी में गिरने से तेज धारा में बह गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच कर एसडीआरएफ की टीम के द्वारा नदी में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सोमवार देर शाम तक तलाश अभियान चलाए जाने के बावजूद युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका। मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम ने करीब 20 घंटे तक चले अथक सर्च ऑपरेशन के बाद घटनास्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर डकरा गांव के समीप पुनपुन नदी से रुखसारा प्रवीण का शव बरामद किया। एसडीआरएफ अधिकारी नीलेश कुमार ने बताया कि पुनपुन नदी में पानी का बहाव काफी तेज था। तेज धारा के कारण शव की तलाश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिसके चलते अभियान में समय लगा। टीम लगातार नदी के अलग-अलग हिस्सों में खोजबीन करती रही, जिसके बाद शव बरामद किया गया।


रोते बिलखते लोग।

### वाहन चेकिंग अभियान में 2500 रुपये जुर्माना वसूला

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर प्रखंड क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर मंगलवार को कलेर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों में कमी पाए जाने पर तीन वाहनों से कुल 2500 रुपये जुर्माना वसूला गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कलेर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को कलेर स्थित सोन नहर पुल के समीप मुख्य सड़क पर करीब डेढ़ से दो घंटे तक वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों को रोककर आवश्यक कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट समेत अन्य यातायात नियमों की जांच की गई।जांच के दौरान अधिकांश वाहन सही पाए गए, जिन्हें पुलिस ने आवश्यक जांच के बाद जाने दिया। वहीं, तीन वाहनों में छोटी-छोटी कमियां पाए जाने पर नियमानुसार कुल 2500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। थाना अध्यक्ष ने वाहन चालकों से अपील की कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और अपनी सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।उन्होंने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए दोपहिया वाहन चालकों का हेलमेट पहनना, चारपहिया वाहन चालकों का सीट बेल्ट लगाना तथा वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखना बेहद जरूरी है।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंग्रेजी शराब के साथ दो लाइनर गिरफ्तार


सर आपके साथ गिरफ्तार लाइनर।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 48.750 लीटर अंग्रेजी शराब, एक ऑटो, दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में शराब के कारोबार से जुड़े दो कथित लाइनरों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तम कुमार ग्राम बंभई थाना शहर तेलपा जिला अरवल , बृजमोहन कुमार ग्राम गोपालपुर थाना मेहंदिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सरवरपुर-जमुहारी कैनाल पथ पर गुप्त सूचना के आधार पर नाथखसा के बुढ़वा महावीर मंदिर के समीप से की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि ऑटो के माध्यम से शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ऑटो का पीछा करना शुरू किया और नाथ खसा गांव स्थित बुढ़वा महावीर मंदिर के पास नाहर रोड पर उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने ऑटो की तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

**शराब कारोबार का मास्टरमाइंड बताया जा रहा बृजमोहन :** पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार बृजमोहन को शराब के अवैध कारोबार का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। बताया जाता है कि वह बाहर से शराब की खेप मंगाकर मेहंदिया थाना क्षेत्र में उसकी बिक्री कराता था। शराब की खेप को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए लाइनरों का इस्तेमाल किए जाने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस काफी दिनों से उत्तम कुमार को शराब के साथ गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी थी, लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ पा रहा था। इस बार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पीछा कर कार्रवाई की और उसे शराब की खेप के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

### ब्राउन शुगर व नगद रुपए के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मादक पदार्थों की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के दौरान चरपोखरी थाना पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। इस कड़ी में पुलिस ने ब्राउन शुगर एवं नगद रुपए के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मनैनी पिकेट के पास से सोमवार को हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 3.13 ग्राम ब्राउन शुगर, 21 सौ रुपये नगद एवं 1 मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार चरपोखरी थाना क्षेत्र के मानसागर गांव निवासी ददन साह का पुत्र सोनू कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि चरपोखरी थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के मनैनी पिकेट के पास मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची, तो पुलिस को देख वह भगाने का प्रयास करने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक दर्ज कर उसके नेटवर्क को खंगाल रही है।

**3.13 ग्राम ब्राउन शुगर, 21 सौ रुपये नगद एवं 1 मोबाइल बरामद**

# पांच प्रखंडों में हुआ सहयोग शिविर का आयोजन

**अरवल (एनएसबी) ।** अरवल जिला अंतर्गत 05 प्रखंडों में 'सहयोग शिविर नगर परिषद अरवल, नगर पंचायत कुर्था एवं जिले के कुल 13 पंचायतों में सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह सहयोग शिविर प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। सहयोग शिविर के सफल संचालन एवं सतत अनुश्रवण के क्रम में जिला पदाधिकारी अरवल द्वारा अरवल प्रखण्ड के खभैनी पंचायत, करपी प्रखण्ड के बेलखारा एवं शहर तेलपा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविरों का सतत अनुश्रवण किया गया। साथ ही, शिविर में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं, विभिन्न विभागों की उपस्थिति एवं प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा


निरीक्षण करते डीएम।

भी की गई। अरवल में आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति निम्नवत रही प्रखंड के प्यारेचक पंचायत में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए थे. जिनमें से 18 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। खभैनी पंचायत में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 35 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कुर्था प्रखंड के अहमदपुर हरना पंचायत में कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 08 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। वहीं इब्राहिमपुर पंचायत में कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 06 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। सोनभद्र वशी सूर्यपुर प्रखंड के चमंडी पंचायत में कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 06 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। खटांगी पंचायत में कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 09 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है।

कलेर प्रखंड के सकरी खुर्द पंचायत में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 07 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। पहलेजा पंचायत में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 07 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं टेरी पंचायत में कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 03 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। करपी प्रखंड के पुरैनिया शेखा पंचायत में कुल 07 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 07 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। शहर तेलपा पंचायत में कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 02 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। केयाल पंचायत में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 02 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। बेलखारा पंचायत में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 01 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं नगर परिषद अरवल क्षेत्र में कुल 433 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 393 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। साथ ही नगर पंचायत कुर्था क्षेत्र में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे. जिनमें सभी 12 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।

## सहयोग शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का पंचायत भवन में ही हुआ त्वरित समाधान

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत पहलेजा स्थित पंचायत भवन में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर ग्रामीणों के लिए काफी उपयोगी साबित हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और मामलों को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की। कई मामलों का मौके पर ही तत्काल समाधान किया गया, जबकि जिन मामलों में विभागीय स्तर पर कार्रवाई आवश्यक थी, उन्हें संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेज दिया गया।सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को छोटी-बड़ी सरकारी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर लगाने से राहत दिलाना रहा। पंचायत भवन में ही विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों की मौजूदगी से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला। इससे लोगों को समय और अनावश्यक भागदौड़ दोनों से राहत मिली।शिविर के दौरान एक सप्ताह पूर्व हुई सुरजी देवी की मृत्यु से संबंधित मृत्यु प्रमाण पत्र उनके परिजनों को तत्काल बनाकर उपलब्ध कराया गया। प्रमाण पत्र मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाने की कार्रवाई को ग्रामीणों ने सराहनीय बताया। ग्रामीणों का कहना था कि सामान्य तौर पर इस तरह के काम के लिए कई बार कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन सहयोग शिविर में समस्या का त्वरित समाधान होने से काफी सुविधा हुई।

इसके अलावा राजस्व, खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, विकास एवं पंचायत से जुड़े विभिन्न मामलों को भी शिविर में लिया गया। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदनों और समस्याओं की जांच कर संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई की। कुछ मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया गया।आज कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे सात को मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि यदि पंचायत स्तर पर समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित होते रहें तो ग्रामीणों को प्रखंड एवं जिला कार्यालयों का चक्कर लगाने से काफी हद तक मुक्ति मिल सकती है। खासकर बुजुर्ग, महिला और दूर-दराज के ग्रामीणों के लिए ऐसे शिविर काफी लाभदायक साबित हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से भविष्य में भी नियमित रूप से सहयोग शिविर आयोजित करने की मांग की। ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर भी संतोष देखा गया कि अलग-अलग विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहे और लोगों को अपनी समस्याएं रखने के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी भी दी तथा लंबित मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। सहयोग शिविर में जिला योजना पदाधिकारी, कलेर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार, प्रखंड समन्वयक पदाधिकारी सोहराब आलम, पहलेजा पंचायत के मुखिया मुंद्रिका सिंह, खाद्य आपूर्ति प्रखंड पदाधिकारी सिद्धनाथ पासवान, पंचायत सचिव उदय शंकर पासवान सहित राजस्व विभाग के पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य विभागो के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर की जा रही जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** खेल-खेल में पोषण का ज्ञान, स्वच्छत्ता से स्वस्थ बचपन की पहचान 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दी जा रही पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की सीख जिला पदाधिकारी, अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में अरवल जिले में 09 सितम्बर, 2026 से 08 अक्टूबर, 2026 तक एक माह के लिए 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी की थीम के साथ आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित विविध जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, अभिभावकों तथा आमजनों को सही पोषण, संतुलित आहार, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने तथा स्वस्थ एवं सुपोषित जीवन के लिए अच्छी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को खेल-खेल एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। बच्चों


जागरूक होते बच्चे।

को चरणबद्ध तरीके से सही ढंग से हाथ धोने की प्रक्रिया सिखाई गई तथा भोजन करने से पहले एवं शौचालय के उपयोग के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने के महत्त्व की जानकारी सरल एवं सहज तरीके से दी गई। बच्चों को स्वस्थ शरीर एवं समुचित शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार के महत्व से भी अवगत कराया गया। उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियों, दाल, अनाज, मौसमी फल एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से होने वाले लाभके बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, आसपास की साफ-सफाई, स्वस्थ खान-पान एवं अच्छी आदतों को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया जा रहा है। गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को केवल जानकारी देना ही नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए व्यवहारिक रूप से प्रेरित करना भी है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों एवं समुदाय के लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है कि सही पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली बच्चों के बेहतर भविष्य और सुपोषित समाज की मजबूत नींव है। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान विभिन्न विभागों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं समुदाय के सहयोग से जन-जागरूकता गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं, ताकि 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' की भावना को जन-जन तक पहुंचाते हुए स्वस्थ बच्चा, सुपोषित परिवार एवं स्वस्थ समाज के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

## विद्यालय निरीक्षण के दौरान डीएम ने किया बच्चों से संवाद


बच्चों से संवाद करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने मध्य विद्यालय खभैनी का किया औचक निरीक्षण। शैक्षणिक व्यवस्था एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा जिला पदाधिकारी, अमृषा बैंस द्वारा जिला अंतर्गत अरवल प्रखंड के खमैनी पंचायत में अवस्थित मध्य विद्यालय, खनैनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यालय में संचालित पठन-पाठन व्यवस्था, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, कक्षाओं के संचालन, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में संबंधित शिक्षकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जिला पदाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा स्वच्छता एवं अनुशासन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय सहित बच्चों के लिए उपलब्ध अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, बच्चों की नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने तथा विद्यालय में बेहतर एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा पठन-पाठन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा जिले के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय मशाल 2026 के मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिले में जिला स्तरीय मशाल 2026 के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली, द्वारा जिला स्तरीय मशाल 2026 के मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को मशाल 2026 के आयोजन को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध खेल सामग्री का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही खेल शिक्षकों की जिम्मेदारी होगी कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को खेल गतिविधियों में शामिल कराना सुनिश्चित करें।

जिला स्तरीय मशाल 2026 का आयोजन जिले के सभी 599 प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों में कराया जाएगा। इसका राज्य स्तरीय कार्यालय से 2 अक्टूबर 2026 को उद्घाटन किया जाना है। इसके बाद विद्यालयों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।


उद्घाटन करते जिला शिक्षा पदाधिकारी।

आयोजित होने वाली प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, साइकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल सहित अन्य खेल शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ना और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

जिले में जिला स्तरीय मशाल 2026 के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली, द्वारा जिला स्तरीय मशाल 2026 के मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को मशाल 2026 के आयोजन को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध खेल सामग्री का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही खेल

## एसडीपीओ ने कोईलवर में पुलिस को लेन ड्राइविंग का पालन कराने के दिए निर्देश



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के कोईलवर थाने में मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 रणजीत कुमार सिंह ने कोईलवर थाना क्षेत्र के मनभावन चैक स्थित स्थायी चेक पोस्ट एवं सकड्डी मोड़ पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक, यातायात एवं थानाध्यक्ष कोईलवर भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने तथा सड़क पर अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने का निर्देश दिया। विशेष रूप से कोईलवर-बबुरा रोड एवं आरा-पटना रोड पर जाम की समस्या से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने को कहा गया। पुलिसकर्मियों को वाहनों से लेन ड्राइविंग का सख्ती से पालन कराने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एचएचडी मशीन के माध्यम से जुमार्ना करने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने सभी पुलिस पदाधिकारियों व सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के साथ-साथ लगातार निगरानी भी जरूरी है। पुलिसकर्मियों को यातायात के सुचारू संचालन एवं आम लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए सक्रियता के साथ ड्यूटी करने को कहा गया।

# छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सुरक्षा प्राथमिकता

## बाढ़ प्रभावित एवं असुरक्षित विद्यालयों का संचालन तत्काल प्रभाव से स्थगित रखने का निर्देश

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली जिले में बाढ़ एवं जलजमाव की वर्तमान स्थिति को देखते हुए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी प्रभावित विद्यालयों की यथास्थिति का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि जिन विद्यालयों के परिसर अथवा भवनों में बाढ़ का पानी जमा है अथवा जिन विद्यालयों तक पहुंचने के मार्ग सुरक्षित नहीं हैं, ऐसे विद्यालयों का संचालन तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाए। उन्होंने संबंधित विद्यालयों की यथास्थिति का स्थल स्तर पर आकलन एवं भौतिक सत्यापन कराते हुए छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय कर्मियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि जलस्तर घटने के बाद भी विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में कीचड़, गंदगी तथा जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रह सकता है। साथ ही, डायरिया, डेंगू, मलेरिया सहित जलजनित एवं कीटजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए विद्यालयों की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में बच्चों एवं विद्यालय कर्मियों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रभावित विद्यालयों का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से स्थल निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। विद्यालय परिसर की समुचित साफ- सफाई, आवश्यकतानुसार ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन का छिड़काव तथा पेयजल स्रोतों के कीटाणुशोधन की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही, विद्यालय भवन की सुरक्षा का भी समुचित आकलन कराने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यथास्थिति के आकलन के दौरान जिन विद्यालयों के परिसर अथवा भवन में बाढ़ का पानी जमा पाया जाता है अथवा जिन विद्यालयों तक पहुंचने का मार्ग सुरक्षित नहीं पाया जाता है, ऐसे विद्यालयों का संचालन तब तक प्रारंभ नहीं किया जाए, जब तक विद्यालय एवं उसके पहुंच मार्ग को सुरक्षित नहीं कर लिया जाता। विद्यालयों के पुनः संचालन का निर्णय आवश्यक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जांच तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होने के बाद ही लिया जाएगा।

# डा. रत्नप्पा कुम्हार की जयंती पर स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को किया गया याद

**गोरौल (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर पंडित के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड मीडिया प्रभारी अरुण कुमार पंडित के आवास पर स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान सभा के सदस्य डा. रत्नप्पा कुम्हार की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा देश और समाज के लिए उनके योगदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि डा रत्नप्पा कुम्हार का जन्म 15 सितंबर 1909 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक साधारण कुम्हार परिवार में हुआ था। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपना जीवन देशसेवा के लिए समर्पित कर दिया।स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। 8 जुलाई 1939 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। इसके बावजूद वे लंबे समय तक भूमिगत रहकर स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे। उनके संघर्ष और देशभक्ति के कारण उन्हें 'देशभक्त रत्नप्पा कुम्हार' के नाम से जाना जाने लगा। डा रत्नप्पा कुम्हार ने संविधान सभा के सदस्य के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया। वर्ष 1952 में वे पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके बाद उन्होंने शिरोल विधानसभा क्षेत्र का भी लंबे समय तक प्रतिनिधित्व किया।वर्ष 1974 से 1978 तक वे महाराष्ट्र सरकार में गृह तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रहे।


जयंती में शामिल गणमान्य लोग।

वक्ताओं ने बताया कि डा. रत्नप्पा कुम्हार को महाराष्ट्र के सहकारिता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में गिना जाता है। उन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक और सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए तथा कई संस्थाओं की स्थापना में योगदान दिया। उनके सामाजिक योगदान को देखते हुए वर्ष 1985 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। वर्ष 1987 में पुणे विश्वविद्यालय ने उन्हें डी.लिट. की मानद उपाधि प्रदान की। डा. रत्नप्पा कुम्हार का निधन 23 दिसंबर 1998 को 89 वर्ष की आयु में हुआ। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष, देशभक्ति, सामाजिक सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। नई पीढ़ी को उनके जीवन और विचारों से सीख लेने की जरूरत है।

कार्यक्रम में श्री गौरी पंडित, डा. संतलाल पंडित, रामबाबू पंडित, सोहन पंडित, विश्वनाथ पंडित, लक्ष्मीकांत केसरी, मुकेश कुमार, शिवराज कुमार, बिंदेश्वर पंडित, अधिवक्ता डा. राधाकृष्ण कुमार, पिंकी कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें : एक नजर में

### कार और हाइवा की आमने सामने टक्कर में कार सवार दो युवकों की मौत , तीन घायल

**बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)।** कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्सलेन पुल पर चकसिकंदर के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार और हाइवा की आमने-सामने टक्कर हो गई। भीषण हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

मृतकों की पहचान ज्ञान रंजन (25), पिता उमेश राय, अमेर पंचायत और प्रिंस कुमार (25), पिता इंद्रजीत कुमार, मधुरापुर दिलावरपुर गोवर्धन गांव निवासी के रूप में हुई है। वहीं घायलों में बिदुपुर थाना क्षेत्र के मायाराम हाट निवासी विशाल कुमार (32), पिता रंजीत राय की पहचान हुई है। गंभीर रूप से घायल विशाल कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया है। अन्य घायलों की पहचान की जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार और हाइवा के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई।

### घर पर इश्तहार चिपकाए जाने से परिजन सदमे में, न्याय की मांग

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ थाना के द्वारा एक मकान पर इश्तिहार चिपका दिए जाने के बाद उस घर में रहने वाले गृह स्वामी काफी सदमे है। इश्तिहार चिपका दिये जाने के बाद उस मकान में रहने वाली लक्ष्मी देवी पति राजीव कुमार सिंह ने इस घटना से परेशान होने के कारण महुआ थाने में आवेदन देते हुए पूरी सच्चाई से अवगत कराते हुए इस मामले में गहन छानबीन करने के साथ साथ उचित न्याय की गुहार लगाई है। भुक्तभोगी महिला लक्ष्मी देवी ने पुलिस अधीक्षक वैशाली, डीएसपी महुआ के साथ-साथ तिरहुत परिक्षेत्र के पुलिस महा निरीक्षक को आवेदन की प्रतिलिपि भेज कर इस मामले से मुक्त किये जाने की गुहार लगाई है।

### पात्र लाभुकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने में वैशाली राज्य में प्रथम

**जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन मोड में जारी है अभियान, अब तक 25,121 पात्र लाभुकों के राशन कार्ड निर्गत**

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में वैशाली जिला प्रशासन को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। नए राशन कार्ड के निर्गमन में वैशाली जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में पात्र लाभुकों के राशन कार्ड निर्गमन के लिए कैंप मोड में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत अब तक 25,121 पात्र लाभुकों के राशन कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा राशन कार्ड निर्गमन की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पात्र लाभुकों के आवेदनों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि पात्र परिवारों को बिना अनावश्यक विलंब के सरकार की खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके।

जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी पात्र लाभुक राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। पात्र परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसी उद्देश्य से अभियान को लगातार जारी रखते हुए पात्र लाभुकों को चिति करने, आवेदनों के निष्पादन तथा राशन कार्ड निर्गमन की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जा रहा है।

जिला प्रशासन की यह पहल जिले के पात्र परिवारों को लक्षित जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राशन कार्ड निर्गमन का यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा, ताकि शेष पात्र लाभुकों को भी शीघ्र राशन कार्ड उपलब्ध कराया जा सके।

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर मंत्री ने की बैठक

**17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक '25 साल, 25 कहानियाँ', 'सेवा ज्योति यात्रा' एवं 'सेवा स्मरण' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जन भागीदारी बढ़ाने पर जोर**

**सभी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारियों को कार्यक्रमों के सफल आयोजन के दिए निर्देश**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षो के सेवा एवं समर्पण तथा 'विकसित भारत- 2047' के सामूहिक संकल्प से संबंधित 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर मंत्री डा प्रमोद कुमार, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।


मंत्री डा. प्रमोद कुमार, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार

बैठक में अभियान के तहत कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एवं नोडल के रूप में संचालित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। मंत्री ने सभी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्यक्रमों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करते हुए संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों को सफल बनाया जाए।

मंत्री ने कहा कि कला एवं संस्कृति के माध्यम से सेवा, समर्पण और 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक दलों, युवाओं एवं आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

17 सितम्बर से विभिन्न जिलों में संगीतमय एवं नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सेवा, समर्पण एवं 'विकसित भारत-2047' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। वहीं 2 अक्टूबर को पटना, भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा में विशेष मंचन होगा।

मंत्री ने निर्देश दिया कि 'सेवा स्मरण' के अंतर्गत प्रत्येक जिले में लगभग 1820 नाट्य टोलियों नुक्कड़ नाट्य टोलियों की पहचान कर उन्हें कार्यक्रम से जोड़ा जाए। विद्यालयों में प्रस्तुतियां आयोजित कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अभियान से जोड़ा जाए।

जिला, प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर जनभागीदारी आधारित 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। इसमें युवाओं एवं सांस्कृतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। यात्रा के समापन स्थल पर जनकल्याणकारी योजनाओं, लाभार्थी संवाद एवं 'विकसित भारत - 2047' के संकल्प से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भारत की विकास यात्रा की 25 प्रमुख योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली क्यूरेटेड किट तैयार की जाएगी। इसमें संबंधित योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी के साथ शामिल होंगे। निर्धारित गणमान्य व्यक्तियों को यह किट उपलब्ध कराई जाएगी।

मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कलाकारों, सांस्कृतिक दलों एवं अन्य सांस्तिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यक्रमों का सोशल मीडिया, रील्स एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्ध लोक कला, लोक संगीत एवं लोक नाट्य परंपरा को 'सेवा संकल्प अभियान' से जोड़कर इसे व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से पूरी प्रतिबद्धता, सक्रियता एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## खबरें खास-खास

### महावीर मंदिर में श्रद्धापूर्वक किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ नगर परिषद क्षेत्र के पुरानी बाजार में स्थित महावीर मंदिर में प्रत्येक मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी हर्षोल्लास के साथ साप्ताहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया ।सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी अनिल तिवारी ने वीर हनुमान जी का विधि विधान से पूजा अर्चना किए । उसके बाद सभी लोग एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती किया तत्पश्चात बाद प्रभु का लगा भोग प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके दीपुद्दत चौधरी , संजय गुप्ता , शंकर पटवा, णाल जयसवाल , प्रो अरुण गुप्ता , साहिल ठाकुर ,अभय गुप्ता संतोष सोनी, मंटू तिवारी ,अमन कुमार , सत्यम समीर , मधु निशा , विनोद साह , मोहन सिंह , अमरनाथ गुप्ता , रजंन ठाकुर , अमन ओझा , संतोष कुमार , विकाश जयसवाल , राजकमल जायसवाल सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### विष्णुपद मंदिर के समग्र विकास को 2520 करोड़, फल्गु नदी जोड़ योजना को 996.05 करोड़ : शिबगतुल्लाह खान उर्फ टूटू खान

**गया को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में बड़ी पहल**


विष्णुपद मंदिर ।


फल्गु नदी ।

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** विश्वप्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर परिसर के समग्र विकास और फल्गु नदी जोड़ योजना को लेकर बिहार सरकार ने बड़ी पहल की है। दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए कुल 351605 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीति दी गई है। इसमें विष्णुपद मंदिर परिसर के विकास के लिए 2520 करोड़ और फल्गु नदी जोड़ योजना के लिए 996.05 करोड़ रुपये शामिल हैं। योजना के माध्यम से विष्णुपद परिसर को काशी विश्वनाथ करिडोर की तर्ज पर विश्वस्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम होगा। हम के जिलाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि शिबगतुल्लाह खान उर्फ टूटू खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विष्णुपद मंदिर में पितृपक्ष के अलावा वर्षभर देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के समग्र विकास से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा गया को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। फल्गु नदी जोड़ योजना से नदी में निरंतर जल प्रवाह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इससे पिंडदान, तर्पण और अन्य धार्मिक अनुष्ठान सुगमता से हो सकेंगे। साथ ही गया और औरंगाबाद के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा, जल उपलब्धता, औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और बिहार की जनता के प्रति आभार जताया।

उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने पर गया की हजारों वर्ष पुरानी धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा को मजबूती मिलेगी और रोजगार, व्यापार तथा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का यह सपना था कि सोन नहर का पानी सीधे गया जी के घोड़ा घाट में गिरे और उसके बाद फल्गु नदी में पानी आए। फल्गु नदी में कम से कम 10 फीट पानी का हमेशा भराव बना रहे और नौका विहार हो तथा देश-विदेश के पर्यटकों तथा तीर्थयात्रियों को भी उसका लाभ मिल पाए।

### हरितालिका तीज पर्व सुहागिनों ने निर्जला व्रत पानी से तोड़ा, शिव-पार्वती की आराधना में लीन रहीं महिलाएं







**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** हरितालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया है। सोमवार के सुबह से ही सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना को लेकर पूरे दिन निर्जला व्रत रखा है। कल शाम के समय व्रती महिलाओं ने नए वस्त्र और आभूषण धारण कर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गयी थी। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से तीज व्रत की कथा सुनी और शिव-पार्वती की आराधना की थी।आज उसी स्थान पर जाकर प्रसाद और शर्बत पिकर निर्जला व्रत को तोड़ा है । वती महिलाओं ने माता पार्वती से अखंड सौभाग्य, परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की है।

नवविवाहित महिलाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला है। कई घरों में मायके से आए तीज के सामान और प्रसाद के साथ पारंपरिक तरीके से पूजा की तैयारी की गई थी। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पूजा में शामिल हुई है।इस दौरान पारंपरिक रूप से तैयार पूरी, खीर, दही, फल-फूल आदि से उदयमान चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। महिलाओं को अनुसार चौक-चंदा पर्व क्षेत्र की लोक परंपरा और सांस्तिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है।

# तारा स्कूल में हिन्दी दिवस के अवसर पर काव्य-गोष्ठी आयोजित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रूसकरी गली, पटना स्थित प्रभु तारा स्कूल में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक काव्य-गोष्ठी संपन्न हुई , जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया ।



प्रभु तारा स्कूल में हिन्दी दिवस के अवसर पर काव्य-गोष्ठी ।

समारोह की अध्यक्षता साहित्यकार व समाज सेवी कमल नयन श्रीवास्तव ने की । मोहम्मद एहसान अली , अखिलेश्वर सिन्हा, मनोज उपाध्याय, कुमारी दीपक, आदित्य राज , मौसम राज ,आदि की कविताएँ खूब सराही गयीं । रोहित कुमार, अभिषेक रंजन, प्रशांत पाण्डेय, रिया कुमारी, संगीता सिन्हा, अवनीश , आयूष ,समर्थ राज , आदि की भी कविताएँ प्रभावी रहीं ।

इस अवसर पर हिन्दी के प्रचार-प्रसार का संकल्प दुहराया गया । सरकार से यह मांग की गयी कि वह न्यायपालिका, बैंकिंग सहित सभी क्षेत्रों में हिन्दी को अनिवार्य बनाए। बिहार में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं से संबद्ध संस्थानों को पुनर्जीवित किया जाए ।

श्रीवास्तव ने कहा कि स्कूल द्वारा बच्चों में जो हिन्दी का संस्कार दिया जा रहा है, वह सराहनीय है ।

प्रधानाचार्य मनोज उपाध्याय ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने पर बल दिया ।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रशांत पाण्डेय ने किया जबकि निदेशक मुकेश कुमार ने आभार ज्ञापन किया ।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंची 'चिराग का भरोसा' टीम, बांटी राहत सामग्री

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मुश्किलों को देखते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर मंगलवार को 'चिराग का भरोसा' टीम विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंची और राहत सामग्री का वितरण किया। पार्टी टीम ने महनार नगर के वार्ड संख्या 18, महनार प्रखंड के अल्लीपुर हट्टा, हसनपुर दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 01 एवं 05 तथा हसनपुर उत्तरी पंचायत के वार्ड संख्या 10 एवं 12 में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों का हाल जाना।

इस दौरान जरूरतमंद पीड़ित परिवारों के बीच सूखा राशन, राहत सामग्री किट एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। राहत सामग्री मिलने से प्रभावित परिवारों ने राहत महसूस की।

टीम के सदस्यों ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी गुड्डू जायसवाल ने दी है।

# 17 सितम्बर की शाम हर घर जलाएं 'आशीर्वाद का दीया' : मिथिलेश तिवारी

**राज्य के करीब दो करोड़ विद्यार्थियों और छह लाख शिक्षकों से शिक्षा मंत्री का आह्वान**

**बोले-यह छोटा सा प्रयास विकसित भारत के संकल्प की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने राज्य के करीब दो करोड़ छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और छह लाख शिक्षकों से 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितम्बर की शाम आधुनिक भारत के विश्वकर्मा और कर्मशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अपने-अपने घरों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर 'आशीर्वाद का दीया' जलाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा प्रयास देश के प्रति हमारी तज्ञता और विकसित भारत के संकल्प की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा।


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ।

श्री तिवारी ने मंगलवार को कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश ने बीते वर्षो में चतुर्दिक विकास और सुशासन की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। महिलाओं को सम्मान और युवाओं को उड़ान भरने का अवसर मिला है। भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। डीबीटी और डिजिटल भुगतान के विस्तार से बिचौलियों की भूमिका काफी कम हुई है। जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय, यानी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण, प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में रहा है। गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज और आवास जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकारी सेवाओं के व्यापक डिजिटलीकरण से शासन और जनता के बीच की दूरी भी कम हुई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कठिन दौर में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने जिस सूझ-बूझ और ढ़ता के साथ चुनौती का सामना किया, उसकी व्यापक सराहना हुई। भारत में निर्मित वैक्सीन ने देश के साथ-साथ दुनिया के कई देशों को भी मदद पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश के बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार और पुनर्निर्माण हुआ है। सड़क, रेल, डिजिटल कनेक्टिविटी और अन्य क्षेत्रों में हुए विकास से देश की गति तेज हुई है। साथ ही, नागरिकों को सम्मानजनक जीवन और उनके बुनियादी अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।

श्री तिवारी ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' केवल विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों तक सीमित नहीं है। उन्होंने आम लोगों से भी इस अभियान से जुड़ने और अपने भाव प्रकट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से सेवा, सुशासन और विकसित भारत का संकल्प और मजबूत होगा।